नई दिल्ली
शनिवार 27 जून 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 30, अंक : 69
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 40
न्यून. 32

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



11 20 वर्षीय माया से भिड़ेंगी 44 साल की सेरेना

**चढ़ावा चोरी मामले में 8 आरोपी गिरफ्तार, पहली एफआईआर में बड़े पदाधिकारियों के नाम नहीं**

महंत नृत्य गोपाल दास को सौंपा त्यागपत्र, ट्रस्टी नृपेंद्र मिश्रा ने की पुष्टि

## राम मंदिर चढ़ावा प्रकरणः चंपत राय और डॉ. अनिल मिश्रा ने ट्रस्ट से दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶ लखनऊ

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। दोनों ने अपना त्यागपत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास को सौंप दिया है। ट्रस्ट के ट्रस्टी नृपेंद्र मिश्रा ने दोनों के इस्तीफे की सूचना मिलने की पुष्टि की है। वहीं, चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। अब तक रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत कुल आठ आरोपियों को



चंपत राय



अनिल मिश्रा

गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस सभी आरोपियों को आज अदालत में पेश करेगी। इससे पहले गुरुवार देर ▶▶ शेष पेज 5 पर

राजीव शुक्ला ने कहा- श्रीराम मंदिर ट्रस्ट को तुरंत भंग किया जाए, भाजपा-आरएसएस के नेताओं की जगह साधु-संतों को सौंपी जाए ट्रस्ट संचालन की कमान

**श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की चोरी पर बोली कांग्रेस**

## भाजपा-आरएसएस ने श्रद्धालुओं की आस्था के साथ विश्वासघात किया, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो जांच

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावे और चंदे की चोरी को भाजपा-आरएसएस द्वारा श्रद्धालुओं की आस्था के साथ विश्वासघात बताते हुए कांग्रेस ने पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में कराने की मांग की है।



छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद और कांग्रेस कार्य समिति के स्थाई ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बड़े गुनहगारों को बचाया जा रहा

राजीव शुक्ला ने मामले में दर्ज एफआईआर और अब तक की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि छोटे कर्मचारियों के नाम आगे कर बड़े गुनहगारों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने पूछा कि क्या बड़े-बड़े लोगों की मिलीभगत और सहमति के बिना कोई छोटा कर्मचारी सीसीटीवी कैमरे बंद करके हजारों करोड़ रुपये का चढ़ावा चोरी कर सकता है? उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मुमकिन ही नहीं है।

### योजना के तहत मंदिरों के ट्रस्टों पर कब्जा

भाजपा में मंदिर प्रकोष्ठ बनाए जाने पर सवाल उठाते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि इससे पहले कभी किसी राजनीतिक दल में ऐसा कोई प्रकोष्ठ नहीं सुना गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस एक सोची-समझी योजना के तहत देश के बड़े-बड़े मंदिरों के ट्रस्टों पर कब्जा करना चाहते हैं; उनकी मंशा साफ है कि पहले ट्रस्टों ▶▶ शेष पेज 5 पर

## भाजपानीत केंद्र सरकार पर दोहरे मानदंड का आरोप

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने अयोध्या स्थित में दान राशि गबन मामले को लेकर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की जांच सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश की निगरानी में कराने की मांग की है। वेणुगोपाल ने कहा कि स्वयं को हिंदुत्व का सबसे बड़ा रक्षक बताने वाले लोगों की वास्तविकता अब सामने आ गई है। उनका आरोप है कि अयोध्या का राजनीतिक लाभ लेने के बाद अब आम श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर में दिए गए दान का भी दुरुपयोग किया गया है।

**एनजीओ के लिए कड़े नियम, जिनका पंजीयन भी नहीं उन्हें खुली छूटः** कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि एक ओर केंद्र सरकार विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### 7वीं-9वीं में नहीं लागू होगी 'नई भाषा नीति'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 7वीं, 8वीं और 9वीं के छात्रों को बड़ी राहत दी है। दो विदेशी भाषाएं चुन चुके छात्र 10वीं तक उसी भाषा संयोजन के साथ पढ़ाई जारी रख सकेंगे। दो भारतीय भाषाएं पढ़ने की अनिवार्यता केवल कक्षा 6 से नए छात्रों पर लागू होगी।



### महेश दीक्षित बने देश के नए आईबी प्रमुख

**नई दिल्ली।** आईपीएस अधिकारी महेश दीक्षित को भारत की आंतरिक खुफिया एजेंसी, इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। वे देश के पहले ऐसे इंटेलिजेंस चीफ होंगे जो पेशे से एक मेडिकल डॉक्टर भी हैं। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने उनके नाम को मंज़ूरी दे दी है।



**नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की गृह मंत्री ने की अध्यक्षता**

नक्सल को उखाड़ने के बाद अब ड्रग माफिया पर अमित शाह की टेढ़ी नजर

'विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029' का विमोचन

# ड्रग्स के पूरे ईकोसिस्टम को 3 वर्षों में ध्वस्त करने का दावा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार अगले तीन वर्षों में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के पूरे ईकोसिस्टम पर ऐसा प्रहार करेगी कि यह नेटवर्क दशकों तक दोबारा खड़ा नहीं हो पाएगा। उन्होंने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई केवल तस्करों के खिलाफ नहीं, बल्कि पूरे संगठित नेटवर्क, उसकी फंडिंग और अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन को समाप्त करने की लड़ाई है।

नक्सल को देश से खत्म करने के अभियान के बाद ड्रग माफिया पर करारे प्रहार की घोषणा कर अमित शाह ने समाज के इस कोढ़ को नेस्तानाबूद करने का दावा कर समाज में सकारात्मक संदेश दिया है। नार्को-कोऑर्डिनेशन सेंटर की 10वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमित शाह ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की 'विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029' का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने ऑनलाइन 'ड्रग्स डिस्पोज़ल फोर्टनाइट कैंपेन' की भी शुरुआत की। इस अभियान के तहत देशभर में 6,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के लगभग 2,09,500 किलोग्राम मादक पदार्थों को नष्ट करने का लक्ष्य रखा गया है।

*'एनसीबी वार्षिक रिपोर्ट-2025' का विमोचन*

*ऑनलाइन 'ड्रग्स डिस्पोज़ल फोर्टनाइट कैंपेन' की भी शुरुआत*




### 'डिटेक्ट, डिसरप्ट और डिस्ट्रॉय' के सिद्धांत की रणनीति

गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की रणनीति 'डिटेक्ट, डिसरप्ट और डिस्ट्रॉय' के सिद्धांत पर आधारित होगी। उन्होंने कहा कि मानव और तकनीकी खुफिया तंत्र, सामुदायिक पुलिसिंग तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से ड्रग्स के स्रोत से लेकर उसके सरगनाओं (किंगपिन) तक पूरे नेटवर्क को समाप्त किया ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अर्जित संपत्ति को फ्रीज और जब्त करें

उन्होंने सभी राज्यों से अपनी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को पूर्णकालिक, समर्पित, आधुनिक संसाधनों से लैस तथा जवाबदेह इकाइयों के रूप में विकसित करने का आह्वान किया। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जन-जागरूकता अभियान चलाएं

ड्रग्स की मांग कम करने के लिए अमित शाह ने अभिभावकों, शिक्षकों, शैक्षणिक संस्थानों, युवा संगठनों तथा विभिन्न मंत्रालयों की भागीदारी से 'ड्रग्स फ्री जोन' विकसित करने और व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज की सक्रिय भागीदारी के बिना इस चुनौती से प्रभावी ढंग से नहीं निपटा जा सकता। उन्होंने कहा कि बड़े मामलों में शीघ्र सजा सुनिश्चित करने के लिए गृह मंत्रालय विशेष एनडीपीएस अदालतों के गठन की दिशा में कार्य कर रहा है। साथ ही ▶▶ शेष पेज 5 पर



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने एक्स पोस्ट के जरिए दी है यह जानकारी

## वेनेजुएला को मदद के लिए भारत ने लांच किया 'ऑपरेशन अमिस्ताद', 2 सी-17 विमान रवाना

*35 टन से अधिक राहत सामग्री, सेना की 60 पैरा फील्ड अस्पताल की 41 सदस्यीय टीम पहुंचाएगी मदद*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वेनेजुएला में आए भयावह भूकंप के बाद बड़े पैमाने पर हुई जानमाल की क्षति के बीच तत्काल मदद पहुंचाने के लिए भारत ने शुक्रवार को 'ऑपरेशन अमिस्ताद' की शुरुआत कर दी है। अमिस्ताद शब्द का स्पेनिश भाषा में अर्थ मित्रता होता है। विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने अपनी एक्स पोस्ट में इस अभियान का औपचारिक रूप से ऐलान करते हुए बताया, अमिस्ताद जारी है हिंडन एयरबेस से वायुसेना के 2 सी-17 विशालकाय परिवहन विमान 6 टन मेडिकल सप्लाई सहित कुल 35 टन से अधिक जरूरी राहत सामग्री (भीष्म क्यूब, एंबुलेंस शामिल), 60 पैरा फील्ड अस्पताल के 41 कर्मियों की टीम लेकर दक्षिण-अमेरिका के इस महत्वपूर्ण देश की ओर उड़ान भर चुके हैं। शनिवार को यह दोनों विमान वेनेजुएला पहुंच सकते हैं, जिसमें मौसम की अहम भूमिका रहेगी।

### सबसे लंबी दूरी का राहत अभियान

बताते चलें कि यह पूरा घटनाक्रम इस अत्यंत दुखद प्राकृतिक आपदा को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जताई गई शोक-संवेदनाओं के तुरंत बाद सामने आया है। जिसमें नई दिल्ली ने संकट की इस घड़ी में अपने मित्र देशों को तुरंत मदद पहुंचाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ दोहराया है। अमिस्ताद भारत का पहला सबसे लंबी दूरी वाला राहत अभियान है। भारत-वेनेजुएला के बीच हवाई दूरी लगभग 15 हजार किलोमीटर से ज्यादा है। जिसमें सामान्य यात्रियों को 24 से 32 घंटे तक का वक्त लग जाता है। दिल्ली से कराकस के बीच कोई सीधी फ्लाइट नहीं है। पूर्व में भारत ने कैरेबियन सागर वाले दो देशों क्यूबा और जमैका को 2025 में आए तूफान मेलिसा के बाद चलाए गए राहत अभियान के जरिए सहायता प्रदान की थी।

**अस्पताल से जरूरतमंदों को मिलेगा इलाजः** सेना ने बताया कि भूकंप से सबसे ज्यादा प्रभावित ▶▶ शेष पेज 5 पर

**सैनी ने हरियाणा विजन-2047 के तहत 'सेवा' विभाग के अगले 5 साले के रोडमैप व कार्ययोजना की समीक्षा बैठक में दिए विस्तृत दिशा-निर्देश**

## हरियाणा में नशे की रोकथाम के लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बनेगी ज्वाइंट टास्क फोर्सः नायब

**नशामुक्ति केंद्र से निकले व्यक्तियों को कौशल ट्रेनिंग देकर नौकरी के लायक बनाया जाएगा**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में नशे की रोकथाम के लिए ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में ज्वाइंट टास्क फोर्स बनाई जाएंगी जो नशे की बिक्री को रोकने और इसके कारोबार में लगे व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाएंगी। इस टास्क फोर्स को इतना सशक्त बनाया जाएगा कि नशे के सौदागरों के मन में इसे लेकर इतना डर पैदा होगा कि वे इस काम से तौबा कर लेंगे। मुख्यमंत्री ने यह बात शुक्रवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में हरियाणा विजन-2047 के तहत सामाजिक न्याय तथा अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय (सेवा) विभाग के अगले 5 साल के रोडमैप व कार्ययोजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते ▶▶ शेष पेज 5 पर

## युवक कांग्रेस अध्यक्ष रहे श्रीनिवास को कांग्रेस सेवादल की कमान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष ने संगठन में महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी. श्रीनिवास को कांग्रेस सेवा दल का चीफ कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। इसके साथ ही पार्टी नेतृत्व ने निवर्तमान मुख्य आयोजक लालजी देसाई के संगठन के प्रति योगदान की सराहना करते हुए उनके कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया है। कांग्रेस सेवा दल पार्टी का सबसे पुराना और



महत्वपूर्ण संगठनात्मक प्रकोष्ठ माना जाता है, जिसकी जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना, संगठनात्मक अनुशासन बनाए रखना, जनसंपर्क कार्यक्रमों का संचालन और विभिन्न आंदोलनों एवं अभियानों में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। ऐसे में बी.वी. श्रीनिवास की नियुक्ति को संगठनात्मक दृष्टि से अहम माना जा रहा है। बी.वी. श्रीनिवास लंबे समय तक भारतीय युवा कांग्रेस का नेतृत्व कर चुके हैं और विशेषकर कोविड-19 महामारी के दौरान जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए चलाए गए राहत अभियानों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहे थे। पार्टी नेतृत्व ने उन्हें संगठनात्मक अनुभव और कार्यकर्ताओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस आगामी ▶▶ शेष पेज 5 पर

**मलबे में तड़पती मां ने दिया बच्चे को जन्म**

## मौत के मलबे से गूंजी किलकारी



**काराकास।** विनाशकारी भूकंप की मार झेल रहे वेनेजुएला के कराकस शहर से तबाही के बीच एक कुदरती चमत्कार सामने आया है। यहां चारों तरफ कांक्रीट के ढेर और मौत के सन्नाटे के बीच मलबे के नीचे फंसी एक गर्भवती महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। जिंदगी और मौत के बीच झूलते हुए भारी मलबे के दबाव और असहनीय प्रसव पीड़ा के बावजूद महिला ने हिम्मत ▶▶ शेष पेज 5 पर

## 'छात्रों की गूंज' कांग्रेस का देशव्यापी अभियान, 28 शहरों में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर केंद्र को घेरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली और कथित पेपर लीक मामलों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ अपना राष्ट्रव्यापी 'छात्रों की गूंज' अभियान तेज कर दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को देश के 28 शहरों में एक साथ प्रेस वार्ताएं आयोजित कर शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग उठाई। कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा राजस्थान के कोटा से शुरू किया गया 'छात्रों की गूंज' अभियान देशभर के युवाओं के बीच व्यापक समर्थन प्राप्त कर रहा है।



### शिक्षा व्यवस्था 'भयावह वसूली तंत्र' में तब्दील

जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि केंद्र की शिक्षा व्यवस्था 'भयावह वसूली तंत्र' में बदल गई है तथा लगातार पेपर लीक और परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं ने लाखों छात्रों को निराशा में धकेल दिया है। उन्होंने दावा किया कि देशभर के छात्र केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री के समर्थन के कारण वे पद पर बने हुए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षा मंत्री ने छात्रों को 'आतंकवादी' कहकर उनका अपमान किया। ▶▶ शेष पेज 5 पर

**5 सैनिक भारतीय सेना और 1 वायुसेना का है। 2 को मरणोपरांत वीरता पुरस्कारों से किया गया सम्मानित**

## सरकार ने पहली बार सार्वजनिक किए ऑपरेशन सिंदूर के 6 शहीदों के नाम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने पहली बार ऑपरेशन सिंदूर के 6 शहीदों के नाम सार्वजनिक किए हैं। जिनमें 5 थलसेना और 1 भारतीय वायुसेना का जवान शामिल है। सभी शहीदों के नाम राजधानी स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (एनडब्ल्यूएम) की वेबसाइट के 'रोल ऑफ ऑनर' सेक्शन में प्रकाशित किए गए हैं। इसके अलावा आधिकारिक रूप से देश के अन्य शहीदों के समान ही इन शहीदों के नाम स्मारक के त्याग चक्र की वॉल नंबर 3डी के वर्ष 2025 के सेक्शन में भी सम्मान पूर्वक अंकित किए गए हैं। पूर्व में इस चार दिवसीय अभियान में हुई सैन्य क्षति को लेकर देश में तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही थी। लेकिन अब सरकार ने




पहली बार 6 शहीदों के नाम जारी कर आधिकारिक रूप से मामले में तस्वीर को पूरी तरह से साफ कर दिया है। जबकि पूर्व में केंद्र ने इस बारे में कोई जानकारी साझा नहीं की थी।

**पहलगाम हमले का जवाब बना 'सिंदूर':** गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले (22 अप्रैल 2025 को हुआ, पाक के टीआरएफ के आतंकियों ने 26 लोगों को हत्या कर दी) के जवाब में सशस्त्र सेनाओं ने पिछले साल 7 से 10 मई तक जम्मू-कश्मीर में अंतरराष्ट्रीय सीमा या नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर अभियान चलाया था। जिसमें लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद सहित पाकिस्तान समर्थित कई अन्य आतंकी संगठनों के कुल 9 शिविरों में मौजूद 100 से अधिक आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया था। जिससे बौखलाए पाकिस्तान ने भारत की समूची पश्चिमी-सीमा के इलाके में बड़े पैमाने पर ड्रोन, मिसाइलों से हमला बोला था। लेकिन दुश्मन को कोई प्रयास सफल नहीं रहा, उसे मुंह की खानी पड़ी। साथ ही उसने अंत में 10 मई की शाम 5 बजे ▶▶ शेष पेज 5 पर

### युद्ध स्मारक की विशेषता

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक को 25 फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया था। यह आजाद भारत की किसी सरकार द्वारा बनाया गया पहला स्मारक है। जिसमें 1947 के बाद से लड़े गए तमाम युद्धों, संघर्षों और अभियानों के दौरान राष्ट्र सेवा का दायित्व निभाते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान करने वाले सैन्य योद्धाओं के नाम सहित उल्लेख किया गया है। हर साल यहां विभिन्न युद्धों-अभियानों की वर्षगांठ के मौके पर देश के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व और सैन्य अधिकारियों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। यह स्मारक इंडिया गेट गोल चक्कर पर 44 एकड़ में बनाया गया है। वहीं, दूसरी ओर स्मारक की वेबसाइट की बात करें तो उसके रोल ऑफ ऑर्नर सेक्शन में कुल 26 हजार 626 शहीदों के नाम अंकित किए गए हैं।

# सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन की मौत

■ मामले में फैक्ट्री मालिक समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



बाहरी दिल्ली के मुंडका औद्योगिक इलाके में शुक्रवार को एक फैक्टरी के सेप्टिक टैंक में जहरीली गैस की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अरूण (38), संदीप (32) और चंद (42) के तौर पर हुई है। सभी सुल्तानपुरी इलाके में इंद्रा झील के रहने वाले थे। तीनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये संजय गांधी अस्पताल भिजवाया गया है। पुलिस ने मामले के संबंध केस दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें फैक्ट्री मालिक सूरज मारवाह (50), जयंत (61) और कांट्रैक्टर नीरज (35) शामिल हैं।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) से मिली जानकारी के मुताबिक, दोपहर करीब 12 बजे सूचना मिली थी कि मुंडका औद्योगिक इलाके में सेप्टिक टैंक में कुछ लोग फंस गए हैं। इसके बाद एक टीम को मौके पर भेजा गया। डीएफएस ने बताया कि तीन लोग एक-एक करके सेप्टिक टैंक में उतरे थे और वे जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। दोपहर करीब 1.30 बजे, अग्निशमन सेवा ने एसडीएम को बुलाने का आग्रह किया जिसके बाद जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के जरिए मुंडका के एसडीएम को इसकी जानकारी दी गई। डीएफएस की टीम ने जब बेहोश लोगों को टैंक से निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। शुरुआती जांच में पुलिस का कहना है कि घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि मारवाह प्रिंटर्स ने मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया की गली नंबर 1 में अपनी फैक्ट्री के अंदर बने सेप्टिक टैंक की सफाई के लिए नांगलोई के रहने वाले नीरज को काम पर रखा था। नीरज और तीन अन्य लोग टैंक की सफाई कर रहे थे, तभी यह घटना हुई। कानून की संबंधित धाराओं के तहत उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## मजदूरों की मौत प्रशासनिक लापरवाही, मुआवजा और रोजगार दे सरकार: यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि मुंडका इंडस्ट्रियल एरिया में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान हुई तीन मजदूरों की मौत बेहद दुखद और प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। यादव ने मांग की है कि तीनों मृतकों मजदूरों के परिजनों को पर्याप्त आर्थिक मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को रोजगार तथा सभी आवश्यक सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा है कि राजधानी के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में सेप्टिक टैंक और सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना सरकार व संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है। इसलिए बिना सुरक्षा उपकरण और आवश्यक अनुमति के किसी भी श्रमिक से ऐसा कार्य न कराया जाए, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। यादव ने मांग की है कि इस हादसे की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच कर जिम्मेदार पक्षों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए , मृतक मजदूरों के परिजनों को पर्याप्त आर्थिक मुआवजा दिया जाए , पीड़ित परिवार के एक सदस्य को रोजगार तथा सभी आवश्यक सरकारी सहायता जल्द से जल्द उपलब्ध कराई जाए, सभी औद्योगिक क्षेत्रों में सेप्टिक टैंक और सीवर की सफाई के दौरान सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए और बिना सुरक्षा उपकरण और आवश्यक अनुमति के किसी भी श्रमिक से ऐसा कार्य न कराया जाए। यादव ने कहा कि श्रमिकों की सुरक्षा केवल कागजों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। सरकार और संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है कि वे प्रत्येक मजदूर के जीवन की रक्षा के लिए कानूनों और सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन कराएं, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# धौला कुआं सबवे के अंदर बुजुर्ग राजमिस्त्री की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली कैंट थाना अंतर्गत धौला कुआं सबवे के अंदर 62 वर्षीय राजमिस्त्री की कई बार चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक का नाम चंपई बताया गया है। वह पूर्वी सिंहभूम, झारखंड का रहने वाला था और कुछ घंटे पहले ही दिल्ली आया था। उसे आगे राजस्थान जाना था, इसके लिये वह धौला कुआं पहुंचा था। पुलिस ने दावा किया कि कुछ ही घंटे की तफ्तीश के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह वारदात स्थल के नजदीक ही छिपा हुआ था। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह लगभग पौने सात बजे, धौला कुआं चौकी को सूचना मिली कि सबवे के अंदर एक व्यक्ति खून से लथपथ हालत में पड़ा है। पीड़ित की पहचान बाद में चंपई के रूप में हुई। उसे कई बार चाकू मारा गया था। अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये डीडीयू अस्पताल भेजा गया है। दिल्ली कैंट थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। आगे की जांच से पता चला कि पीड़ित ट्रेन से घाटशिला, झारखंड से दिल्ली आया था और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद, राजमिस्त्री का काम फिर से शुरू करने के लिए धौला कुआं होते हुए भिवाड़ी, राजस्थान जा रहा था। वह भिवाड़ी में किराए के मकान में अकेला रहता था, जबकि उसका परिवार झारखंड में रहता है। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण और लगातार तलाशी के बाद आरोपी की पहचान बांका, बिहार निवासी अनिल मंडल (48) के रूप में हुई। वह अपराध स्थल के पास ही छिपा हुआ था। आरोपी ने पकड़े जाने पर बताया कि अपने गांव लौटने से पहले उसने दिल्ली में ऑटो ड्राइवर के तौर पर काम किया था। पारिवारिक झगड़ों के बाद वह वापस दिल्ली आ गया, जहां वह बेघर की तरह रह रहा था। वह शादीशुदा है और उसकी पांच बेटियां और एक बेटा है। उसकी पत्नी और बच्चे बिहार में रहते हैं। पीड़ित और आरोपी एक दूसरे से अनजान थे और पहले से कोई जान पहचान नहीं थी।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नंद राम उर्फ नंदा उर्फ नंदू, पुत्रः स्व. श्री श्योकरण, पताः 1) झुग्गी नं. 63, सीता राम नगर, कच्ची बस्ती त्रिवेणी, महेश नगर जयपुर, राजस्थान, 2) संतराम का मकान, गली नं. 2, बारात घर के सामने, गांव राजोकरी, दिल्ली** ने **FIR No. 85/2016, U/s 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना बाराखंभा रोड, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **नंद राम उर्फ नंदा उर्फ नंदू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नंद राम उर्फ नंदा उर्फ नंदू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 85/2016, U/s 33 Delhi Excise Act, पुलिस थाना बाराखंभा रोड, दिल्ली** के अभियुक्त **नंद राम उर्फ नंदा उर्फ नंदू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री विजयश्री राठौर**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05**
**कमरा नं. 12, पहली मंजिल, मेन बिल्डिंग**
**पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/8635/NDD/2026**


# गैस कनेक्शन कटने का डर दिखाकर ठगी, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ झारखंड और पश्चिम बंगाल से हुई गिरफ्तारी

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की साइबर सेल ने गैस कनेक्शन कटने का डर दिखाकर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी झारखंड और पश्चिम बंगाल से की गई। ठगों के पास से 20 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, एक टैबलेट, डिजिटल डिवाइस, सोने/चांदी की चीजें, करीब 62 हजार कैश और एक टाटा हैरियर गाड़ी बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार यह सिंडिकेट नागरिकों को आईजीएल के फेक मैसेज भेजकर ठगी करता था। दावा किया जाता था कि उनका गैस कनेक्शन काट दिया जाएगा। इसके बाद ठग एपीके फाइलों के जरिए पीड़ितों के मोबाइल का अनऑथराइज्ड एक्सेस हासिल कर ठगी करते थे। आरोपी ठगी के पैसे से महंगी इलेक्ट्रॉनिक चीजें खरीदते थे। गत दिनों इसी प्रकार से ठगों ने एक शख्स के साथ लगभग 2.64 लाख की चीटिंग की थी। आरोपियों के नाम साहिल, रहीम निवासी कोलकाता, मोहसिन व दिलशाद निवासी देवघर, झारखंड बताये गये हैं।

# फ्रूटी में नींद की दवा मिलाकर यात्रियों का सामान चुराने वाला दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी जिले की कश्मीरी गेट पुलिस ने यात्रियों को नींद की दवा मिली फ्रूटी पिलाकर उनका कीमती सामान चुराने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम बुराड़ी के संत नगर निवासी 35 वर्षीय फिलिप उर्फ विक्की बताया गया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई कश्मीरी गेट पुलिस ने मुंबई निवासी दीपक ढिल्लोड द्वारा इस महीने पांच जून को दर्ज कराई गई ई-एफआईआर के आधार पर की है। पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया कि 30 मई को वह सोनीपत जाने के लिए बस पकड़ने आईएसबीटी कश्मीरी गेट आया था। वहां एक अज्ञात व्यक्ति उससे दोस्ताना अंदाज में मिला और उसे 'फ्रूटी' दी, जिसे पीने के बाद वह बेहोश हो गया। जब उसे होश आया तो उसकी सोने की दो चेन, लॉकेट, एक कलाई घड़ी और पर्स गायब था। पुलिस ने आईएसबीटी पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी की पहचान बुराड़ी संत नगर निवासी 35 वर्षीय फिलिप उर्फ विक्की के तौर पर की। इसके बाद उसे कश्मीर गेट से पकड़ लिया गया। आरोपी के पास से नशीली दवा मिला शीतलपेय व 'लोराजेपम आईपी 2 एमजी' (एटिवन 2 एमजी) की कुल 30 गोलियां व शिकायतकर्ता का सामान बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक ने बताया कि वह बस टर्मिनल जैसी जगहों पर दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों से मित्रवत तरीके से मिलता और उन्हें नींद की दवा मिला शीतल पेय पीने के लिए देकर निशाना बनाता था। पुलिस ने बताया कि वह पिछले 21 वर्षों से इस तरह के अपराध कर रहा था और उसके खिलाफ ऐसे मामलों में शामिल रहने को लेकर दिल्ली के विभिन्न थानों में पहले से कई मामले दर्ज हैं।

# यमुनापार में सक्रिय कुख्यात अपराधी मकोका के तहत अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली और यमुनापार क्षेत्र में सक्रिय एक संगठित अपराध गिरोह के सरगना को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम गैंगस्टर साबिर अली उर्फ साबिर चौधरी है जो अप्रैल 2025 से मकोका के एक मामले में फरार था। इसका संबंध हाशिम बाबा गिरोह से बताया गया है।

डीसीपी प्रवीण कुमार त्रिपाठी के अनुसार खुफिया जानकारी और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी को हरियाणा के शंभू बॉर्डर से पकड़ा गया तथा उसके पास से एक कार और एक स्कूटी बरामद की गई है। त्रिपाठी ने बताया कि मकोका के इस मामले में गिरोह के नौ सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। साबिर चौधरी हाशिम बाबा-अनवार चाचा गिरोह का सरगना है। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह मुख्य रूप से सीलमपुर, भजनपुरा, मौजपुर, शाहदरा और उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में रंगदारी, हत्या, हत्या के प्रयास और जमीन कब्जाने जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त रहा है। इसके सदस्य नेपाल और दुबई से भी अपनी गतिविधियां चला रहे हैं। मूलरूप से मुजफ्फरनगर का रहने वाला चौधरी 1990 के दशक के मध्य में सीलमपुर निवासी हाजी अफजाल के साथ मिलकर अपराध की दुनिया में शामिल हुआ था। इसके बाद उत्तर पूर्व दिल्ली और एनसीआर के क्षेत्र में गोलीबारी, हत्या और गिरोह प्रतिद्वंद्विता के कई मामलों में शामिल रहा। पुलिस ने बताया कि 2008 में अपने भाई शमीम अहमद की हत्या के बाद, उसने अपनी आपराधिक गतिविधियां तेज कर दीं और जेल में रहने के दौरान वह हाशिम बाबा और अनवर खान उर्फ चाचा सहित कई कुख्यात अपराधियों के संपर्क में आया। इसे पहले भी कई आपराधिक मामलों में गिरफ्तार किया जा चुका है, जिसमें मकोका के तहत एक मामला भी शामिल है।

# कोडीन सिरप का अवैध कारोबार पकड़ा, एक हिरासत में लिया

**नई दिल्ली।** मध्य जिले के स्पेशल स्टाफ ने कोडीन सिरप के अवैध कारोबार में लिप्त ड्रग तस्कर को पकड़ा है। इसके पास से कफ सिरप की 32 बोतलें बरामद की गई। पकड़े गये शख्स का नाम अब्दुल कादिर बताया गया है। इस संबंध में चांदनी महल थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार अवैध रूप से कोडीन सिरप की बिक्री के बारे में सूचना मिली थी। इसके बाद बिक्री की पुष्टि के लिए पुलिस की तरफ से दरियागंज स्थित कलां महल में हीरा मेडिकोज पर एक नकली ग्राहक भेजा। वहां पर मालिक अब्दुल कादिर वैध मेडिकल पर्चे की मांग किए बिना कोडीन फॉस्फेट वाली 'कोडी सिरप' अवैध रूप से बेच रहा था। इसके बाद टीम ने दुकान की तलाशी ली और एक पीले पॉलीथीन बैग में छिपाई गई 'कोडी सिरप' की 32 सीलबंद बोतलें बरामद कीं। आरोपी बरामद सिरप को रखने और बेचने के संबंध में कोई वैध प्रिसक्रिप्शन, ऑथराइजेशन, लाइसेंस या संतोषजनक स्पष्टीकरण पेश नहीं कर सका। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह पैसे कमाने के लिए कोडीन फॉस्फेट युक्त 'कोडी सिरप' अवैध रूप से बेच रहा था। इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने तथा ड्रग सप्लाई के पूरे नेटवर्क को तोड़ने के लिए आगे की जांच जारी है।


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr.PC.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्त, **1. रणजीत, पुत्रः** जीतन महतो **पताः** म. नं. 95, पीतमपुरा गांव, दिल्ली, **2. विनोद कुमार, पुत्रः** छोटे लाल, **पताः** म. नं. 150, पीतमपुरा गांव, दिल्ली, ने **FIR No.:668/2022, U/s: 12/09/55 G Act, थानाः रानी बाग, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **रणजीत** और **विनोद कुमार,** मिल नहीं रहें हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दोनों अभियुक्त, **रणजीत** और **विनोद कुमार,** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.:668/2022, U/s: 12/09/55 G Act, थानाः रानी बाग, दिल्ली,** के उक्त दोनों अभियुक्त, **रणजीत** और **विनोद कुमार,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री अनुराधा जिंदल**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**जिला उत्तर पश्चिम, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8471/OD/2026**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी कन्हाई पुत्रः** मिंटू राय, **पताः** एफ–279, जेजे कॉलोनी, बवाना, **दिल्ली FIR No. 02/26, Dt. 17.02.2026, U/S: 318(4)/3(5) भारतीय न्याय संहिता–2023, थानाः IGIA मेट्रो, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कन्हाई,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **कन्हाई,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **कन्हाई, FIR No. 02/26, Dt. 17.02.2026, U/S: 318(4)/3(5) भारतीय न्याय संहिता– 2023, थानाः IGIA मेट्रो, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**प्रणव जोशी**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी**
**कोर्ट नं. 2, भू–तल, मुख्य भवन**
**पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/8569/Metro/2026**
**(Court Matter)**


# दहेज उत्पीड़न के कारण मौत केस में पति और ससुर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की ख्याला पुलिस ने दहेज के कारण हुई मौत के मामले में मृतका के पति रोहन (30) और ससुर राजेश (56) को गिरफ्तार किया है।☞ जांच में पता चला कि पीड़िता को कथित तौर पर दहेज और बच्चे न होने के कारण परेशान किया जाता था।☞

डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी के अनुसार 24 जून को ख्याला पुलिस स्टेशन में एक महिला की मौत के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। आवश्यक कार्रवाई के लिए कॉल एसआई मोहित बंसल को सौंपी गई। रघुबीर नगर में मृतका के आवास पर पहुंचने पर जांच अधिकारी ने पाया कि काजल (24) पत्नी रोहन, निवासी रघुबीर नगर, ख्याला अपने किराए के कमरे में मृत पड़ी थी। प्रारंभिक जांच में उसके गले पर फंदे का निशान और खिड़की की ग्रिल से बंधी एक चुन्नी मिली। जांच के दौरान क्राइम और एफएसएल टीम द्वारा भी निरीक्षण किया गया। संबंधित सबूतों को इकट्ठा और जब्त किया गया। आगे की जांच में पता चला कि मृतका काजल की शादी लगभग तीन साल पहले हुई थी और दंपति की कोई संतान नहीं थी। परिस्थितियों को देखते हुए मामले की सूचना एसडीएम, राजौरी गार्डन को दी गई। मृतका को गुरु गोविंद सिंह अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृतक घोषित कर दिया गया। आगे की जांच के दौरान एसडीएम के समक्ष मृतका के माता-पिता और परिवार के सदस्यों के बयान दर्ज किए गए। जांच के दौरान सामने आए आरोपों और तथ्यों के आधार पर ख्याला थाने में धारा 80/85/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के बाद इस मामले में आरोपी काजल के पति रोहन और ससुर राजेश को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों पिता पुत्र अनपढ़ है और बर्तन बेचने का कार्य करते हैं। शादी के बाद काजल को उसका पति और ससुराल वालों ने दहेज और पैसों की मांग को लेकर परेशान किया था। मृतका के परिवार वालों का आरोप है कि वे इन मांगों को पूरा नहीं कर पा रहे थे। यह भी आरोप है कि शादी के तीन साल बाद भी बच्चा न होने के कारण उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। लगातार हो रही प्रताड़ना के कारण पीड़िता ने यह कदम उठाया।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank **पंजीकृत कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
**कार्पोरेट कार्यालय** : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।

देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 27 जुलाई 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार का नाम | नीलामी शाखा पता |
|---|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली - द्वारका चौक | | आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट #5ए-6ए, जय भारत एन्क्लेव, द्वारका चौक, नई दिल्ली-110059 |
| 235557000110 | विशाल विशाल | |
| शाखा का नाम : दिल्ली - विकास मार्ग | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ए-148, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-110092 |
| 424857000052 | अनीता झा | |
| शाखा का नाम : दिल्ली - संसद मार्ग | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 3 रीगल बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 |
| 663705601442 | अमरप्रीत कौर | |
| शाखा का नाम : दिल्ली - पश्चिम विहार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ए1/3, ग्राउंड फ्लोर, मेन रोहतक रोड, पश्चिम विहार, दिल्ली-110063 |
| 663957015048 | कपिल कुमार | |
| शाखा का नाम : दिल्ली - जीटी करनाल रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ए-11, ग्राउंड फ्लोर, गुजरावाला टाउन-1, जीटी करनाल रोड, दिल्ली-110009 |
| 800105000034 | बिपाशा मेहता | |
| 800105000040 | सीमा | |
| शाखा का नाम : दिल्ली - महिपालपुर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 84, बी1, महिपालपुर, नई दिल्ली-110037 |
| 347457000051 | अमनदीप | |
| शाखा का नाम : दिल्ली - विश्वास नगर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., पुराना 27/2, नया 28/12, गली नं. 14, मेन 60 फीट रोड, विश्वास नगर, दिल्ली-110032 |
| 349005001277 | वरूण गुप्ता | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - झंडेवालान | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 2ई/8, ग्राउंड फ्लोर, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055 |
| 135405004622 | सतीश | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - भोगल | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 25-ए, हॉस्पिटल रोड, जंगपुरा, नई दिल्ली-110014 |
| 165057000343 | इन्दु | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - चांदनी चौक | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 1820, चांदनी चौक, सिसगंज गुरुद्वारे के पास, दिल्ली -110006 |
| 629257003916 | सुर्वेश | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - कनॉट प्लेस | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 9ए, फेल्प्स बिल्डिंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 |
| 000705058089 | प्रमोद कुमार | |
| 000705058090 | गुलशन | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - दरियागंज | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 112, ब्लॉक टी, दयानंद रोड, दरियागंज, दिल्ली - 110002 |
| 033305007011 | मोहम्मद नदीम | |
| 033305007048 | शारिक खान | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - ग्रेटर कैलाश | | आईसीआईसीआई बैंक लि., डब्ल्यू 57, ग्रेटर कैलाश I, नई दिल्ली-110048 |
| 002957000491 | आनंद चड्ढा | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - जसौला विहार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 12ए, 14 15, स्प्लेंडर फोरम, जसोला डिस्ट्रिक्ट सेंटर, नई दिल्ली-110025 |
| 113457000168 | गजाला इकबाल | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - लाजपत नगर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ए 34, लाजपत नगर, नई दिल्ली-110024 |
| 022557000130 | भगवत दयाल वेदपाठी | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - लोक विहार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 168, लोक विहार, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034 |
| 169457000157 | सोहन लाल | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - लोनी रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 602/4ए, रामनगर लोनी रोड, शाहदरा, दिल्ली - 110032 |
| 135105001297 | विनय कुमार | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - नजफगढ़ | | आईसीआईसीआई बैंक लि., म. नं. 11, ब्लॉक सी, पुराना रोशन पुरा एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110043 |
| 071357000171 | मीनाक्षी सरीन | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - नेहरू प्लेस | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एस1, अमेरिकन प्लाजा, इरोस होटल, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019 |
| 629457005623 | राजेन्द्र सिंह पहल | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - पटेल नगर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., डब्ल्यू 2/6, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008 |
| 033257000164 | सुमित कुमार | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - प्रशांत विहार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., डी16, निकट पीवीआर सिनेमा, प्रशांत विहार, नई दिल्ली-110085 |
| 082705002109 | राकेश कुमार | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - कुतुब रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 2794, वार्ड नंबर 13, मेन कुतुब रोड, सदर बाजार, दिल्ली -110006 |
| 113957000024 | सम्भी शर्मा | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - शालीमार बाग | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एएम6, शालीमार बाग, नई दिल्ली-110088 |
| 036957000077 | धनंजय सिंह | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - सुन्दर नगर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 19, सुंदरनगर, नई दिल्ली - 110003 |
| 040005001470 | राज कुमार गोयल | |
| 040005001478 | हरमिन्दर जीत कौर | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली - यमुना विहार | | आईसीआईसीआई बैंक लि., सी1/13ए, यमुना विहार, दिल्ली 110053 |
| 113557000128 | फहीम अहमद | |
| शाखा का नाम : बागपत | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 257 दिल्ली रोड, बागपत 250609 |
| 176762001920 | नितिन कुमार त्यागी | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - डीएलएफ कार्पोरेट पार्क | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ब्लॉक नंबर 1, ग्राउंड फ्लोर, डीएलएफ कॉर्पोरेट पार्क, डीएलएफ फेज III, गुरुग्राम, हरियाणा 122001 |
| 732557000018 | प्रशांत कुमार | |
| शाखा का नाम : नोएडा - सेक्टर-12 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., प्रॉपर्टी नंबर 348, सी/3, ब्लॉक वाई, सेक्टर 12, नोएडा, गौतम बुद्ध नगर ज़िला, उत्तर प्रदेश-201301 |
| 157857000080 | अविनिश सिंह | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।

**दिनांक** : 27.06.2026
**स्थान : सेंट्रल दिल्ली, ईस्ट दिल्ली, नई दिल्ली, नॉर्थ दिल्ली, नॉर्थ-ईस्ट दिल्ली, नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली, शाहदरा, साउथ दिल्ली, साउथ-ईस्ट दिल्ली, साउथ-वेस्ट दिल्ली, वेस्ट दिल्ली, दिल्ली**

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## अनेक विधानसभा क्षेत्रों में अटल कैंटीनों का कराया निर्माण

# झुग्गी बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर सरकार दे रही विशेष ध्यानः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए व्यापक स्तर पर विकास कार्य करा रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डूसिब) के माध्यम से राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के निर्माण, मरम्मत, उन्नयन और जनकल्याण से जुड़े कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनके जीवन को अधिक सुरक्षित, स्वच्छ तथा सुविधाजनक बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी कार्य डूसिब के बजट से कराए जा रहे हैं। इसी दृष्टि से राजधानी के अनेक विधानसभा क्षेत्रों में अटल कैंटीनों का निर्माण कराया जा रहा है ताकि जरूरतमंद नागरिकों को सुलभ दरों पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त दिल्ली सरकार के सामान्य बजट तथा अन्य विभागों के माध्यम से भी झुग्गी बस्तियों में विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों पर अलग से व्यय किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डूसिब के माध्यम से वर्ष 2025-26 और 2026-27 में राजधानी की विभिन्न झुग्गी बस्तियों में कुल 1,510 विकास एवं निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें 2025-26 में 1,253 कार्यों पर 379.80 करोड़ रुपये तथा चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में अब तक 257 कार्यों पर 61.30 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। इस प्रकार दोनों वर्षों में कुल 441.10 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्यों को गति दी जा रही है।

### आधारभूत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना उद्देश्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों और जनसुविधा परिसरों का निर्माण एवं नवीनीकरण, सामुदायिक भवनों का उन्नयन, पेयजल एवं सीवर व्यवस्था में सुधार, गलियों और आंतरिक सड़कों का विकास, नालियों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट एवं विद्युत व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, सीमा दीवारों एवं प्रवेश द्वारों का निर्माण, वर्षा जल निकासी, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण तथा अन्य नागरिक सुविधाओं के विकास के कार्य कराए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक जीवन के लिए आवश्यक आधारभूत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

### झुग्गी बस्तियों में विकास कार्यों को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि नरेला, तिमारपुर, आदर्श नगर, जहांगीरपुरी, आजादपुर, बवाना, रोहिणी, सीमापुरी, त्रिलोकपुरी, शाहदरा, करावल नगर, संगम विहार, द्वारका, नजफगढ़ तथा राजधानी के अन्य क्षेत्रों में स्थित झुग्गी बस्तियों में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों का उद्देश्य केवल आधारभूत ढांचे का निर्माण करना नहीं, बल्कि झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों के दैनिक जीवन को अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक बनाना है।

### झुग्गी बस्तियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार झुग्गी बस्तियों के निवासियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है कि राजधानी के प्रत्येक नागरिक को, चाहे वह किसी भी क्षेत्र में रहता हो, बुनियादी सुविधाओं तक समान पहुंच प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि डूसिब के माध्यम से चल रही ये परियोजनाएं सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और नागरिक कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में भी झुग्गी बस्तियों के विकास, स्वच्छता, सुरक्षा, सामुदायिक सुविधाओं और जनहित से जुड़े कार्यों को और गति दी जाएगी ताकि दिल्ली का विकास समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

## शहरी विकास मंत्री ने गाज़ीपुर लैंडफिल का किया निरीक्षण

# लेगेसी वेस्ट के निस्तारण में लाई जाए तेजीः आशीष सूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को गाज़ीपुर लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया तथा नगर निगम दिल्ली (एमसीडी) और कार्य निष्पादन एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चल रहे लेगेसी कचरा निस्तारण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मंत्री सूद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में वर्तमान दिल्ली सरकार मिशन मोड में वैज्ञानिक तरीके से दिल्ली के लेगेसी लैंडफिल स्थलों को समाप्त करने के लिए कार्य कर रही है। मंत्री सूद ने बताया कि फेज-1 के अंतर्गत 24 नवंबर 2022 से 19 नवंबर 2024 तक 30 लाख मीट्रिक टन लेगेसी कचरे की बायोमाइनिंग का कार्य सौंपा गया था, लेकिन पूरे अनुबंध काल में केवल 13.90 लाख मीट्रिक टन कचरे का ही बायोमाइनिंग के माध्यम से निस्तारण किया जा सका। उन्होंने बताया कि फरवरी 2025 में वर्तमान सरकार के गठन के बाद इस कार्य में उल्लेखनीय तेजी लाई गई। 7 मार्च 2025 को फेज-2 के तहत 30 लाख मीट्रिक टन लेगेसी कचरे की बायोमाइनिंग का कार्य आवंटित किया गया, जिसे सितंबर 2026 तक पूरा किये जाने का लक्ष्य है। शहरी विकास मंत्री ने पुनः दोहराया कि दिल्ली सरकार गाज़ीपुर, भलस्वा और ओखला के लेगेसी लैंडफिल स्थलों को वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन, नियमित निगरानी के माध्यम से पूर्णतः समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मंत्री सूद ने बताया कि फेज-2 के अंतर्गत अब तक लगभग 24 लाख मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण किया जा चुका है तथा लगभग 20 एकड़ भूमि कूड़ा मुक्त हो गई है। अप्रैल 2026 में किए गए नवीनतम ड्रोन सर्वेक्षण के अनुसार गाज़ीपुर लैंडफिल में 67.81 लाख मीट्रिक टन कचरा मौजूद था। 30 अप्रैल से 25 जून 2026 के बीच लगभग 3.39 लाख मीट्रिक टन कचरे का बायोमाइनिंग के माध्यम से निस्तारण किया गया, जिसके बाद वर्तमान में साइट पर लेगेसी एवं ताज़े कचरे सहित कुल 66.68 लाख मीट्रिक टन कचरा शेष है।

## 2027 में रेसलिंग एवं बैडमिंटन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगी दिल्लीः सूद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद की उपस्थिति में शुक्रवार को दिल्ली सरकार, स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) और इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएफ) के बीच अगले वर्ष 2027 में आयोजित होने वाली आईएसएफ वर्ल्ड स्कूल रेसलिंग चैंपियनशिप एवं आईएसएफ वर्ल्ड स्कूल बैडमिंटन चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए ऐतिहासिक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बताया कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट फेडरेशन के साथ मिलकर हमने दिल्ली में अगले वर्ष आयोजित होने वाली खेल प्रतियोगिताओं को लेकर एसजीएफआई के साथ एक मेमोरेंडम पर हस्ताक्षर किए हैं। शिक्षा मंत्री सूद ने बताया कि इसके तहत बैडमिंटन और रेसलिंग खेलों का आयोजन होगा, जिसमें 50 देश और लगभग 1 हजार से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेने वाले हैं। यह समझौता हमारे खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाने, उनके प्रदर्शन को बेहतर करने के लिए एवं उन्हें अंतरराष्ट्रीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में मदद करेगा। इससे दिल्ली में खेलों का इको सिस्टम और मजबूत होगा और अगले राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों में दिल्ली अपना योगदान दे पाए आज से इसकी तैयारी शुरू हो गई है।

## नालों की सफाई व गाद उठाने में हो रही देरी के लिए सरकार को चाहिए कि जवाबदेही तय करेः डीपीसीसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) ने कहा है कि मानसून सिर पर है बावजूद इसके अभी तक नालों की सफाई पूरी नहीं हुई और जो गाद निकाली गई थी उसे भी उठाया नहीं गया है। ऐसे में मानसून के दौरान गाद वापस नालों में जाएगी और जलभराव से राजधानी ठहर जाएगी। डीपीसीसी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि नालों की सफाई और गाद के निस्तारण में हुई लापरवाही की जवाबदेही तय की जाए। नालों से निकाली गई गाद को समय पर न उठाने पर भाजपा सरकार और एमसीडी की कार्यप्रणाली की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। इस मुद्दे पर यादव ने सरकार से मांग की है कि नालों की सफाई और गाद के निस्तारण में हुई लापरवाही की जवाबदेही तय की जाए, जिन अधिकारियों और एजेंसियों की लापरवाही से गाद दोबारा नालों में गई उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए और सभी नालों से निकाली गई गाद को तत्काल हटाकर उसके उचित निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जिससे की मानसून में जलभराव और अन्य समस्याओं का सामना न करना पड़े। कांग्रेस ने कहा कि नालों के किनारे कई कई दिनों तक पड़ी रहने के कारण बारिश के साथ यही गाद दोबारा नालों में बह गई है या बह सकती है, जिससे सफाई अभियान का उद्देश्य ही विफल हो गया। यादव ने आरोप लगाया कि हर वर्ष करोड़ों रुपये नालों की सफाई पर खर्च किए जाते हैं, लेकिन निकाली गई गाद को समय पर नहीं हटाया जाता और वह दोबारा नालों में पहुंच जाती है जो जनता के करोड़ों रुपए की बर्बादी है। जबकि दूसरी तरफ दिल्लीवासी इसका खामियाजा जलभराव, ट्रैफिक जाम और गंदगी के रूप में भी भुगतते हैं।

# एलजी ने मार्शल ऑफ़ द एयर फ़ोर्स मेमोरियल लेक्चर को किया संबोधित, अर्जन सिंह को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को ने मार्शल ऑफ द एयर फ़ोर्स मेमोरियल लेक्चर को संबोधित किया और सरदार अर्जन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए उनके शानदार मिलिट्री करियर और दिल्ली के उपराज्यपाल के तौर पर उनके बेहतरीन कार्यकाल को याद किया। इस मौके पर एयर स्टाफ के प्रमुख, एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, नेवल स्टाफ के प्रमुख, वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन, एयर फ़ोर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एयर मार्शल जगजीत सिंह सहित अन्य मौजूद थे। सुब्रतो पार्क में वायुसेना द्वारा आयोजित अर्जन सिंह स्मारक व्याख्यान में कहा कि उनका दिल्ली के उपराज्यपाल के तौर पर सेवा करना गर्व और विनम्रता की बात है। उपराज्यपाल का यह वही पद है जिसे कभी भारत माता के इस महान सपूत ने संभाला था। एलजी ने कहा कि वर्ष 1965 की लड़ाई के दौरान अर्जन सिंह की बेहतरीन लीडरशिप और बाद में मार्शल ऑफ द एयर फ़ोर्स का पद मिलना भारत के मिलिट्री इतिहास के अहम पल माने जाते हैं। मिलिट्री कमांड से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (प्रशासन) में आसानी से बदलाव यह याद दिलाता है कि देश की सच्ची सेवा करना किसी एक संस्था तक सीमित नहीं है। एलजी ने कहा कि सरदार अर्जन सिंह का असाधारण जीवन आजाद भारत के सफ़र के अहम बदलावों और पलों से गहराई से जुड़ा था। वर्ष 1989-1990 के दौरान उपराज्यपाल के तौर पर उनकी शानदार सेवाओं को याद करते हुए एलजी संधू ने कहा कि कभी इस महान नेता ने यह पद संभाला था, आज मेरे लिए उसी पद पर सेवा करना बहुत गर्व और विनम्रता की बात है। उन्होंने कहा कि आज जब हम उन्हें याद कर रहे हैं, तो हम न केवल एक असाधारण सैनिक का सम्मान कर रहे हैं, बल्कि उन मूल्यों, पेशेवर उत्कृष्टता, विनम्रता, ईमानदारी और सेवा के प्रति अटूट समर्पण का भी सम्मान कर रहे हैं जिन्हें कभी उन्होंने जीवन भर अपनाया था। उनके बेमिसाल मिलिट्री करियर को याद करते हुए एलजी ने कहा,1965 की लड़ाई के दौरान सरदार अर्जन सिंह की बेहतरीन लीडरशिप के चलते ही पद्म विभूषण पुरस्कार और मार्शल ऑफ द एयर फ़ोर्स का पद देकर और सम्मानित किया गया, जो भारतीय इतिहास में केवल एक ही अधिकारी को मिला है। एलजी संधू ने कहा कि उनका जीवन ब्रिटिश भारत, द्वितीय विश्व युद्ध, भारत की आजादी, सेना के आधुनिकीकरण, कूटनीति और संस्थाओं के निर्माण के दौर से गुजरा।

## ग्रीन लाइन पर सिग्नलिंग खराबी से मेट्रो सेवा हुई बाधित, दोपहर की वजह से नहीं हुई ज्यादा परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



डीएमआरसी की ग्रीन लाइन इंद्रलोक – ब्रिगेडियर होशियार सिंह (सिटी पार्क) पर शुक्रवार को सिग्नलिंग खराबी के चलते मेट्रो सेवा बाधित हुई। लेकिन दोपहर का समय होने की वजह से इस लाइन पर यात्रियों को ज्यादा परेशानी नहीं हुई डीएमआरसी के अनुसार ग्रीन लाइन पर दोपहर के समय सिग्नलिंग खराबी होने के चलते कुछ समय के लिए सेवा बाधित हुई थी। डीएमआरसी ने जवाब में कहा कि ग्रीन लाइन अंतर्गत अशोक पार्क मैन मेट्रो स्टेशन पर सिग्नलिंग की समस्या के कारण ट्रेन सेवाओं में देरी हुई। लेकिन इस समस्या को कुछ समय बाद दोपहर करीब 1:10 बजे ठीक कर लिया गया और संचालन सामान्य हो गया। बता दें कि डीएमआरसी ने दोपहर 12.45 बजे ग्रीन लाइन पर सिग्नलिंग खराबी से जुड़ी पोस्ट अपने अधिकृत सोशल मंच एक्स पर पोस्ट की। उसके बाद करीब 1:25 बजे दूसरी पोस्ट में डीएमआरसी ने यात्रियों को बताया कि सेवा अपडेट, ग्रीन लाइन पर सामान्य सेवाएं बहाल हो गई हैं।

# भाजपा ने आपातकाल में जेल गये सेनानियों का किया अभिनंदन

■ तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा की अध्यक्षता में एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में आपातकाल लगा कर देश में लोकतंत्र की हत्या को लेकर शुक्रवार को एक सेमिनार का आयोजन किया और 115 लोकतंत्र सेनानियों का अभिनंदन किया गया। सेमिनार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ ही मुख्य वक्ता पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, लोकतंत्र सेनानी एवं भाजपा संसदीय दल के सदस्य सत्यनारायण जटिया ने सम्बोधित किया। सेमिनार की संचालन कमेटी के सदस्यों सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, धर्मवीर शर्मा एवं देवेन्द्र सोलंकी ने संचालित किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, मुख्य वक्ता ने वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानियों ओ.पी. बब्बर, नंदकिशोर गर्ग, लालबिहारी तिवारी, पी.के. चांदला, सुरेश गुप्ता, रामभज, करणसिंह तंवर, श्रवण कुमार, तिलकराज कटारिया, संजय भाटिया, राजन ढींगरा, जगमल प्रसाद आदि का शॉल पहना कर अभिनंदन किया। सांसद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, बाँसुरी स्वराज और दिल्ली सरकार के मंत्री आशीष सूद ने भी कार्यक्रम में सम्मिलित होकर लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया।




### असत्य पर सत्य की होती है जीतः रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज का दिन भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण दिनों में से एक हैं। हर साल जब हम रावण दहन करते हैं तो असत्य पर सत्य की और पाप पर पुण्य की जीत होती है और यह 25 जून का संविधान हत्या दिवस भी इसलिए याद किया जाता है कि आने वाली पीढ़ियों को इस बात का एहसास हो कि फिर इतिहास में अगर देश के किसी नेता ने ऐसा करने की कोशिश की तो देश के 140 करोड़ लोग ऐसा होने नहीं देंगे। रेखा गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने जय प्रकाश नारायण को लोहे की जंजीरों में जकड़ा लेकिन उनके साहस को नहीं जकड़ पाए। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल विहारी बाजपेयी के जेल में बंद होने के बावजूद उनकी लेखनी काम करती रही और लाखों लोकतंत्र सेनानियों की आवाज बने। वर्षों तक अपने परिवार से दूर रहने वाले लोकतंत्र सेनानियों ने यातनाएं सही, लेकिन देश प्रेम नहीं छोड़ी।

### कांग्रेस के नेता संसद से सड़क तक फैलाते रहे भ्रांतियांः स्मृति

पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि कांग्रेस के नेता संसद से सड़क तक भ्रांतियां फैलाते हैं कि वही संविधान के सच्चे संरक्षक हैं इसलिए युवाओं को इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि आपातकाल में संविधान का क्या हश्र किया गया। ईरानी ने कहा कि आपातकाल के दौरान महिलाओं के साथ क्या क्या हुआ इसका जिक्र तक नहीं है क्योंकि औरतों के साथ किए गए अत्याचार का जिक्र तो आपातकाल के इतिहास के पन्नों से ही हटा दिया गया।

### जागरुक जनता लोकतत्र के सबसे मजबूत स्तम्भ : हर्ष मल्होत्रा

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि युवा पीढ़ी जिसने उस मंजर को नहीं देखा, वह भी इस बात को समझे कि उस वक्त कांग्रेस की मानसिकता क्या थी और आज जो संविधान की दुहाई देते हैं उन्होंने पूर्व में संविधान का गला कैसे घोंटा था। मल्होत्रा ने आगे कहा कि भारत का संविधान स्वतंत्र न्यायपालिका, स्वतंत्र प्रेस, सक्रिय नागरिक समाज और जागरुक जनता यह लोकतत्र के सबसे मजबूत स्तम्भ है जो बताते हैं कि सत्ता कितनी भी शक्तिशाली क्यों ना हो अंत में लोकतंत्र में अंतिम निर्णय जनता का ही होता है। जबकि लोकतंत्र सेनानी सत्यनारायण जटिया ने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह काला अध्याय है, जब सत्ता के अहंकार में संविधान की मर्यादाओं को कुचला गया।

## फिर शुरू हुआ मौसम का सितम, पारा 41 डिग्री पार दर्ज, उमस कर रही पसीना पसीना

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर मौसम का सितम शुरू हो गया है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान बढ़कर 41 डिग्री सेल्सियस पार दर्ज हुआ और उमस ने लोगों को पसीना पसीना करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को दिनभर उमस बनी रही। सफदरजंग वेधशाला ने राजधानी का औसत अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 4.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 0.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। हालांकि आईएमडी ने बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी करते हुए अनुमान व्यक्त किया था कि आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और बिजली की चमक के साथ हल्की बारिश दर्ज हो सकती है। लेकिन खबर लिखे जाने तक एक दो जगह नाम मात्र बूंदाबांदी देखने को मिली। आईएमडी ने ताजा अनुमान में कहा है कि शनिवार व रविवार को मौसम कुछ नर्मी दिखा सकता है और अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिल सकती है। हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने का अनुमान है। बता दें कि राजधानी में मानसून आने की तारीख 27 जून कही जा रही है जिसमें बस चंद घंटे बचे है। इस बार जून महीने में औसत बारिश भी दर्ज नहीं हुई है, यानी दिल्ली वाले बारिश को तरस रहे है।

### बच्चों के लिए सुंदर लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली देहात के नरेला स्थित अमृत अपार्टमेंट रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए 'सुंदर लेखन प्रतियोगिता' का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में सुंदर लेखन की आदत विकसित करना तथा उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। आरडब्ल्यूए पदाधिकारी सुखबीर खत्री ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में करीब 25 से 30 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी उत्कृष्ट लेखन कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने साफ-सुथरे, आकर्षक और प्रभावशाली हस्तलेख प्रस्तुत किए, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागी बच्चों को चॉकलेट, फल एवं उपहार वितरित किए गए, जिससे बच्चों का उत्साह और बढ़ गया। इस अवसर पर बच्चों के साथ आए अभिभावकों ने भी आयोजन की प्रशंसा करते हुए भविष्य में इस प्रकार के शैक्षिक एवं रचनात्मक कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की। आरडब्ल्यूए अमृत अपार्टमेंट के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों, उनके अभिभावकों तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनकी रचनात्मक क्षमताओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### सीजेपी धरने का सातवां दिन, वांगचुग की संभावित भूख हड़ताल को लेकर तैयारियां शुरू

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन लगातार सातवें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। अब सीजेपी लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षा सुधारक कहे जाने वाले सोनम वांगचुक की संभावित भूख शुरू होने को लेकर तैयारियों में लग गई है। क्योंकि वांगचुक ने घोषणा की है कि अगर केंद्र सरकार 27 जून तक जनता के सवालों पर जवाबदेही नहीं दिखाती है तो वह 28 जून 2026 से जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल शुरू करेगें। सनद रहे कि सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके नीट पेपर लीक मामले को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर 20 जून 2026 से जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन कर रहे है। वहीं इसके अलावा सीजेपी का आरोप है कि 25-26 जून की देर रात करीब 2.40 बजे धरना स्थल पर कुछ लोगों ने मारपीट की और भगाने की कोशिश की गई। सीजेपी ने एक पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके लोग थे। सीजेपी का यह भी दावा है कि घटना के बावजूद आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि प्रदर्शन का समर्थन करने वालों पर पुलिस कार्रवाई की जा रही है।

# ऑपरेशन कवच के तहत नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधियों और संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन कवच-14.0 के तहत नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधियों और संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। इसके तहत क्राइम ब्रांच, स्पेशल सेल और सभी जिलों और ऑपरेशनल यूनिट्स द्वारा 15 जिलों में 4035 जगहों पर एक साथ ऑपरेशन चलाए गए। यह ऑपरेशन 48 घंटे तक चला। समन्वित और लक्षित कार्रवाई के तहत, एनडीपीएस एक्स के 212 मामलों में 255 नशीले पदार्थों से जुड़े अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) और क्राइम ब्रांच के प्रमुख स्पेशल सीपी एचजीएस धालीवाल के अनुसार इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद किए गए। इनमें 237.466 किलोग्राम गांजा, 5.184 किलोग्राम ओजी गांजा, 159.8 ग्राम कोकीन, 1.096 किलोग्राम हेरोइन, 366.48 ग्राम चरस, 101.1 ग्राम एमडीएमए, 186 ग्राम मेथामफेटामाइन, 2640 बुप्रेनॉर्फिन टैबलेट, 287 फेनिरामाइन इंजेक्शन और 23 लाख 27,324 रुपये नकद शामिल हैं। इसके अलावा दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत 398 मामले दर्ज किए गए और 405 लोगों को गिरफ्तार/हिरासत में लिया गया। साथ ही 53,448 क्वार्टर अवैध शराब, 47 शराब की बोतलें, 98 बीयर की बोतलें और 175 बीयर के कैन बरामद किए गए। दिल्ली आबकारी अधिनियम की धारा 40 ए और बी के तहत कुल 4498 लोगों को गिरफ्तार किया गया। आर्म्स एक्ट के 315 मामलों में 329 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनसे 6 पिस्तौल, 90 देसी कट्टे, 147 जिंदा कारतूस, 242 चाकू, एक मैगजीन और नौ मोबाइल फोन बरामद किए गए। जुआ अधिनियम के तहत 307 मामलों में 600 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 7 लाख 16,215 नकद बरामद किए गए। 49 घोषित अपराधियों और 55 वाहन चोरों को भी गिरफ्तार किया गया। इनसे 60 वाहन बरामद किए गए। डीपी एक्ट की धारा 66 के तहत 4708 वाहन भी जब्त किए गए। एहतियाती कार्रवाई के तहत अपराध करने से रोकने के लिए बीएनएसएस की धारा 126/170 के तहत 1900 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 444 लोगों को एहतियाती हिरासत में लिया गया। डीपी एक्ट की धारा 65 के तहत 60,806 लोगों को हिरासत में लिया गया। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 128, 129, 126/169 और दिल्ली पुलिस एक्ट की धारा 100 के तहत कार्रवाई शुरू की गई। 5977 'बैड कैरेक्टर' (हिस्ट्रीशीटर) की गतिविधियों की निगरानी के लिए जांच की गई और 28 का पता लगाया गया। कोटपा के तहत नियम तोड़ने वाले 8768 लोगों पर कानूनी कार्रवाई की गई। 208 हॉटस्पॉट को टारगेट किया गया और कार्रवाई की गई। कासो (घेराबंदी और तलाशी अभियान) के लिए 1429 पार्कों/जगहों/शौचालयों की जांच की गई। नशीले पदार्थों से जुड़े 397 अपराधियों की जांच के दौरान 231 मौजूद पाए गए, 118 न्यायिक हिरासत में थे और 48 फरार पाए गए। 161 विदेशी नागरिकों की जांच की गई। इनमें 21 के खिलाफ देश से वापस भेजने (डिपोर्टेशन) की प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस के अनुसार मौजूदा साल में 31 मई तक, दिल्ली पुलिस ने 1812 एनडीपीएस मामलों में 1418 नशीले पदार्थों के अपराधियों को गिरफ्तार किया है और लगभग 23.3 किलोग्राम हेरोइन/स्मैक, 1653.2 किलोग्राम गांजा, 11 किलोग्राम अफीम, 25 किलोग्राम चरस, 70.5 किलोग्राम पोस्ता और 56.6 किलोग्राम अल्प्राजोलम पाउडर, 52.8 किलोग्राम डोडा पोस्ट और 12 लीटर कोडीन सिरप आदि बरामद किए हैं।

### ऑपरेशन कवच

सभी मोर्चों पर इस समस्या से निपटने के लिए, मई 2023 में पूरी दिल्ली में एक संयुक्त और व्यापक ऑपरेशन (ऑपरेशन कवच) शुरू किया गया था, ताकि नशीले पदार्थों की तस्करी और वितरण में शामिल लोगों की पहचान की जा सके और उन्हें पकड़ा जा सके। इस ऑपरेशन के दौरान, सड़क-स्तर के पेडलर्स और उच्च-स्तरीय तस्करों/स्मगलरों दोनों को निशाना बनाने का फैसला किया गया। ड्रग तस्करी का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के लिए 'ऊपर से नीचे' और 'नीचे से ऊपर' दोनों तरह के तरीकों का इस्तेमाल किया गया, ताकि तस्करी से जुड़े सभी आगे और पीछे के नेटवर्क का पता लगाया जा सके। अब तक कवच के तहत कुल 13 ऑपरेशन चलाए जा चुके हैं। इन ऑपरेशन्स के दौरान भारी मात्रा में ड्रग्स जब्त की गई हैं और कई ड्रग अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

## एबीवीपी जेएनयू ने पीजी के लिए आयोजित किया विशेष सत्र

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने गुरूवार को परास्नातक प्रवेश परीक्षा की मेरिट लिस्ट निकाली जिसमें चयनित विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया को सुगम और छात्र-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी), जेएनयू इकाई ने शुक्रवार एक महत्वपूर्ण पहल की है। देश भर से जेएनयू में चयनित छात्र-छात्राओं की समस्याओं और उनके संशयों को दूर करने के लिए एबीवीपी ने शाम 7 बजे एक विशेष डाउट क्लियरिंग सेशन का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया है। इसके माध्यम से देश के सुदूर क्षेत्रों से आने वाले छात्र सीधे विश्वविद्यालय के अनुभवी शोधार्थियों और वरिष्ठ छात्रों से संवाद कर सकेंगे। सत्र में फॉर्म भरने में आ रही तकनीकी दिक्कतों, विभिन्न पाठ्यक्रमों की पात्रता मानदंडों, कट-ऑफ और आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित सभी प्रकार की शंकाओं का त्वरित निवारण किया गया। विद्यार्थियों की निरंतर सहायता के लिए एबीवीपी जेएनयू ने हेल्प डेस्क नंबर भी सार्वजनिक किए हैं, जिन पर छात्र सीधे संपर्क कर मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं।



## खबर संक्षेप

### एनआईटी की कार्रवाई खाता ऑपरेटर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने फेसबुक पर फर्जी निवेश योजना के माध्यम से



5.75 लाख रुपए की साइबर ठगी करने के मामले में खाता ऑपरेट करने वाले एक आरोपित को दिल्ली से 25 जून को गिरफ्तार किया है। जिसकी पहचान संदीप कुमार वासी पाईसोर, नालंदा बिहार हाल हनुमान गंज, बुराडी दिल्ली के रूप में हुई है। जिसको आगामी पूछताछ के लिए 2 दिन पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अनुसार सीकरी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह फेसबुक पर प्रोफाइल देख रहा था। इसी दौरान उसे एक पेज दिखाई दिया, जिस पर शेयर ट्रेडिंग से संबंधित विज्ञापन चल रहा था। विज्ञापन पर लाइक करने के बाद उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया गया, जहां ब्लॉक ट्रेडिंग के नाम पर निवेश कर अधिक मुनाफे का लालच दिया गया।

### मुर्रा भैंसों का पशु पालन विभाग ने किया चयन

**फरीदाबाद।** मुर्रा नस्ल की भैंस पालने वाले पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से



पशुपालन विभाग द्वारा 18 किलो से ऊपर दूध देने वाली मुर्रा भैंसों की दूध रिकॉर्डिंग करवाई जा रही है तथा अच्छा दूध देने वाली मुर्रा भैंसों का ईनाम के लिए चयन किया जा रहा है। हर्ष नागर पुत्र श्री जसराम की दो मुर्रा भैंसों का ईनाम के लिए चयन किया गया। पशुपालन विभाग के उपमंडल अधिकारी फरीदाबाद डॉक्टर सचिन धनखड़ के निर्देश अनुसार दुग्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। राजकीय पशु औषधालय के प्रभारी वीएलडीए राजबेल देशवाल ने बताया कि हरियाणा सरकार एवं पशुपालन विभाग द्वारा अच्छी नस्ल की मुर्रा भैंसों की दूध प्रतियोगिता आयोजित करके पशुपालकों को ईनामी राशि देने का प्रावधान है।

बीएलओ से भी ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की

# एसआईआर मतदाता सूची से नाम कटने से बचें एसआईआर प्रक्रिया में जरूर लें भागः अशोक रावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव अशोक रावल ने प्रदेश में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर मतदाताओं से बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदाता समय रहते अपने दस्तावेज और फॉर्म सही तरीके से जमा करें, ताकि किसी भी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से न कटे। अशोक रावल ने जिला



निर्वाचन अधिकारी आयुष सिन्हा से मांग की कि वर्ष 2002 की मतदाता सूची सभी बूथों पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे लोगों को अपने परिवार के नाम ढूंढने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया कि वे अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर मतदाताओं की हरसंभव सहायता करें। उन्होंने बताया कि वे स्वयं तिगांव विधानसभा क्षेत्र के गांवों और कॉलोनियों के बूथों पर पहुंचकर लोगों की मदद कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने सेहतपुर, अगवानपुर और बसंतपुर के बूथों का दौरा कर मतदाताओं से बातचीत की और उन्हें एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया।

**ईमानदारी के साथ जिम्मेदारी निभाने की अपील की**

अशोक रावल ने कहा कि मतदाताओं को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है, लेकिन एसआईआर फॉर्म पूरी सावधानी और सही जानकारी के साथ भरना बेहद जरूरी है। छोटी-सी गलती भी मतदाता सूची से नाम हटने का कारण बन सकती है। उन्होंने बूथों पर तैनात बीएलओ से भी निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की।

अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतांत्रिक अधिकारों पर लगाया गया एक कठोर प्रतिबंध था

# केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल व कृष्णपाल गुर्जर ने आपातकाल की 51वीं वर्षगांठ पर लोकतंत्र रक्षा सेनानियों का सम्मान किया

कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-12 स्थित सेंट्रल पार्क में किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

आपात काल की 51वीं वर्षगांठ पर फरीदाबाद में लोकतंत्र रक्षा सेनानियों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय मंत्री मनोहरलाल व केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर दोनों ही केन्द्रीय मंत्रियों ने आपातकाल के दौरान मीसा के तहत बंदी बनाए गए एवं यातना सहने करने वाले लोकतंत्र सेनानी जगराम गुप्ता, महावीर भारद्वाज, वरिष्ठ पत्रकार एवं सिटी प्रैस क्लब के संरक्षक उत्तमराज, सोहन लाल गोगिया, कृष्ण मुखी, महावीर भारद्वाज, सुनील ग्रोवर, रविभूषण खत्री, अरविन्द सूद को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर-12 स्थित सेंट्रल पार्क में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, कार्यक्रम संयोजक धनेश अदलखा, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल, विधायक सतीश फागना, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक मूलचंद शर्मा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव रहे अजय गौड़, महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य संदीप जोशीए प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख दीपक मंगला तथा भारत विकास परिषद् राजकुमार अग्रवाल मुख्य तौर पर उपस्थित रहे।

कांग्रेस ने भारत के संविधान और लोकतंत्र की निर्मम हत्या की थी



केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री व हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि 25 जून 1975 की रात देश के लोकतंत्र पर सबसे बड़ा हमला हुआ। उस रात सत्ता की लालसा में कांग्रेस ने भारत के संविधान और लोकतंत्र की निर्मम हत्या की थी। 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल ने देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, संवैधानिक मूल्यों और नागरिक स्वतंत्रताओं को गहरा आघात पहुंचाया था।

मीडिया पर सेंसरशिप, नागरिक अधिकारों का हनन, लाखों गिरफ्तारियां और अत्याचार यह सब संविधान की मूल आत्मा के खिलाफ था।

**संविधान की रक्षा के लिए सजग रहें**

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि युवाओं को आपातकाल का कालखंड समझना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उस दौर को याद रखना इसलिए आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़ियां लोकतंत्र के महत्व को समझ सकें और संविधान की रक्षा के प्रति सजग रहें। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि 25 जून भारत के लोकतांत्रिक इतिहास की कोई सामान्य तिथि नहीं है। यह वह दिन है जब सत्ता के अहंकार ने संविधान की आत्मा को चुनौती दी और देश के लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने का प्रयास किया गया। 25 जून 1975 की रात केवल आपातकाल की घोषणा नहीं थी, बल्कि नागरिक स्वतंत्रताओं, अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतांत्रिक अधिकारों पर लगाया गया एक कठोर प्रतिबंध था।

वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया

# सेवा दल के दिवेश कपूर बने फरीदाबाद प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

धार्मिक, सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के लिए समर्पित श्री टपकेश्वर महादेव सेवा दल ने संगठनात्मक विस्तार और सेवा कार्यों को गति देने के उद्देश्य से दिवेश कपूर को फरीदाबाद का प्रभारी नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा दल के महासचिव महेश खंडेलवाल द्वारा की गई। इस अवसर पर महासचिव महेश खंडेलवाल ने कहा कि दिवेश कपूर लंबे समय से सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं तथा समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व एवं संयोजन में सेवा दल फरीदाबाद क्षेत्र में अपने जनहितकारी कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करेगा। अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दिवेश कपूर ने श्री टपकेश्वर महादेव सेवा दल के संरक्षक दिगंबर भरत गिरी तथा संगठन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा उन पर जताए गए विश्वास पर वे पूरी



निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने धार्मिक आयोजनों, सामाजिक सेवा गतिविधियों तथा लोककल्याणकारी कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। दल के संरक्षक दिगंबर भरत गिरी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज में सेवा, संस्कार और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दिवेश कपूर के नेतृत्व में सेवा दल धार्मिक, सामाजिक एवं लोकहित से जुड़े कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका का और अधिक विस्तार करेगा तथा समाज के विभिन्न वर्गों को सेवा कार्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

रोमियो लेन का देश में सबसे ऊंचा आउटलेट शुरु

# दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख लाइफस्टाइल हब के रूप में उभरेगा बुलेवार्ड वॉकः वरुण माथुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

प्रीमियम डाइनिंग और नाइटलाइफ ब्रांड रोमियो लेन ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित बुलेवार्ड वॉक बाय होम एंड सोल (एचएंडएस) में भारत का सबसे ऊंचा आउटलेट शुरू किया है। दि विंग की 31वीं मंजिल पर स्थित यह आउटलेट ब्रांड का 35वां और एनसीआर का सबसे नया केंद्र है, जहां मेहमानों को शानदार व्यंजनों, सिग्नेचर कॉकटेल, लाइव संगीत और शहर के आकर्षक नजारों का अनूठा अनुभव मिलेगा। रोमियो लेन के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट (कुलिनरी) वरुण माथुर ने कहा कि बुलेवार्ड वॉक आने वाले समय में दिल्ली-एनसीआर के प्रमुख लाइफस्टाइल हब के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि 31वीं मंजिल पर स्थित यह आउटलेट मेहमानों को बेहतरीन भोजन, मनोरंजन और शानदार माहौल का यादगार अनुभव प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि यह लॉन्च ऐसे समय में हुआ है जब ग्रेटर नोएडा वेस्ट तेजी से उभरते रिहायशी और व्यावसायिक केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है। युवा पेशेवरों और परिवारों की बढ़ती आबादी के कारण क्षेत्र में प्रीमियम डाइनिंग और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन की मांग लगातार बढ़ रही है। यह नया आउटलेट केवल डाइनिंग स्पेस नहीं, बल्कि एक ऐसा सोशल डेस्टिनेशन है जहां बेहतरीन खानपान, आकर्षक इंटीरियर, संगीत और शहर के विहंगम दृश्य एक साथ अनुभव किए जा सकेंगे। होम एंड सोल एचएंडएस के लिए भी यह लॉन्च महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बुलेवार्ड वॉक को रिटेल, हॉस्पिटैलिटी और बिजनेस गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है।

> दि विंग की 31वीं मंजिल पर है स्थित

डाई प्लेट, कटिंग मशीन सहित 2 प्रिंटिंग मशीन बरामद, 4 काबू

# नकली हैवेल्स पैकेजिंग पर बड़ी कार्रवाई 46 हजार से अधिक पैकेजिंग शीट्स जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

नकली विद्युत उत्पादों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए दिल्ली पुलिस और हैवेल्स इंडिया लिमिटेड ने संयुक्त अभियान चलाते हुए बड़े पैमाने पर छापेमारी की।

कार्रवाई के दौरान 46 हजार से अधिक नकली हैवेल्स पैकेजिंग शीट्स, प्रिंटिंग मशीनें और अन्य उपकरण जब्त किए गए। पुलिस ने चार लोगों को काबू किया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है।

अभियान के दौरान पहली कार्रवाई बीती 7 जून को चांदनी चौक स्थित बी.के. बिल्डिंग, मोती सिनेमा कॉम्पाउंड के एक गोदाम में की गई, जबकि दूसरी छापेमारी 22 जून को करावल नगर के अमर विहार इलाके में हुई। इन दोनों अभियानों में कोतवाली थाना पुलिस ने सहयोग



किया। कार्रवाई के दौरान करीब 11,600 नकली आउटर बॉक्स पैकेजिंग शीट्स बरामद की गईं और दो लोगों को हिरासत में लिया गया।

पहली छापेमारी से मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने मंडोली और शाहदरा क्षेत्रों में भी छापेमारी की। यहां से लगभग 35,000 नकली आउटर बॉक्स पैकेजिंग शीट्स, 15 डाई प्रिंटिंग प्लेटें, एक डाई कटिंग मशीन तथा दो प्रिंटिंग मशीनें बरामद की गईं, जिनका इस्तेमाल कथित रूप से नकली पैकेजिंग तैयार करने में किया जा रहा था।

इस कार्रवाई में दो अन्य लोगों को काबू किया गया। पुलिस मामले में मुख्य आरोपी की तलाश में जुटी है।

# पत्नी की हत्या में पति गिरफ्तार, साली के साथ था रिश्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

थाना धौज के अंतर्गत आलमपुर गांव में 23-24 जून की रात को एक महिला की हत्या के मामले में कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने आरोपी पति ताहिर हुसैन वासी गांव आलमपुर, फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। जिसको 3 दिन पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार आरोपी अपनी साली के साथ बातचीत करता था और उससे शादी करना चाहता था। जिस बारे उसकी पत्नी को जानकारी हो गई थी। जिस पर 23-24 जून की रात को उसकी व पत्नी जोया की कहासुनी हुई और आरोपी ने पत्नी जोया के साथ मारपीट की और चुन्नी से गला दबा कर उसकी हत्या कर दी। 23-24 जून की रात को गांव अलावलपुर में जोया नाम की महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। 24 जून को मृतका के पिता समशु वासी चिल्ली पलवल की शिकायत पर थाना धौज में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था।

### युवती ने आगरा नहर में लगाई छलांग, शादी तय होने से दवाब में थी

**फरीदाबाद।** परिवार वालों की तरफ से शादी का दबाव बनाए जाने पर पल्ला थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात 18 वर्षीय युवती ने आगरा नहर में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और बाद में एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। रात होने के कारण युवती का कोई सुराग नहीं लग सका।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम फरीदाबाद | सेक्टर-28, डीआईवी-V, एमसीएफ में चारदिवारी के पुनर्निर्माण, ग्रिलिंग, ग्रासिंग, और सजावटी वृक्षारोपण समेत मकान नं. 1880 के सामने पार्क का अपग्रेडेशन और सौन्दर्यीकरण + 4 कार्य। | 24.06.2026 01.07.2026 | 50,73,445/- | https://etenders.hry.nic.in | 1292411649 xenmcf5@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/46594/I/88/7 दि. 26.06.26



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी अजीम पुत्र** फिरोज, **पताः** मकान नं. 7816, नई बस्ती बाड़ा हिंदू राव, दिल्ली **FIR No. 487/2023, U/S: 392/394/411 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अज़ीम,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अज़ीम,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **अज़ीम, FIR No. 487/2023, U/S: 392/394/411 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.08.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11
केंद्रीय, कोर्ट नं. 138, केन्द्रीय जिला,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8254/N/2026
(Court Matter)



**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82 Cr.PC.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **राहुल, पुत्रः** साई राम **पताः** खानाबदोश, सामने की तरफ, 350 झुग्गी अम्बेडकर बस्ती, फुटपाथ देशबन्धु गुप्ता रोड़, करोल बाग, दिल्ली, **और भीः** गाँव जेब नोरा, नैनी के पास, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश, ने **FIR No.: 404/2024, U/s.: 379/411 IPC, थानाः करोल बाग, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **राहुल,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **राहुल,** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 404/2024, U/s.: 379/411 IPC, थानाः करोल बाग, दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त, **राहुल,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री निशात बांगढ़
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-01
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 180
तीस हजारी कोर्ट दिल्ली

DP/8533/CD/2026
(Court Matter)


कड़ी सुरक्षा के बीच मोहर्रम पर निकाला जूलूस

# मातमदारों ने बुलंद की या अली, या हुसैन के सदाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मोहर्रम की दसवीं तारीख यौमे ए अशुरा आशूरा पर मुस्लिम समाज में शिया व सुन्नी समुदाय के लोगों ने शुक्रवार को मोहर्रम का जुलूस निकाला। इस दौरान मातमदारों ने या अली, या हुसैन के सदाएं बुलंद कर इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद किया। डीसीपी नगर धवल जायसवाल खुद मौके पर रहे और निगरानी करते रहे। हज़रत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में नए बस अड्डे के सामने जीटी रोड पर आशूरा का जुलूस निकाला। कैला भट्टा के इस्लामनगर केला के इमामबाड़ा हुसैनी घर से जुलूस व आलम निकाले गए। जो ट्रक यूनियन से होते हुए जीटी रोड और फिर बोझा वाली कर्बला में जाकर समापन हुआ। जुलूस में मातमदारों ने या अली, या हुसैन के सदाएं बुलंद कर इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की शहादत को याद किया। नोहे और मर्सिया पढ़कर इतिहास की उसे निर्मम घटना का वर्णन किया जिसमें इमाम हुसैन ने अन्याय के खिलाफ अपनी जान कुर्बान कर सत्य और न्याय का संदेश दिया।

महिला को जान से मारने की धमकी दी थी

# मारपीट व छेड़छाड़ के मामले के आरोपी को साक्ष्य के अभाव में कोर्ट ने किया बरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

निवाड़ी थाना क्षेत्र के महिला से मारपीट, छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट-3 के मजिस्ट्रेट कपिल यादव की कोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद आरोपी मनु उर्फ सुधीर कुमार शर्मा को मुख्य आरोपों से बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 9 अप्रैल 2024 को निवाड़ी थाना क्षेत्र की एक महिला ने आरोप लगाया था कि आरोपी मनु उर्फ सुधीर शर्मा उसके घर में घुस आया और उसके साथ अभद्रता, मारपीट तथा छेड़छाड़ की।


**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर**
**INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR**

विज्ञापन सं.: R/06/2026 दिनांक जून 16, 2026

संस्थान विनोद गुप्ता स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में प्रोफेसर और डीन के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

1. प्रोफेसर और संकायाध्यक्ष – 01 (पद)

विस्तृत विवरण एवं अद्यतन जानकारी के लिए देखें :
https://erp.iitkgp.ac.in/Jobs/auth/facapps.htm

ऑनलाइन एप्लीकेशन जमा करने की आखिरी तारीख : 16.07.2026

कुलसचिव/ Registrar

CBC-21255/11/0005/2627



**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NITNO.23/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2026-27DATED 13.06.2026 (ONLINE TENDER ID NO.2026_HBC_529005_1) | "बोली खुलने की तिथि 25.06.2026 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 02.07.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)।" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | E.NIT NO.06/XEN TS DIV HVPNL HISAR/2026-27 DATED 08.06.2026 TENDER REF. NO. /E-TENDER ID: 2026_HBC_527494_12026C88931CCB51A48D18102 DC67830699A7967HVP | "बोली खुलने की तिथि 08.06.2026 15:00 बजे से ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 13.07.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | NITNO.19/CWD-2/VOL-XX/HVPN/2026-27DATED 29.05.2026 (ONLINE TENDER ID NO.2026_HBC_525282_1) | "बोली खुलने की तिथि 26.06.2026 (11:00 बजे) ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 02.07.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)।" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 4 | एचवीपीएनएल | E.NIT NO.05/XEN TS DIV HVPNL HISAR/2026-27 DATED 08.06.2026 TENDER REF. NO. /E-TENDER ID:2026_HBC_527478_1 2026B382D8F9989146DB877F933A09 D68CE6967HVP | "बोली खुलने की तिथि 08.06.2026 15:00 बजे से ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 13.07.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 5 | एचवीपीएनएल | 20/XEN/TS/SRS/2025-26DATED17.12.2025,ONLINE TENDER ID :2025B59F8A60 2606 4E29 935B 665AD 8069DCC968HVP/2025_HBC_490998_1 | "बोली खुलने की तिथि 17.12.2025 (15:00 बजे) थी और ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 10.08.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 6 | एचवीपीएनएल | 19/XEN/TS/SRS/2025-26DATED17.12.2025,ONLINE TENDER ID :2025B93E3DFA 0191 4917 9058 793D6 E43DFA2968HVP/2025_HBC_490990_1 | "बोली खुलने की तिथि 17.12.2025 (15:00 बजे) थी और ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 10.08.2026 (15:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 7 | एचवीपीएनएल | 20263E4F8466 9E95 4CB8 A4CE C7AC4C34A8C6 1056HVP/ TENDER ID:2026_HBC_523421_1/ E-TENDER ENQUIRY NO.0521202614-22-42/HVPNL DEPTT/HRYDATED21.05.2026 | "शुद्धिपत्र (पुनर्निविदा) सं. 02, ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 10.07.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है।" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/140/46603/I/88/7 दि. 26.06.26

हाईकोर्ट में 13 जुलाई को अगली सुनवाई

# यूपी सरकार का फैसला असंवैधानिक ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने पर रोक

बिना वैधानिक आधार के ऐसी व्यवस्था लागू नहीं की जा सकती



हरिभूमि न्यूज ▸▸ प्रयागराज

यूपी में ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाए जाने के सरकार के फैसले पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया इस व्यवस्था को संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप नहीं माना और सरकार के आदेश पर सवाल उठाए हैं। दरअसल, मई 2026 में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद राज्य सरकार ने अगले आदेश तक मौजूदा ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक के रूप में कार्य करने की अनुमति दी थी। इस निर्णय को चुनौती देते हुए याचिकाकर्ता अरविंद राठौर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि पंचायत व्यवस्था संविधान के अनुरूप संचालित होनी चाहिए। बिना वैधानिक आधार के ऐसी व्यवस्था लागू नहीं की जा सकती।

**आदेश को महत्वपूर्ण माना जा रहा है**

कोर्ट ने सरकार के आदेश के क्रियान्वयन पर फिलहाल रोक लगाते हुए मामले की अगली सुनवाई 13 जुलाई निर्धारित की है। हाईकोर्ट के इस आदेश को पंचायत व्यवस्था और स्थानीय स्वशासन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब सभी की नजर 13 जुलाई की अगली सुनवाई पर रहेगी, जहां इस मामले में आगे की कानूनी स्थिति स्पष्ट हो सकती है।

जनता दर्शन में 200 लोगों की समस्याएं सुनीं, योगी बोले

# जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ शीघ्र समाधान कराएं अधिकारी

जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठे लोगों तक सीएम स्वयं चलकर पहुंचे और सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को पास में खड़े अधिकारियों को हस्तगत कर समस्या समाधान कराने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोरखपुर

सीएम योगी ने शुक्रवार को गोरखपुर प्रवास के दौरान सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की हर समस्या का शीघ्र समाधान कराएं। लोगों की शिकायतों को संवेदनशीलता से लेकर संतुष्टिप्रद निस्तारण सुनिश्चित कराने में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में पहुंचे लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा, सरकार सबकी समस्या पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएगी। जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी करीब 200 लोगों से मिले। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर लगी कुर्सियों पर बैठे लोगों तक सीएम स्वयं चलकर पहुंचे और सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को पास में खड़े अधिकारियों को हस्तगत कर समस्या समाधान कराने आवश्यक दिशानिर्देश दिए।



**धन के अभाव में नहीं रुकेगा किसी का इलाज**

हर बार की तरह कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। हृदय रोग से पीड़ित एक महिला से उन्होंने कहा कि इलाज के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से पर्याप्त आर्थिक सहायता दी जाएगी। सीएम योगी ने जमीन कब्जे से जुड़ी शिकायतों पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में त्वरित व कड़े कदम उठाए जाएं।

## पेज एक का शेष

### राम मंदिर चढ़ावा ...

शाम ट्रस्ट के सदस्य कृष्ण मोहन की शिकायत पर इस मामले में पहली एफआईआर दर्ज की गई। दर्ज एफआईआर में चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्रा समेत ट्रस्ट के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों के नाम शामिल नहीं हैं। मामले की जांच और पुलिस कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

### भाजपा-आरएसएस ...

आमंत्रित सदस्य राजीव शुक्ला ने मांग की कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश इस मामले का स्वतः संज्ञान लेकर जांच का आदेश दें और उनकी निगरानी में पूरी जांच कराई जाए। उन्होंने कहा कि मौजूदा श्रीराम मंदिर ट्रस्ट को तुरंत भंग कर भाजपा-आरएसएस के नेताओं को उससे बाहर किया जाए। ट्रस्ट का संचालन राजनीति से नहीं होना चाहिए। ट्रस्ट का संचालन शंकराचार्यों, साधु-संतों एवं अन्य धार्मिक लोगों के हाथों में सौंपा जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मुद्दे पर चुप्पी तोड़ने और तुरंत हस्तक्षेप कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग भी की।

### योजना के तहत...

में अपने लोगों को बैठाओ, फिर वहां आने वाले चंदे और चढ़ावे को हड़पकर उसका इस्तेमाल राजनीति के लिए करो।

**बेरहमी से लूटा चंदा और चढ़ावा:** राजीव शुक्ला ने कहा कि पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने और गिरफ्तारियां होने से यह साफ हो गया है कि श्रीराम मंदिर में हजारों करोड़ रुपये के चंदे तथा चढ़ावे की भयानक लूट हुई है। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने से, गांवों से और बेहद गरीब लोगों ने भगवान श्रीराम के प्रति अपनी अटूट आस्था के चलते चंदा दिया और चढ़ावा चढ़ाया था, जिसे बेरहमी से लूट लिया गया।

**करोड़ों के आभूषण गायब:** वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि नकद चढ़ावे की राशि को गिनती में कम करके दिखाया जाता था तथा सोने-चांदी के आभूषणों और अन्य बहुमूल्य वस्तुओं का कोई रिकॉर्ड तक नहीं रखा जाता था। उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ रुपये के आभूषण गायब हैं और यह सभी श्रद्धालुओं के साथ बहुत बड़ा धोखा है। उन्होंने भाजपा के पुराने चुनावी नारे पर तंज कसते हुए कहा कि पिछले चुनाव में भाजपा कहती थी कि 'जो राम को लाए हैं, उन्हें सत्ता में लाइए'; अब जिन्होंने भगवान श्रीराम के नाम पर इतनी बड़ी लूट की है, उनकी क्या सजा होनी चाहिए?

### भाजपानीत केंद्र...

जरिए पंजीकृत ट्रस्टों पर कड़े नियम लागू करती है, जबकि दूसरी ओर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) जैसी अपंजीकृत संस्थाओं को खुली छूट मिली हुई है। उन्होंने इसे दोहरे मानदंड का उदाहरण बताया। वेणुगोपाल ने यह भी दावा किया कि मामले में दर्ज एफआईआर में मंदिर ट्रस्ट के उन शीर्ष पदाधिकारियों के नाम शामिल नहीं किए गए हैं, जिन्हें मंदिर की दान राशि की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उनके अनुसार, उत्तर प्रदेश पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने केवल निचले स्तर के पदाधिकारियों को आरोपी बनाया है, जबकि कथित घोटाले के शीर्ष जिम्मेदार लोगों को जांच के दायरे से बाहर रखा गया है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच केवल सुप्रीम कोर्ट के वर्तमान न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित स्वतंत्र जांच से ही संभव है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी जांच से ही मंदिर की दान राशि के कथित दुरुपयोग की पूरी सच्चाई सामने आ सकेगी।

### 'डिटेक्ट, डिसरप्ट...

जाएगा। अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि ड्रग्स के कारोबारियों के प्रति सरकार की नीति पूरी तरह कठोर होगी, जबकि नशे की चपेट में आए युवाओं के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशे के शिकार युवाओं के पुनर्वास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

### अर्जित संपत्ति को...

साथ ही बड़े एनडीपीएस मामलों में वित्तीय जांच को अनिवार्य बताते हुए कहा कि अपराध से अर्जित संपत्ति को फ्रीज़ और जब्त करना जांच की प्राथमिकता होनी चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि विदेशों में छिपे ड्रग तस्करों और गैंगस्टरों के विरुद्ध रेड कॉर्नर नोटिस, प्रत्यर्पण तथा सीबीआई के माध्यम से कार्रवाई तेज करने के लिए राज्यों को प्रभावी तंत्र विकसित करना चाहिए। उन्होंने बड़े मामलों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के माध्यम से वित्तीय जांच को भी आवश्यक बताया।

### जन-जागरूकता...

राज्यों से भी अपने-अपने उच्च न्यायालयों के माध्यम से विशेष एनडीपीएस अदालतों की स्थापना का आग्रह किया।

**नए खतरों से निपटने के लिए हों मजबूत:** अमित शाह ने कहा कि एनसीबी द्वारा तैयार 'विजन डॉक्यूमेंट ऑन नारकोटिक्स कंट्रोल 2026-2029' का उद्देश्य सिंथेटिक ड्रग्स, डार्कनेट नेटवर्क, सीमा पार तस्करी तथा उभरते नए खतरों से निपटने के लिए संस्थागत क्षमता को और मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्रों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों, गांवों, सामुदायिक पुलिसिंग और अपराध मानचित्रण के जरिए प्रत्येक ड्रग नेटवर्क की पहचान कर उसके खिलाफ समन्वित कार्रवाई की जाएगी।

**जम्मू और गुवाहाटी में नए कार्यालय का उद्घाटन:** गृह मंत्री शाह ने बताया कि सरकार का रोडमैप चार प्रमुख स्तंभों पर आधारित है- प्रवर्तन, खुफिया एवं ऑपरेशन; प्रीकर्सर और सिंथेटिक ड्रग नियंत्रण; मांग में कमी और पुनर्वास; तथा क्षमता निर्माण एवं विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय। बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एनसीबी वार्षिक रिपोर्ट-2025' का विमोचन किया तथा जम्मू और गुवाहाटी में एनसीबी के नए जोनल कार्यालयों का ई-उद्घाटन भी किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्यों के संयुक्त प्रयासों से भारत को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य को और मजबूती मिलेगी।

### सबसे लंबी दूरी का ...

उत्तरी वेनेजुएला को मदद देने के लिए सेना की फील्ड अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सा कर्मियों की टीम सी-17 विमानों की लैंडिंग के साथ इलाके में युद्धस्तर पर राहत-बचाव कार्य में जुट जाएगी। टीम में 41 कर्मियों में 9 मेडिकल अधिकारी भी शामिल हैं। जो कि भूकंप प्रभावितों को आपातकालीन चिकित्सा देखभाल, ट्रामा प्रबंधन, जीवन रक्षक शल्य चिकित्सा सहायता और अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। यह टीम अपने साथ विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई 6 टन मेडिकल सहायता और मानवीय राहत सामग्री लेकर वेनेजुएला रवाना हुई है। दोनों में से एक सी-17 विमान में देश की आरोग्य मैत्री परियोजना के तहत बनाई गई भीष्म क्यूब (भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग, हित एंड मैत्री) भूकंप प्रभावितों की सहायता के लिए भेजी गई है। बीते वक्त में श्रीलंका में आए भीषण चक्रवात के दौरान मानवीय सहायता के लिए चलाए गए राहत अभियान में भी सेना के 60 पैरा फील्ड अस्पताल ने बेहद महत्वपूर्ण निभाई थी।

**200 मरीजों का इलाज संभव:** भीष्म क्यूब एक स्टेट ऑफ द आर्ट स्वदेशी और तेजी के साथ कहीं पर भी तैनात की जाने वाली मेडिकल सुविधा है। जिसे खासतौर पर प्राकृतिक आपदाओं तथा मानवीय प्रतिक्रिया के दौरान इस्तेमाल किया जाता है। क्यूब में ऐसे मेडिकल मॉड्यूल हैं, जो कहीं पर कभी भी आसानी से लगाए जा सकते हैं और एक पूर्ण रूप से संचालित फील्ड अस्पताल का रूप ले सकते हैं। जिससे उन्नत ट्रॉमा देखभाल, आपातकालीन सर्जरी, इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) के अलावा 200 मरीजों को जरूरी चिकित्सा उपचार प्रदान किया जा सकता है। इस फील्ड अस्पताल में एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने में सक्षम वेंटीलेटर, रोगी की निगरानी, जांच-सर्जरी के उपकरण, पावर जनरेटर और ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम शामिल हैं। भीष्म क्यूब ने सराहनीय रूप से भारत की दुनियाभर में मानवीय संकट के समय पर मेडिकल सहायता प्रदान करने की क्षमता को कई गुना बढ़ा दिया है। ऑपरेशन अमिस्ताद के जरिए भेजे गए मेडिकल दल के जरिए भारत की मुश्किल वक्त में मानवीय सहायता और आपदा राहत सामग्री पहुंचाने की प्रतिबद्धता, मित्र राष्ट्रों को समय पर मदद देने की भावना मजबूती के साथ प्रदर्शित होती है।

### मौत के मलबे ...

नहीं हारी और एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे दिया। मौके पर पहुंचे बचावकर्मियों ने मुस्तैदी दिखाते हुए दोनों को प्राथमिक मेडिकल सहायता दी और बेहद सावधानी से मलबे से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर के अनुसार मां और नवजात दोनों सुरक्षित और खतरे से बाहर हैं। इस भावुक कर देने वाले घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वेनेजुएला में आए इस भीषण भूकंप में अब तक 235 लोगों की मौत हो चुकी है और 4,000 से अधिक लोग घायल हैं। ऐसे संकट के बीच इस मासूम की किलकारी ने लोगों में उम्मीद जगाई है।

### युवक कांग्रेस अध्यक्ष ...

चुनावों और संगठन विस्तार अभियान को ध्यान में रखते हुए अपने विभिन्न संगठनात्मक ढांचे में बदलाव कर रही है। हाल ही में पार्टी ने कई राज्यों के प्रभारियों में भी फेरबदल किया है। उसी क्रम में सेवा दल के नेतृत्व में यह बदलाव संगठन को अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

### हरियाणा में नशे...

हुए दिए। उन्होंने विभाग से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं, बजट घोषणाओं तथा संकल्प पत्र के कार्यों की प्रगति की भी

समीक्षा की और इनके संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थितगण को नशे की रोकथाम में सहयोग देने और परिवार, समाज व देश को नशामुक्त करने में सहयोग देने की शपथ भी दिलवाई। सैनी ने कहा कि प्रदेश में नशे पर पूर्ण रोक लगाने के लिए इसकी बिक्री के नेटवर्क को तोड़ना आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने 'सेवा' विभाग के नेतृत्व में ग्रामीण स्तर पर सरपंच, वार्ड सदस्य, बीडीपीओ, एसएचओ व क्षेत्र में कार्यरत किसी एनजीओ को शामिल करते हुए तथा शहरी क्षेत्र में नगर निकाय के सचिव, वार्ड पार्षद, एचएचओ तथा एनजीओ को शामिल करते हुए ज्वाइंट टास्क फोर्स बनाने के निर्देश दिए। यह टास्क फोर्स ऐसे स्थानों को चिह्नित करेंगी जहां नशे की बिक्री होती हो और सख्ती से नशे के सौदागरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। नशे के कारोबार में लगे लोगों में इस टास्क फोर्स के प्रति भय होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा पीड़ितों के लिए प्रदेश में और अधिक नशा मुक्ति केंद्र व रिहैबलिटेशन सेंटर खोले जाएंगे। नशा मुक्ति केंद्र में जो व्यक्ति इलाज करवाकर बाहर निकलते हैं उनकी 3 महीने तक विशेष देखरेख की जाए और इनके लिए कौशल ट्रेनिंग तथा रोजगार देने की भी कार्ययोजना तैयार की जाए। नशा पीड़ितों के साथ मैत्री संबंध बनाकर इन्हें फिर से समाज की मुख्य धारा में शामिल करके ही हम आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं। 'सेवा' विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती जी. अनुपमा ने बताया कि राज्य में 119 नशा मुक्ति केंद्र, 29 रिहैबलीटेशन सेंटर तथा 2 मनोरोग अस्पताल चल रहे हैं। कुरुक्षेत्र में पीपीपी मोड पर 6 एकड़ में एक रिहैबलीटेशन सेंटर शुरू किया जाएगा। नशा मुक्ति के लिए विभाग ने ड्रग एडिक्ट मोनिटरिंग सिस्टम भी बनाया गया है ताकि नशा मुक्ति के बाद व्यक्ति की समुचित निगरानी की जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह फिर से नशे का आदी न हो।

### शिक्षा व्यवस्था ...

केंद्र को घेरने के कांग्रेस के अभियान के तहत अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, देहरादून, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कोलकाता, कोटा, नागपुर, पटना, पुणे, रांची, श्रीनगर, तिरुवनंतपुरम, विजयवाड़ा, मेरठ सहित 28 शहरों में वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस वार्ताएं कर शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। पार्टी का कहना है कि यह अभियान केवल पेपर लीक तक सीमित नहीं है, बल्कि देश में आधुनिक, समावेशी और भविष्य उन्मुख शिक्षा व्यवस्था पर राष्ट्रीय बहस शुरू करने का प्रयास है।

**सरकार जवाबदेही तय करे:** इस अभियान का संयोजन कर रहे कांग्रेस के एक युवा नेता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और युवाओं को इस अभियान से जोड़कर परीक्षा प्रणाली, भर्ती प्रक्रिया और शिक्षा क्षेत्र में व्यापक सुधार की मांग को राष्ट्रीय स्तर पर उठाएगी। पार्टी का आरोप है कि लगातार सामने आ रहे परीक्षा विवादों से युवाओं का व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हुआ है और सरकार को इसकी जवाबदेही तय करनी चाहिए। हालांकि, शिक्षा मंत्रालय और केंद्र सरकार ने कांग्रेस के इन आरोपों को स्वीकार नहीं किया है। सरकार का कहना रहा है कि परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं।

### सरकार ने पहली ...

भारत के सामने गिड़गिड़ाते हुए संघर्षविराम करने की अपील की, जिसे नई दिल्ली ने स्वीकार किया। उधर, वर्तमान में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध बेपटरी हैं। भारत ने पाकिस्तान को साफ शब्दों में यह बता दिया है कि जब तक वह नई दिल्ली के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देना बंद नहीं करेगा। तब तक भारत के साथ उसके संबंध किसी भी सूरत में सामान्य नहीं हो सकते हैं और वह आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलेगा। टीआरएफ, दरअसल पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन का एक छद्म रूप है। जिसकी फुल फार्म द रेजिस्टेंस फ्रंट है। घटना के तुरंत बाद एक नहीं दो बार इस संगठन ने हमले की जिम्मेदारी ली थी।

**6 शहीदों में 1 अग्निवीर, 2 वीरता पुरस्कार कर्मी:** परेशन सिंदूर के 6 शहीदों में मुख्यालय 10 इन्फेंट्री ब्रिगेड के सूबेदार मेजर पवन कुमार, 4 जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फेंट्री के राइफलमैन सुनील कुमार, पांच फील्ड रेजिमेंट के लांस नायक दिनेश कुमार, 237 फील्ड वर्कशॉप कंपनी के हवलदार सुनील कुमार सिंह, 851 लाइट रेजिमेंट के एविएशन टेक्नीशियन व अग्निवीर मूड मुरली नाइक और वायुसेना के 39 विंग के सार्जेंट सुरेंद्र कुमार शामिल हैं। जिनमें राइफलमैन सुनील कुमार को वीर चक्र (मरणोपरांत) और सार्जेंट सुरेंद्र कुमार को महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वायुसेना पदक (मरणोपरांत) से सम्मानित किया है। यह अभियान सशस्त्र सेनाओं के बीच बेहतरीन समन्वय और एकीकरण को प्रदर्शित करता है।

# 29 जून की डेडलाइन से पहले राबड़ी आवास खाली करने की तैयारी तेज

एजेंसी ▸▸ पटना

10 सर्कुलर रोड स्थित पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के सरकारी आवास को खाली करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। सरकार की ओर से 29 जून तक बंगला खाली करने का अंतिम अल्टीमेटम दिया गया है। इसी बीच आवास से सीसीटीवी कैमरे हटाए जाने और सामान की पैकिंग शुरू होने से शिफ्टिंग की तैयारियां तेज होती दिख रही हैं। शुक्रवार को आवास के भीतर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को खोल दिया गया।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC/84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद सद्दाम, पुत्रः** मोहम्मद नज़ीम, **निवासी:** म. नं. जेड–102, गली नं. 11, प्रेम नगर–तृतीय, किराड़ी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 242/21 U/s 188 IPC, थानाः प्रेम नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सद्दाम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सद्दाम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 242/21 U/s 188 IPC, थानाः प्रेम नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद सद्दाम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शगुन
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–06 (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 109, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8660/RD/2026
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सचिन उर्फ सूरज** पुत्र प्रेम सिंह, निवासी ई–163, विजय विहार फेज–2, दिल्ली दूसरा पता जे–2/6, बुध विहार फेज–1, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 294/2018 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना विजय विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सचिन उर्फ सूरज** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सचिन उर्फ सूरज** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C./84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 294/2018 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना विजय विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सचिन उर्फ सूरज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **29.07.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री शगुन,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी –06, (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 109, प्रथम तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8234/RD/2026

**भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
टेली फैक्स : 07740-252273 email:bssukm1@gmail.com
Contact No. - 09454221467, 08305143251,09893404589

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट पुनः निविदा सूचना ::-**

निविदा विज्ञप्ति क्र. - 04 दिनांक- 26/06/2026

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला- कबीरधाम में विभिन्न इंजीनिरिंग सामग्री क्रय / कार्य हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311 /- रू. (1000/-रु. + 311/- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | पुनः ई-निविदा क्रमांक - 194271 (Only OEM & Authorized Dealer) विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री | दिनांक 27/06/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 04/07/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 04/07/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से |
| 2 | पुनः ई-निविदा क्रमांक - 194272 (Non Authorized Suppliers) विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री | दिनांक 27/06/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 06/07/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | 06/07/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से |
| 3 | पुनः ई-निविदा क्रमांक - 194273 (Only OEM & Authorized Dealer/Stockist) विभिन्न इलेक्ट्रिकल सामग्री | दिनांक 27/06/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 07/07/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 07/07/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से |
| 4 | पुनः ई-निविदा क्रमांक - 194274 (Only OEM & Authorized Dealer) Bearing Items | दिनांक 27/06/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 08/07/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | 08/07/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से |
| 5 | ई-निविदा सूचना क्रमांक - 194285 (Only OEM & Authorized Dealer/Experiences) A.M.C. Modification/Fabrication and Maintenance Work | दिनांक 27/06/2026 समय रात्रि 08:00 बजे से 09/07/2026 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 09/07/2026 समय दोपहर 12:30 बजे से |

निविदा की नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.co.in में अवलोकन कर सकते है।

महाप्रबंधक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण नीलामी एवं आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदार(ों) को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से स्वर्ण आभूषणों के तहत प्राप्त किए गए ऋण के तहत बकाया देय राशि का भुगतान करने के लिये एक सूचना जारी की गई थी।
देय राशि के पुनर्भुगतान में विफल रहने की वजह से, गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की नीलामी 27 जुलाई 2026 को आयोजित की जाएगी। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी नियम व शर्तें सम्बन्धित कानूनी वारिस(ों) के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नम्बर | कर्जदार का नाम | नीलामी शाखा पता |
|---|---|---|
| शाखा का नाम : बालसमंद | | आईसीआईसीआई बैंक लि., गांव व डा. बालसमंद, ज़िला हिसार, हरियाणा - 125004 |
| 661257015088 | राजबीर | |
| शाखा का नाम : भिवानी | | आईसीआईसीआई बैंक लि., मेन चौक, सर्कुलर रोड, भिवानी - 127021 |
| 072957000423 | प्रवीन प्रवीन | |
| शाखा का नाम : धारूहेड़ा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., राव रतन सिंह कॉम्प्लेक्स, निकट गणपति प्लाजा, नंदरामपुर बास रोड, धारूहेड़ा, रेवाड़ी ज़िला, हरियाणा - 123106 |
| 162905002403 | रणजोध सिंह | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद, सेक्टर-31 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नंबर 63, हुडा मार्केट, सेक्टर-31, फरीदाबाद, हरियाणा-121003 |
| 488905000164 | शालू गोयल | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद- एनआईटी | | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 5-ए, नेहरू ग्राउंड (नेहरू पार्क), एन.आई.टी. फरीदाबाद, हरियाणा-121001 |
| 102557000588 | मनीषा जायसवाल | |
| शाखा का नाम : फरीदाबाद- सेक्टर-16 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., बूथ नंबर 104105, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, सेक्टर-16, फरीदाबाद, हरियाणा-121007 |
| 008357001442 | विवेक शर्मा | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेंट्रल आर्केड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., दुकान नंबर 109, 110, 112, 140, 141, 142, 143, 144, ग्राउंड फ्लोर, सेंट्रल आर्केड, डीएलएफ सिटी, फेज II, गुड़गांव, हरियाणा-122002 |
| 661457015010 | राहुल कुमार | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - डीएलएफ कार्पोरेट पार्क | | आईसीआईसीआई बैंक लि., ब्लॉक नंबर 1, ग्राउंड फ्लोर, डीएलएफ कॉर्पोरेट पार्क, डीएलएफ फेज III, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 |
| 732557000018 | प्रशांत कुमार | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-38 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ नं. 9, अर्बन एस्टेट, सेक्टर-38, गुड़गांव-122003, हरियाणा |
| 555757000007 | अनुराग अनुराग | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - बादशाहपुर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., खेवट नंबर 402/451 का भाग, मुस-95, किला नंबर 105 (2-10), बादशाहपुर, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 |
| 085857000106 | चिराग भारद्वाज | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-14 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीओ 18 19, हुडा शॉपिंग सेंटर, सेक्टर 14, मार्केट कॉम्प्लेक्स, गुड़गांव, हरियाणा-122001 |
| 002157001750 | रबिन्द्र नाथ महापात्रा | |
| शाखा का नाम : गुड़गांव - सेक्टर-17 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., हुडा मार्केट, सेक्टर-17, गुड़गांव-122001 |
| 346857000033 | मनीषा | |
| शाखा का नाम : हरसरू | | आईसीआईसीआई बैंक लि., किला नंबर 103/2, पटौदी रोड, हरसरू, गुरुग्राम, हरियाणा - 123505 |
| 480157000018 | अमनदीप पिलानिया | |
| शाखा का नाम : इसराना | | आईसीआईसीआई बैंक लि., प्लॉट नंबर 68, अमर अनाज मंडी, गांव और उपतहसील इसराना, जिलाः पानीपत, हरियाणा 132107 |
| 211757000269 | तेजवीर तेजवीर | |
| शाखा का नाम : झज्जर | | आईसीआईसीआई बैंक लि., जय दुर्गे बिल्डिंग, रोहतक रोड, राजोतिया अस्पताल के पास, झज्जर, हरियाणा-124103 |
| 140257000385 | संदीप सोलंकी | |
| शाखा का नाम : पंचकूला - सेक्टर-7 | | आईसीआईसीआई बैंक लि., एससीएफ 71, सेक्टर 7, पंचकुला 134109 |
| 341457000021 | कल्पना नाथ | |
| 341405000628 | सुमित शर्मा | |
| 341405000623 | रूपा सूद | |
| शाखा का नाम : रोहतक | | आईसीआईसीआई बैंक लि., अशोक प्लाजा, दिल्ली रोहतक रोड, रोहतक, हरियाणा 124001 |
| 016857000257 | मोनिका सांगवान | |
| शाखा का नाम : सौंदा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., गांव-सौंदा, उप जिला-अंबाला, जिला-अंबाला, हरियाणा, 134003 |
| 294405000260 | गुरप्रीत सिंह | |
| शाखा का नाम : सिरसा | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 16/753, होटल जय विलास के सामने, बीपीसीएल परमेश्वर सर्विस स्टेशन के साथ में, डबवाली रोड, सिरसा - 125055 |
| 073305003113 | मुंशीराम | |
| शाखा का नाम : सोनीपत-गोहाना रोड | | आईसीआईसीआई बैंक लि., गोहाना रोड, इंडियन कॉलोनी, सोनीपत, हरियाणा-131001 |
| 545357000034 | करिश्मा करिश्मा | |
| शाखा का नाम : मोतीहारी | | आईसीआईसीआई बैंक लि., हजर ज्योति कॉम्प्लेक्स, बैंक रोड, मोतीहारी, जिला-पूर्वी चंपारण, बिहार-845401 |
| 133462006908 | गौरव सिसोदिया | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-चांदनी चौक | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 1820, चांदनी चौक, निकट सीसगंज गुरुद्वारा, दिल्ली-110006 |
| 629257003916 | सुर्वेश | |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-कनॉट प्लेस | | आईसीआईसीआई बैंक लि., 9ए, फेल्प्स बिल्डिंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली 110001 |
| 000705058089 | प्रमोद कुमार | |

नीलामी ऊपर तालिका में वर्णित पते/पतों पर और तिथि/तिथियों को आयोजित की जाएगी। समय : अप. 3.00 बजे - अप. 6.00 बजे।
कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/नीलामी का मोड परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
इच्छुक पार्टियां नीलामी के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु उपरोक्त शाखा/शाखाओं में पधार सकते हैं।
दिनांक : 27.06.2026
स्थान : गुरुग्राम, अम्बाला, भिवानी, हिसार, सिरसा, सोनीपत, फरीदाबाद, पंचकूला, रेवाड़ी, पानीपत, झज्जर, रोहतक

भवदीय, हस्ता/- प्राधिकृत हस्ताक्षरी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



# रणबीर की रामायणम करेगी 3300 करोड़ से ज्यादा कमाई?

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी के निर्देशन बन रही रामायणम दो पार्ट में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन, अभी से ही इस फिल्म की बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अनुमान आने शुरू हो गए हैं। मशहूर थिएटर ओनर और फिल्म ट्रेड एनालिस्ट विश्वेक चौहान का कहना है कि रामायणम कमाई के मामले में रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर फ्रैंचाइजी के 3300 करोड़ रुपए के कलेक्शन के रिकॉर्ड को तोड़ देगी। धुरंधर फ्रैंचाइजी ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। यह आमिर खान की दंगल के बाद दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई। अब सबकी नजर रणबीर की रामायणम पर टिकी हुई है। विश्वेक चौहान ने आगे कहा कि रामायणम लोगों के दिल के बहुत करीब है।

लाइफ Style

# संचिता

## परिवार के खिलाफ जाकर की एक्टिंग

एजेंसी ⏭ मुंबई



मुझे बस अच्छे प्रोजेक्ट का इंतजार था, जिसमें मैं अपनी भूमिका न्यायसंगत तरीके से निभा सकूं। 'ठुकरा के मेरा प्यार' के पहले सीजन के पहले मैं इस इंडस्ट्री में बिल्कुल नई थी। उसके बाद मुझे कास्टिंग निर्देशकों के जिस तरह से फोन या मैसेज आए हैं, उससे ये पता चलता है कि अब लोग मुझे इंडस्ट्री में पहचान गए हैं।' शो का नायक और संचिता के पात्र का प्रेमी आगे चलकर आईएएस अधिकारी बन जाता है। ऐसे में बिहार के भागलपुर से आने वाली संचिता अपने अभिनय सफर के बारे में बताती हैं, 'मेरे पापा चाहते थे कि मैं आईएएस अधिकारी बनूं, क्योंकि मैं बिहार से हूं। वहां के माता-पिता की अपने बच्चों से यही उम्मीद होती है कि उनका बच्चा इंजीनियर, डॉक्टर बने या यूपीएससी पास कर आईएएस अधिकारी बने। हालांकि, मैंने इनमे से कुछ नहीं किया मैंने तीसरा रास्ता (अभिनय) चुना।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे बचपन से ही फिल्मों की दुनिया बहुत पसंद रही है। जब भी मैं कोई फिल्म देखती थी तो अंदर से दिल करता था कि मैं भी एक्टिंग करूं। मैंने आठवीं या नौवी कक्षा में टिकटॉक वीडियोज से एक्टिंग करना शुरू किया था। धीर-धीरे मेरा सफर आगे बढ़ता गया, लोगों को मेरे वीडियोज पसंद आने लगे। उसी प्रवाह में आगे बढ़ते हुए मैंने अपना पहला ऑडिशन दिया, जिससे मुझे मेरी पहली तेलुगु फिल्म मिली। फिर धीरे-धीरे मैं पूरी तरह से इस पेशे में ढल गई।'

माना जाता है कि एक सफल प्रोजेक्ट कलाकार की आगे की राहें आसान कर देता है। हालांकि, साल 2024 में प्रदर्शित वेब सीरीज 'ठुकरा के मेरा प्यार' की सफलता के बाद भी अभिनेत्री संचिता बासु की कहानी कुछ अलग दिखती है। हाल ही में इस शो का दूसरा सीजन जियो हॉटस्टार पर प्रदर्शित हुआ, दोनों सीजन के बीच में संचिता ने कोई दूसरा शो नहीं किया। वह कहती हैं, "मैंने ऐसा सोच समझकर नहीं किया। मैं तो काम रही थी, लगातार ऑडिशन दे रही थी।

हॉलीवुड मसाला



# मिल्ड्रेड पियर्स से मिली थी पहचान

**नई दिल्ली।** ऑस्कर के लिए नॉमिनेटेड एक्ट्रेस ऐन ब्लाइथ का निधन हो गया है। वह 98 साल की थीं। उन्हें 1945 की क्लासिक फिल्म 'मिल्ड्रेड पियर्स' में जोन क्रॉफर्ड की चालाक बेटी 'वेडा' का किरदार निभाने के लिए जाना जाता है। 'वेदा' का किरदार निभाने के लिए एक्ट्रेस को 'बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस' के तौर पर एकेडमी अवॉर्ड के लिए नॉमिनेशन मिला। उस समय क्रॉफर्ड ने एमजीएम छोड़ दिया था, फिर भी उन्होंने खुद उस 16 साल की एक्ट्रेस के साथ स्क्रीन टेस्ट में शामिल होकर ब्लाइथ को कास्ट करने का समर्थन किया।



# योलान्डा ने 62 साल की उम्र में की सगाई

**लॉस एंजिल्स।** सुपरमॉडल जीजी हदीदी और बेला हदीदी की मां योलान्डा किसी जमाने में भी खुद भी मॉडल रही थीं। हाल ही में उनकी सगाई की खबर सामने आई है। 62 साल की उम्र में वह तीसरी बार अपना घर बसाने वाली हैं। योलान्डा हदीद की सगाई की खबर ने फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को चौंका दिया। दरअसल, उन्होंने अपने नए रिश्ते को दुनिया से अब तक छिपाकर रखा था। खबर है कि उन्होंने बिजनेसमैन रैंडी केंड्रिक से सगाई की है। बता दें इससे पहले उन्होंने जोसेफ जिंगोली से सगाई की थी, लेकिन यह कुछ समय बाद टूट गई थी। रैंडी केंड्रिक ने इस सप्ताह के शुरुआत में योलान्डा को प्रपोज किया। योलान्डा ने भी उनका प्रपोजल स्वीकार कर लिया। इस सगाई की खबर ने अब फैंस, सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। दरअसल, अब तक रैंडी केंड्रिक और योलान्डा की डेटिंग को लेकर कोई जानकारी नहीं थी। योलान्डा के मंगेतर रैंडी केंड्रिक रियल एस्टेट से जुड़े बिजनेसमैन हैं।



# तलाक के बाद अब प्यार की कमी हो रही महसूस


**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल और बिजनेसमैन भरत तख्तानी की शादी साल 2024 में टूट गई थी। इस कपल ने अलग होने का ऐलान कर हर किसी को हैरान कर दिया था। हालांकि, दोनों अपनी दो बेटियों की परवरिश मिलकर कर रहे हैं। वहीं, ईशा ने अब अपनी पर्सनल ज़िंदगी के बारे में बात करते हुए माना है कि उन्हें अपनी लाइफ में प्यार की कमी महसूस होती है। फिर भी, उन्होंने ये भी कहा कि वह उम्मीद बनाए हुए हैं और दोबारा प्यार पाने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, ईशा 'कर्ली टेल्स' के एक पॉडकास्ट में शामिल हुई थीं यहां उन्होंने भरत तख्तानी से अलग होने के बारे में खुलकर बात की. ईशा ने माना कि उन्हें अपनी जिंदगी में अभी प्यार और रोमांस की कमी महसूस हो रही है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि प्यार और रोमांस किसी इंसान की जिंदगी में सबसे जरूरी चीजें हैं, जिनकी मुझे अभी कमी महसूस हो रही है, मुझे रोमांटिक होना पसंद है।



# तब्बू को माचिस के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलने पर हुई थी जलन

**नई दिल्ली।** साल 1996 में आई गुलजार की फिल्म 'माचिस' को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। खासतौर फिल्म में तब्बू की अदाकारी ने लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, इस फिल्म में दमदार एक्टिंग के लिए तब्बू को साल 1997 में 'बेस्ट एक्ट्रेस' का पहला नेशनल फिल्म अवॉर्ड भी मिला था। दिलचस्प बात ये है क उस साल अवॉर्ड की दौड़ में सोनाली कुलकर्णी भी शामिल थीं। हालांकि, तब्बू ने बाजी मार ली थी। अब सोनाली ने खुलासा किया है कि उन्हें उस समय बहुत गुस्सा आया और तब्बू से काफी जलन भी हुई थी। बता दे कि सोनाली कुलकर्णी की फिल्म 'दायरा' साल 1996 में आई थी। अमोल पालेकर की इस फिल्म में सोनाली की एक्टिंग की काफी तारीफ हुई थी। वहीं, उस दौर को याद करते हुए, सोनाली ने कहा कि उस समय अवॉर्ड जीतने वाले हर किसी से उन्हें जलन होती थी।

टीवी मसाला



# लोग कहते हैं अकेली रह जाओगी मुझे यही पसंद : मुनमुन

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बबीता जी का किरदार निभाने वाली मुनमुन दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अक्सर अपनी जिंदगी की खूबसूरत झलकियां फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी जर्नी का एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया। इस वीडियो के साथ मुनमुन ने एक ऐसा कैप्शन लिखा, जिसने उनकी सोच साफ जाहिर कर दी। उन्होंने लिखा, 'लोग कहते हैं कि तुम हमेशा अकेली रह जाओगी और मेरा जवाब है- बहुत बढ़िया, मुझे यही पसंद है।' उन्होंने कहा- मैंने अपनी जिंदगी अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया है और मैं इसे किसी और तरीके से नहीं जीना चाहती। वीडियो में मुनमुन अलग-अलग जगहों पर घूमते हुए, नई चीजें सीखते हुए और हर पल का आनंद लेते हुए नजर आ रही हैं। उन्हें घूमने-फिरने का काफी शौक है और वह अक्सर विदेश यात्राओं की तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती हैं। इस ट्रैवल वीडियो में समुद्र किनारे बिताए पल, बोट राइड, रेगिस्तान की सैर, खूबसूरत नजारे और एडवेंचर से जुड़ी कई यादगार झलकियां देखने को मिलती हैं। इसके अलावा मुनमुन ट्रेकिंग करती, नए लोगों से मिलती, सड़क पर डांस करती और अलग-अलग संस्कृतियों को करीब से जानती भी नजर आईं। पोस्ट शेयर होते ही फैंस ने खूब प्यार बरसाया। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने भी कमेंट करते हुए लिखा, 'सबसे प्यारी और सबसे खुश।' इससे पहले रणवीर अल्लाहबादिया के पॉडकास्ट में मुनमुन ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से जुड़ी कई बातें शेयर की थीं।

## बदलते दौर के साथ बदली है कॉमेडी

**नई दिल्ली।** अली असगर उन सधे हुए कलाकारों में से है, जिन्होंने हर किरदार में जान डाली है। बात कॉमेडी की आई, तो उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी है, जो ताउम्र



दुनिया को हंसाते रहेगी। टीवी पर कॉमेडी सर्कस, जरा नचके दिखा, एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा जैसे शोज के जरिए वह दशकों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। 55 साल के अली कहते हैं कि बदलते दौर के साथ अब कॉमेडी भी बदल गई है। एक बातचीत में उन्होंने कॉमेडी के बदलते स्वरूप पर दो टूक राय दी। कहा, 'जैसे-जैसे दौर बदलता है, वैसे-वैसे कॉमेडी भी बदलती है। जब 'कॉमेडी सर्कस' शुरू हुआ तो बहुत लंबा चला। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वही चीज आज उतना चल पाएगी, क्योंकि आखिर आप कितनी चीजें क्रिएट करोगे।' अली असगर मानते हैं कि समय के साथ ही ऑडियंस भी जल्दी ऊब जाती है। अब दर्शकों का अटेंशन स्पैन कम हो गया है। अब इंस्टाग्राम रील्स वगैरह के कारण 15-30 सेकंड तक या ज्यादा से ज्यादा 1 मिनट तक ही आप दर्शकों को रोक सकते हैं।

# द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज, कीटनाशक के खिलाफ कोर्ट में उतरीं काजल!

एजेंसी ⏭ मुंबई



एक्ट्रेस काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े अगली फिल्म 'द इंडिया स्टोरी'में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। द इंडिया स्टोरी 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज की जाएगी। टीजर की शुरुआत एक बड़े प्रदर्शन से होती है, जहां किसान और आम लोग सड़कों पर उतरकर वकील अर्चना (काजल अग्रवाल) के खिलाफ विरोध करते नजर आते हैं। भीड़ उनकी गिरफ्तारी की मांग करती है और गुस्से में उनके पोस्टरों पर कालिख पोतती दिखाई देती है। इसके बाद कहानी कोर्टरूम में पहुंचती है। यहां श्रेयस तलपड़े का किरदार योगेश पांडे अपनी 7 साल की बेटी की मौत के लिए न्याय मांगता है। उसका कहना है कि उसकी बेटी की मौत कैंसर से नहीं, बल्कि खाने में मौजूद मिलावट और पेस्टिसाइड की वजह से हुई है। इस केस में काजल अग्रवाल का किरदार अर्चना पेस्टिसाइड बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ लड़ाई करती नजर आती हैं। टीजर के आखिर में एक चौंकाने वाला सीन भी है, जहां प्रदर्शन के बीच एक महिला काजल अग्रवाल को थप्पड़ मार देती है। यह फिल्म पेस्टिसाइड और खाने में मिलावट जैसे गंभीर मुद्दे को सामने लाती है और दिखाती है कि कैसे यह धीरे-धीरे हमारी सेहत और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित कर रहा है। फिल्म का निर्देशन चेतन डीके ने किया है और इसे सागर बी शिंदे ने लिखा और प्रोड्यूस किया है।

# 1952 में छपा हिंदी उपन्यास, 1992 में बनी फिल्म

## मानेक मुल्ला को हुआ जमुना, सत्ती, लिली से प्यार, जीता नेशनल अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा में कई ऐसी फिल्में हैं जो मसालेदार एंटरटेनमेंट से अलग अपनी अनोखी कहानी और प्रेजेंटेशन के लिए याद की जाती हैं। 1992 में रिलीज हुई एक ऐसी ही फिल्म ने दर्शकों को प्रेम, समाज और इंसानी रिश्तों को देखने का बिल्कुल अलग नजरिया दिया। खास बात ये है कि इसकी कहानी 1952 में लिखे गए एक चर्चित हिंदी उपन्यास पर बेस्ड थी। फिल्म में एक ऐसा कथावाचक है जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं की कहानियां सुनाता है और इन कहानियों के जरिए प्यार, उम्मीद, कास्टिज्म और समाज की परतें खुलती चली जाती हैं। रिलीज के बाद इस फिल्म को क्रिटिक्स ने खूब सराहा और इसे नेशनल लेवल पर भी बड़ा सम्मान मिला।



### उपन्यास से पर्दे तक का दिलचस्प सफर

हम बात कर रहे हैं श्याम बेनेगल की फिल्म सूरज का सातवां घोड़ा की। ये फिल्म प्रसिद्ध साहित्यकार धर्मवीर भारती के इसी नाम के उपन्यास पर बेस्ड है। धर्मवीर भारती का ये उपन्यास 1952 में प्रकाशित हुआ था और हिंदी साहित्य में इसका खास स्थान है। श्याम बेनेगल ने उपन्यास की कॉम्पलेक्सिटी और मेटाफर्स को बेहद खूबसूरती से फिल्म में पेश किया। यही वजह रही कि फिल्म को 1993 में बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का नेशनल फिल्म अवॉर्ड मिला। फिल्म में रजित कपूर, राजेश्वरी सचदेव, पल्लवी जोशी, नीना गुप्ता, अमरीश पुरी और रघुवीर यादव जैसे कलाकार नजर आए।

### मानेक मुल्ला और तीन महिलाओं की कहानी

फिल्म का फोकस मानेक मुल्ला नाम का किरदार पर है। जो अपने दोस्तों को तीन महिलाओं से जुड़ी कहानियां सुनाता है। ये महिलाएं हैं जमुना, लिली और सत्ती। दिलचस्प बात ये है कि ये सिर्फ तीन अलग-अलग प्रेम कहानियां नहीं हैं, बल्कि समाज के तीन अलग-अलग वर्गों से बिलॉन्ग करती हैं। जमुना मिडिल क्लास दुनिया की झलक दिखाती है, लिली एजुकेटेड वर्ग का प्रतीक है, जबकि सत्ती समाज के गरीब तबके की कहानी सामने लाती है। मानेक मुल्ला की नजर से सुनाई गई ये कहानियां प्रेम के पारंपरिक नजरिए को चुनौती देती हैं और दर्शकों को सोचने पर मजबूर करती हैं।फिल्म की सबसे खास बात इसका अनोखा कहानी कहने का तरीका है। पूरी कहानी यादों, किस्सों और अलग-अलग नजरिए से आगे बढ़ती है।

## 70 साल पहले हिट हुई थी यह क्लासिक फिल्म


# किशोर का गाना सुनकर डर गए थे दूल्हे, सिंगर ने दी थी चेतावनी!

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर किशोर कुमार न सिर्फ अपनी दमदार आवाज के लिए जाने जाते हैं, बल्कि उनकी एक्टिंग के भी फैंस दीवाने रहे। इस बात में कोई शक नहीं कि किशोर कुमार एक वर्सटाइल एक्टर थे। अपने कॅरियर में किशोर ने कई सुपरहिट फिल्में और कई आईकॉनिक गाने दिए हैं। किशोर कुमार को लेकर इंडस्ट्री में न जानें कितने किस्से भरे पड़े हैं। उनके हर गाने के साथ-साथ कोई न कोई मजेदार किस्सा जुड़ा है। लेकिन, क्या आप जानते हैं 70 साल पहले किशोर कुमार का एक ऐसा गाना था, जिसे सुनकर दूल्हे डर गए थे।

### ये है वो गाना

हम बात कर हरे हैं साल 1956 में रिलीज हुई क्लासिक फिल्म 'परिवार' की। इस फिल्म में किशोर कुमार ने एक्टिंग करने के साथ ही इसके सभी गानों को अपनी आवाज दी थी। वहीं, हम इस फिल्म के जिस गाने की बात रहे हैं वो गाना है 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना'। इस गाने में किशोर कुमार ने दूल्हों और कुंवारों को चेतावनी दी थी कि भले ही कुएं में डूबकर मरना पड़े, लेकिन किसी भी हाल में शादी मत करना।



### 21 बार बदली थी अपनी आवाज

'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' इस मजेदार गाने को संगीतकार सलिल चौधरी ने कंपोज किया था। आपको जानकर हैरानी होगी कि इस आइकॉनिक ट्रैक में किशोर कुमार ने मेल और फीमेल के अलावा 21 अलग-अलग वैरिएशन दिए थे। इस 8 मिनट से ज्यादा के गाने 'कुवे में कूद के मर जाना, यार तुम शादी मत करना' में किशोर कुमार ने अलग-अलग किरदारों और भावनाओं को दिखाने के लिए अपनी आवाज में 21 बार (या उससे अधिक) बार बदलाव किए थे।

### चार्टबस्टर था ये गाना

साथ ही बताया था कि शादी करने के बाद क्या-क्या मुसीबतें उनके गले पड़ेंगी। इस गाने ने उस दौर में लोगों पर खासा प्रभाव डाला था। साल 1956 में जब ये गाना आया था, जब ये काफी समय तक दोस्तों की शादियों में दूल्हे की टांग खींचने के लिए उनसे दोस्त उसे सुनाते थे और खूब मस्ती मजाक करते थे। आज भी ये गाना शादियों में अक्सर सुनने को मिलता है। ये गाना उस दौर के चार्टबस्टर हुआ था।

### शैलेंद्र ने लिखे थे गाने के बोल

शैलेंद्र द्वारा लिखे गए इस गाने में किशोर दा ने कभी बच्चे की आवाज, कभी बूढ़े की आवाज, तो कभी रोने और गिड़गिड़ाने जैसी कई हास्यपूर्ण आवाजों का इस्तेमाल करके संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बता दें कि यह गाना किशोर कुमार की बेहतरीन गायकी और वॉयस मॉड्यूलेशन का एक शानदार नमूना है।

### परिवार फिल्म के बारे में

परिवार फिल्म में किशोर कुमार के अलावा दुर्गा खोटे, सज्जन लाल पुरोहित, सुलोचना लाटकर, ऊषा किरण जैसे दिग्गज कलाकार लीड रोल में थे। कहानी की बात करें तो इसमें एक ज्वाइंट फैमिली दिखाई गई थी, जिसमें चार भाई, उनकी पत्नियां और उनके बच्चे शामिल हैं। ये भी एक ही छत के नीचे रहते हैं। उनमें से कोई भाई एक वकील, एक डॉक्टर और दूसरे व्यवसायी हैं। वे एक खुशहाल परिवार हैं, जो रहते हैं और एक-दूसरे के सुख-दुख साझा करते हैं। फिर एक दिन, एक गिलास दूध को लेकर बहस शुरू हो जाती है और पूरा परिवार अस्त-व्यस्त हो जाता है।

# अंग्रेजों से भी अधिक यातनाएं आपातकाल में कांग्रेस सरकार ने दीः डॉ. महेंद्र


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आपातकाल संविधान हत्या दिवस पर गुरूवार को प्रदेशभर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने जबलपुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बैतूल, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल सागर, कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद पटेल ग्वालियर, पूर्व राज्यपाल प्रो. कप्तानसिंह सोलंकी इंदौर, राज्य वित आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया उज्जैन एवं वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने रीवा में मीसाबंदियों का सम्मान किया।

पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि आपातकाल भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटकर देश पर आपातकाल थोपा था। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में कहा कि इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर संविधान का गला घोंटा था। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है।

## आपातकाल संविधान हत्या दिवस पर प्रदेशभर में हुए कार्यक्रम

## वरिष्ठ नेताओं ने संगोष्ठी को किया संबोधित, मीसाबंदियों का हुआ सम्मान



सम्मान के बाद फोटो सेशन में सभी मीसाबंदी।

## लोकतंत्र सेनानियों और उनके परिजनों का त्याग अतुलनीय : खंडेलवाल


भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने गुरूवार को आपातकाल संविधान हत्या दिवस पर बैतूल जिले के भाजपा कार्यालय विजय भवन में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर मीसाबंदियों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार सत्ता पर अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलने से भी पीछे नहीं हटे। इसी मानसिकता के कारण 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपा गया, जो भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था। आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक ऐसा अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। लोकतंत्र सेनानियों के त्याग, तपस्या और बलिदान के कारण ही आज देश लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मजबूती से खड़ा है। लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों से देश को वास्तविक स्वतंत्रता मिली है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए जिन लोगों ने अपने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं का त्याग किया, उनका सम्मान करना समाज और राष्ट्र का दायित्व है। खंडेलवाल ने कहा कि जो कांग्रेस आज लोकतंत्र और संविधान की रक्षा की बात करती है, उसी ने आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक संस्थाओं और मूल्यों को कमजोर करने का काम किया है और आज भी लगातार कर रही है।



बैतूल के भाजपा जिला कार्यालय में मीसाबंदियों को सम्मानित करते प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल।

## आपातकाल के काले सच को जनता तक पहुंचाएंः शुक्ल

उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सागर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व पीएम इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर संविधान का गला घोंटा था। यह घटना भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की सबसे दुखद और शर्मनाक घटनाओं में से एक है। यह केवल एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सबसे बड़ा हमला था।



## लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान

जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. महेंद्र सिंह ने लोकतंत्र सेनानियों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। उन्होंने आपातकाल दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का उदघाटन कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

## इन जगहों पर भी हुए सम्मान समारोह

### कांग्रेस ने हमेशा संविधान का अपमान किया : मंत्री प्रह्लाद

कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने ग्वालियर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को देश पर आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की थी। आपातकाल के दौरान इंदिरा गांधी और संजय गांधी ने जिस तरह से न्यायालय और संविधान का अपमान किया, आज भी उस परिवार के लोग वही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते समय कहा था कि इस सरकार के पीछे कई पीढ़ियों का बलिदान है, संघर्ष है, त्याग और तपस्या है।



### कांग्रेस ने स्वार्थ के लिए संविधान में कई संशोधन किए : जयभान

राज्य वित आयोग के अध्यक्ष जयभानसिंह पवैया ने उज्जैन में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि आपातकाल दिवस देश की जनता को यह याद दिलाता है कि संविधान का गला घोंटने वाली ताकतों से कैसे लड़ना चाहिए। इंदिरा गांधी और कांग्रेस पार्टी ने अपने निज स्वार्थों के लिए संविधान में कई संशोधन किए। लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास किया।



### कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की थी : प्रो. सोलंकी

भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व राज्यपाल प्रो. कप्तानसिंह सोलंकी ने इंदौर में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगाकर संविधान की हत्या की थी। इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाने के लिए कैबिनेट की सामूहिक जिम्मेदारी की परंपरा को भी नष्ट किया। जेल के अंदर लोकतंत्र सेनानियों को तरह-तरह की यातनाएं दी गईं, बीमार होने पर उनका इलाज नहीं कराया गया। कई राष्ट्रवादी संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।



### कांग्रेस ने हमेशा स्वयं को संविधान से ऊपर माना : डॉ. मिश्रा

पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि आपातकाल केवल इतिहास की एक घटना नहीं, बल्कि कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता का आईना है। कांग्रेस हमेशा स्वयं को संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं से ऊपर मानती रही है। कांग्रेस को जब भी सत्ता मिली, उसने लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने और सत्ता को सर्वोपरि रखने का प्रयास किया, जो लोकतंत्र के लिए घातक है।



# गांवों में हर घर नल कनेक्शन पर लगेगा मासिक शुल्क, 3 माह बिल नहीं देने पर कटेगा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल-जल योजनाओं के संचालन और रखरखाव के लिए नए नियम लागू किए हैं। इसके तहत अब ग्रामीण अंचलों में प्रत्येक घरेलू नल कनेक्शन पर मासिक जल शुल्क लिया जाएगा।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी नियमों के अनुसार जल शुल्क 60 से 120 रुपए प्रतिमाह तक निर्धारित किया गया है। साथ ही लगातार तीन माह तक बिल जमा नहीं करने पर नल कनेक्शन बंद किया जा सकेगा। जनजातीय विकासखंड क्षेत्रों के परिवारों से 60 रुपए प्रतिमाह शुल्क लिया जाएगा। मास्टर प्लान के अधिसूचित क्षेत्रों में शामिल पंचायतों के परिवारों को 120 रुपए प्रतिमाह जल शुल्क देना होगा। अन्य पंचायतों में प्रति परिवार 100 रुपए मासिक जल शुल्क निर्धारित किया गया है।

### नए कनेक्शन के लिए अलग-अलग शुल्क

नए नल कनेक्शन लेने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति परिवारों को 1,000 रुपए, जबकि अन्य परिवारों के लिए यह राशि 2,500 रुपए है। सार्वजनिक संस्थानों के लिए 5,000 रुपए, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए 8,000 रुपए देने होंगे।

मंत्रालय में हुई जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा

# स्लीमानाबाद टनल का शीघ्र होगा उद्घाटन सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृषक कल्याण वर्ष में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। इस वर्ष 14 जिलों में जिन सिंचाई परियोजनाओं के कार्य पूर्ण हो गए हैं, उनके लोकार्पण की तैयारी कर ली गई है। आगामी 6 माह में लगभग 6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि करने वाली इन परियोजनाओं का लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में गुरूवार को मंत्रालय में हुई जल संसाधन और नर्मदा घाटी विकास विभागों के कार्यों की समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि कृषक कल्याण वर्ष में बड़वानी, सीहोर, झाबुआ, खण्डवा, खरगोन, आदि जिलों की सिंचाई परियोजनाएं के लोकार्पण होंगे। बैठक में जानकारी दी गई कि केन-मंदाकिनी लिंक अन्तर्राज्यीय सिंचाई परियोजना का प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा गया है।

भोपाल स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यकर्ताओं से किया संवाद

# मंत्री काश्यप ने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं का निवारण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन जनसमस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी जनसमस्याओं को समझा और उन्हें शीघ्र समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।



कार्यकर्ताओं से चर्चा करते मंत्री काश्यप।

# निर्धन परिवार, वृद्धजन और दिव्यांग स्वयं को न समझें बेसहाराः मुख्यमंत्री

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी कोशिश है कि राज्य का कोई भी निर्धन परिवार, माताएं, बहनें या हमारे दिव्यांग साथी स्वयं को बेसहारा न समझें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में अंत्योदय का संकल्प सिद्ध हो रहा है। इसी दिशा में राज्य सरकार भी गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों के कल्याण में जुटी है।

डॉ. यादव ने गुरुवार को सिंगल क्लिक से सामाजिक सुरक्षा पेंशन वितरण के लिए मंत्रालय में आयोजित कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए। उन्होंने 33 लाख 92 हजार 695 से अधिक भाई-बहनों और बुजुर्गों के खातों में मई माह की 203 करोड़ 56 लाख रुपए की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। कार्यक्रम से विभिन्न जिलों के हितग्राही वर्चुअली जुड़े, जिनसे मुख्यमंत्री ले संवाद किया।

### सूबे के मुखिया ने मंत्रालय से हितग्राहियों को किया वर्चुअली संबोधित

### मध्य प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध



### आपदा में बचाव पर ब्रेल लिपि में प्रकाशित पुस्तक का लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निःशक्तजन के लिए आग, हीटवेब (लू) और आकाशीय बिजली से बचाव के संबंध में ब्रेललिपि में प्रकाशित पुस्तक का गुरूवार को मंत्रालय में लोकार्पण किया। पुस्तक का मुद्रण आपदा प्रबंध संस्थान भोपाल द्वारा सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से कराया गया है। केरल और असम के बाद निःशक्तजन के लिए आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में इस तरह की पहल मध्यप्रदेश द्वारा की गई है।

### पेंशन सरकार के स्नेह, सम्मान और सुरक्षा का वचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन केवल आर्थिक सहायता नहीं है, अपितु निर्धन परिवारों, दिव्यांग साथियों में आपके प्रति सरकार का स्नेह, सम्मान और सुरक्षा का वचन है। राज्य सरकार सभी को अपने परिवार का हिस्सा मानती है। सरकार प्रत्येक नागरिक के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषक कल्याण वर्ष में राज्य सरकार ने किसान हितैषी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रदेश के किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर कर्ज दिया जाएगा और इसे चुकाने की समयावधि 31 मार्च नहीं होगी, बल्कि किसान जिस तारीख को कर्ज लेंगे, उसे अगले 12 माह की अवधि में ऋण भरना होगा।

### गरीबी से बाहर आए 25 करोड़ से ज्यादा लोग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहा है। पिछले 10 वर्षों में देश के 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ से अधिक लोगों को हर महीने मुफ्त राशन मिल रहा है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव संजय शुक्ला, प्रमुख सचिव सोनाली वायंगणकर मौजूद थे।

## किसी का नाम तो किसी की जन्मतिथि गलत

# 5वीं-8वीं की मार्कशीट में बड़ी गड़बड़ी उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पांचवीं और आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा में इस बार छात्रों को अंकसूचियां काफी देर से मिलीं। लेकिन वितरण के बाद उनमें कई त्रुटियां सामने आने लगी हैं। कई स्कूलों में पहुंची सैकड़ों अंकसूचियों में विद्यार्थियों के नाम, जन्मतिथि और स्कूलों के नाम तक गलत दर्ज पाए गए हैं।

इन त्रुटियों के कारण विद्यार्थियों और पालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए त्रुटिपूर्ण अंकसूचियों को वापस लेने और सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला शिक्षा कार्यालय ने सभी विकासखंडों को निर्देश जारी कर कहा है कि सत्र 2025-26 की केंद्रीकृत परीक्षा की अंकसूचियां संकुल समन्वयकों के माध्यम से संबंधित विद्यालयों तक पहुंचा दी गई हैं। अब जिन अंकसूचियों में त्रुटियां हैं, उन्हें एक जुलाई तक संकलित कर कार्यालय में जमा की जाए, ताकि समय पर मुद्रक को भेजकर सुधार कराया जा सके। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग पिछले वर्ष से पांचवीं और आठवीं की केंद्रीकृत परीक्षा आयोजित कर रहा है। इस व्यवस्था में विद्यार्थियों को फेल नहीं किया जाता और पूरक परीक्षा में सफल नहीं होने की स्थिति में भी उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाता है। इस वर्ष परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को घोषित किए गए थे।


### देरी के बाद बढ़ी परेशानी

स्कूलों का कहना है कि अंकसूचियां पहले ही काफी देर से मिलीं, ऐसे में अब त्रुटियों के कारण सुधार प्रक्रिया में अतिरिक्त समय लगेगा। इसका असर विद्यार्थियों के दस्तावेजी कार्य और आगामी शैक्षणिक प्रक्रियाओं पर भी पड़ सकता है। ऐसे में विभाग समयबद्ध सुधार पर जोर दे रहा है।

### ऐसे होगी त्रुटिपूर्ण अंकसूचियों की जांच



- विद्यालय पहले अंकसूची का परीक्षाफल, दाखिल-खारिज रजिस्टर और अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों से मिलान करेंगे। केवल वास्तविक टंकन त्रुटि पाए जाने पर ही सुधार के लिए अंकसूची स्वीकार होगी।
- त्रुटि वाले हिस्से को लाल स्याही से गोला लगाकर सही जानकारी दर्ज करनी होगी।
- संबंधित दस्तावेज संलग्न कर अंकसूची कार्यालय में जमा करनी होगी।



## चिंतन

# धार्मिक संस्थाओं में पारदर्शिता जरूरी

देश में मंदिर केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं हैं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। श्रद्धालु बिना किसी अपेक्षा के मंदिरों में दान और चढ़ावा अर्पित करते हैं। उनका विश्वास होता है कि उनकी मेहनत की कमाई धर्म, सेवा और जनकल्याण के कार्यों में उपयोग होगी। ऐसे में यदि चढ़ावे में चोरी, गड़बड़ी या वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आते हैं तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था पर गहरा आघात है। हाल ही में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे में कथित चोरी का मामला सामने आने के बाद पूरे देश में चिंता का माहौल बना है। इससे पहले तिरुपति बालाजी मंदिर में प्रसाद के लिए उपयोग किए जाने वाले घी की गुणवत्ता को लेकर विवाद भी श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचा चुका है। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि धार्मिक संस्थाओं में केवल श्रद्धा पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक है। अयोध्या मामले में जांच के बाद कई आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने पदों से इस्तीफा दिया है, जबकि मंदिर निर्माण से जुड़े अधिकारी गोपाल राव को भी जिम्मेदारियों से अलग किया गया है। हालांकि इस्तीफा देना नैतिक जिम्मेदारी का एक पहलू हो सकता है, लेकिन यदि किसी स्तर पर लापरवाही या जवाबदेही तय होती है तो केवल पद छोड़ देना पर्याप्त नहीं माना जा सकता। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी हुई और उन्हें न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया, वह काफी सराहनीय है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा भी पूरे घटनाक्रम पर नजर रखे जाने की जानकारी सामने आई है। इससे यह संदेश गया है कि धार्मिक संस्थाओं से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता को हल्के में नहीं लिया जाएगा, लेकिन केवल दोषियों को सजा देना ही समाधान नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि देश के सभी बड़े धार्मिक संस्थानों में आय-व्यय की आधुनिक और पारदर्शी व्यवस्था विकसित की जाए। दान और चढ़ावे का डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए, नियमित स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए और उसकी रिपोर्ट समय-समय पर सार्वजनिक की जाए। मंदिर ट्रस्टों की कार्यप्रणाली में जवाबदेही सुनिश्चित हो तथा वित्तीय प्रबंधन के लिए स्पष्ट और समान मानक बनाए जाएं। तकनीक के इस दौर में डिजिटल निगरानी, सीसीटीवी, ऑनलाइन लेखा-जोखा और स्वतंत्र निगरानी तंत्र जैसी व्यवस्थाएं भ्रष्टाचार की संभावनाओं को काफी हद तक कम कर सकती हैं। देश के अधिकांश मंदिर और धार्मिक संस्थान ईमानदारी और सेवा भाव से समाज के लिए कार्य कर रहे हैं। इसलिए आवश्यक है कि दोषियों और संस्थाओं के बीच स्पष्ट अंतर किया जाए तथा व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाया जाए। आस्था तभी मजबूत रहती है जब उसके साथ विश्वास भी जुड़ा हो। श्रद्धालु मंदिरों में केवल धन नहीं, बल्कि अपनी भावनाएं और उम्मीदें भी समर्पित करते हैं। इसलिए सरकार, मंदिर ट्रस्टों और समाज तीनों की जिम्मेदारी है कि धार्मिक संस्थाओं के संचालन में पूर्ण पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। यही करोड़ों श्रद्धालुओं के विश्वास की सबसे बड़ी रक्षा होगी और यही धर्मस्थलों की गरिमा बनाए रखने का सर्वोत्तम मार्ग भी है।

# क्या हमें वास्तव में कोचिंग संस्थानों की आवश्यकता है?



कोचिंग का महाप्रलय
डा. जवाहर सूरीसेट्टी

कोटा में युवा छात्र पंखों से लटककर आत्महत्या कर रहे हैं, ज़हर खा रहे हैं, हॉस्टल की खिड़कियों से छलांग लगा रहे हैं। पिछले एक दशक में केवल इसी शहर में 147 से अधिक छात्रों ने आत्महत्या की है। यह प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी का 'आत्महत्या का शहर' बन चुका है। 2024 और 2026 में कुछ स्थानों पर नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक हुए, जिसके कारण दोबारा परीक्षा (री-नीट) करानी पड़ी। प्रश्नपत्र कोचिंग संस्थानों तक पहुँच गए। भारत की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षाओं की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) पूरी तरह विफल साबित हुई।

अब सवाल सीधा है-क्या हमें वास्तव में कोचिंग संस्थानों की ज़रूरत है? हम यहाँ तक कैसे पहुँचे? कोचिंग संस्थानों की शुरुआत एक समाधान के रूप में हुई थी। स्कूल प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की पर्याप्त तैयारी नहीं करा पा रहे थे। अभिभावक अपने बच्चों के लिए अतिरिक्त सहायता चाहते थे। यह व्यवस्था सफल भी हुई। नीट और जी के टॉपर कोचिंग से आने लगे। लेकिन धीरे-धीरे सब बदल गया। आज कोचिंग शिक्षा का पूरक नहीं, बल्कि शिक्षा का पर्याय बन चुकी है। छात्र 6–7 घंटे स्कूल में बिताता है, फिर 4–5 घंटे कोचिंग में, और आधी रात तक होमवर्क करता है। यह शिक्षा नहीं है। यह बच्चों को परीक्षा हल करने वाली मशीनों में बदलने की प्रक्रिया है।

और हर उस मशीन की तरह जिसे केवल परिणाम देने के लिए तैयार किया जाता है, यह व्यवस्था भी निर्मम, लापरवाह और भ्रष्ट होती चली गई।

**असली समस्या**

कोचिंग संस्थान अभिभावकों की मजबूरी से लाभ कमाते हैं। एक मध्यमवर्गीय परिवार अपने एक बच्चे की तैयारी पर हर वर्ष लाखों रुपये खर्च करता है-फीस, हॉस्टल, भोजन, यात्रा आदि पर। गरीब इसे वहन नहीं कर सकता, और अमीर को इसकी आवश्यकता नहीं पड़ती। कोचिंग ने शिक्षा को समान बनाने के बजाय और अधिक असमान बना दिया है। इन संस्थानों के पास अनैतिक रास्ता अपनाने की भी संरचनात्मक प्रेरणा होती है। अच्छी शिक्षा देने में समय लगता है, लेकिन यदि प्रश्नपत्र पहले ही मिल जाएँ तो टॉपर तुरंत तैयार हो जाते हैं। जब पूरा व्यवसाय परिणाम दिखाने पर टिका हो, तो गलत रास्ते का प्रलोभन क्यों न होगा?

कोटा की आत्महत्याएँ हमें एक भयावह सच बताती हैं- यह व्यवस्था ऐसा मानसिक दबाव पैदा करती है जिसे किशोर सह नहीं पाते। 17 वर्ष का छात्र यह मान बैठता है कि उसका पूरा भविष्य केवल एक दिन होने वाली एक परीक्षा पर निर्भर है। यह तनाव संयोग नहीं है। डर ही कोचिंग की सीटें भरता है। भय ही पाठ्यक्रम बेचता है।

सिर्फ 2023 में कोटा में 36 छात्रों ने आत्महत्या की। यह शहर अब हॉस्टल कमरों में लटके हुए युवाओं की तस्वीरों के लिए बदनाम हो चुका है। फिर भी कोचिंग उद्योग लगातार बढ़ रहा है। इन मौतों को व्यक्तिगत त्रासदी मान लिया जाता है, जबकि वे पूरी व्यवस्था की विफलता हैं।

**ऐसे समाधान जो वास्तव में काम कर सकते हैं**

कोचिंग को सुधारने के बजाय हमें उन परीक्षाओं को बदलना चाहिए जिन्होंने कोचिंग उद्योग को जन्म दिया।

विकल्प 1: विश्वविद्यालय में प्रवेश के अनेक रास्ते

नीट और जी जैसी एकमात्र परीक्षा पर निर्भरता समाप्त की जाए। विश्वविद्यालय स्वयं प्रवेश प्रक्रिया तय करें। कुछ बोर्ड परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश दें, कुछ योग्यता परीक्षण लें और कुछ दोनों का संयोजन अपनाएँ। इससे एक परीक्षा का दबाव समाप्त होगा और कोचिंग उद्योग स्वतः कमजोर पड़ जाएगा।

**विकल्प 2: वर्षभर सतत मूल्यांकन**

एक परीक्षा के बजाय पूरे वर्ष में 10–12 मूल्यांकन हों। तब सफलता एक दिन के प्रदर्शन पर नहीं, बल्कि लगातार सीखने पर निर्भर होगी। ऐसी स्थिति में 'एक परीक्षा फोड़ने' वाली कोचिंग की आवश्यकता ही समाप्त हो जाएगी।

**विकल्प 3: कौशल आधारित प्रवेश**

छात्रों का मूल्यांकन इस आधार पर हो कि वे वास्तव में क्या कर सकते हैं-समस्या समाधान, रचनात्मकता, संवाद क्षमता और शोध कौशल। मेडिकल कॉलेज प्रयोगशाला कार्य, केस स्टडी और व्यावहारिक समझ को भी महत्व दें, केवल वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को नहीं।

**विकल्प 4: विश्वविद्यालयों को स्वायत्तता**

विश्वविद्यालयों को अपनी प्रवेश नीति तय करने की स्वतंत्रता मिले। कुछ उच्च अंक वालों को चुनें, तो कुछ प्रतिभा और रचनात्मकता को महत्व दें। जब प्रत्येक संस्थान के मानदंड अलग होंगे, तब कोचिंग अप्रासंगिक हो जाएगी।

**विकल्प 5: पोर्टफोलियो आधारित चयन**

छात्र अपने स्कूल प्रोजेक्ट, सामाजिक कार्य, शोध और प्रतियोगिताओं का पोर्टफोलियो तैयार करें। विश्वविद्यालय उसी के आधार पर चयन करें। इससे वास्तविकता सीखने को प्रोत्साहन मिलेगा, न कि केवल परीक्षा की तैयारी को। दुनिया के अधिकांश विकसित देशों में ऐसे मॉडल सफलतापूर्वक लागू हैं। वहाँ तनाव कम है, बेहतर छात्र चयन होता है और असफलता की दर भी कम है।

**विकल्प 6: सभी के लिए एक राष्ट्रीय एप्टीट्यूड परीक्षा (सीएटी मॉडल)**

सबसे प्रभावी समाधान यह हो सकता है कि नीट और जी




को समाप्त कर एक ऐसी राष्ट्रीय योग्यता परीक्षा आयोजित की जाए जो सीएटी की तरह केवल तार्किक क्षमता, विश्लेषण, डेटा इंटरप्रिटेशन और भाषा कौशल को परखे। विषय ज्ञान या रटने की क्षमता नहीं-सिर्फ सोचने की क्षमता। चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कानून, प्रबंधन-सभी क्षेत्रों के लिए यही एक परीक्षा हो। इसकी सबसे बड़ी विशेषता होगी कि एप्टीट्यूड की कोचिंग नहीं कराई जा सकती। तर्कशक्ति और विश्लेषण को रटकर नहीं सीखा जा सकता। ऐसी परीक्षा आते ही कोचिंग उद्योग की पूरी व्यावसायिक संरचना ढह जाएगी।

सीएटी पहले ही यह सिद्ध कर चुका है कि वह केवल परीक्षा देने वाले नहीं, बल्कि समस्याओं का समाधान करने वाले लोग चुन सकता है। एक परीक्षा। पूरे देश के लिए। निष्पक्ष। कोचिंग से लगभग अप्रभावित। यही वह निर्णायक कदम हो सकता है जो बिना किसी अतिरिक्त कानून के कोचिंग उद्योग की अनावश्यकता सिद्ध कर दे।

**यदि कोचिंग जारी रखनी है तो...**

उसे स्कूलों की तरह कड़ाई से नियंत्रित करना होगा—
- वास्तविक अग्नि सुरक्षा निरीक्षण और कठोर दंड
- शिक्षकों की न्यूनतम योग्यता अनिवार्य
- छात्र-शिक्षक अनुपात निर्धारित
- पारदर्शी और नियंत्रित फीस
- बिना सूचना के निरीक्षण और कठोर कार्रवाई

लेकिन सच्चाई यह है कि केवल नियमन शायद पर्याप्त नहीं होगा। कोचिंग उद्योग ने बार-बार साबित किया है कि युवाओं की सुरक्षा और शिक्षा को उसके भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।

**नैतिक प्रश्न**

जो समाज एक ही शहर में 147 से अधिक छात्रों की आत्महत्या देखता है, और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के प्रश्नपत्र चोरी होने देता है, उसे स्वयं से कठिन प्रश्न पूछने होंगे। समस्या की जड़ कोचिंग नहीं है। जड़ वे परीक्षाएँ हैं जिन्होंने ऐसी व्यवस्था बनाई जहाँ सफलता समझ पर नहीं, बल्कि रटने और गति पर निर्भर हो गई।

कोचिंग संस्थानों ने बस उसी व्यवस्था का बेरहमी से लाभ उठाया। वे टूटे सपनों और अभिभावकों की मजबूरी से कमाई करते हैं। वे भारी फीस लेते हैं। असुरक्षित भवनों में पढ़ाते हैं। छात्रों को आत्महत्या की कगार तक पहुँचा देते हैं। और यह सब कानून के दायरे में होता है, क्योंकि इसे रोकने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं है।

**असली सवाल**

क्या हमें कोचिंग चाहिए?

नहीं।

हमें यह पूछना चाहिए कि हमने ऐसी व्यवस्था क्यों बनाई जिसमें 3 से 4 करोड़ किशोर अपने जीवन के सबसे सुंदर वर्ष परिवार से दूर, तनाव में और भय के वातावरण में बिताने को मजबूर हैं। यह व्यवस्था छात्रों की नहीं, बल्कि हजारों करोड़ रुपये के उद्योग की सेवा कर रही है।

**आगे का रास्ता**

लखनऊ और कोटा जैसी त्रासदियाँ हमारे लिए अंतिम चेतावनी होनी चाहिए। हम विश्वविद्यालय प्रवेश प्रणाली का विकेंद्रीकरण कर सकते हैं। स्कूलों को मजबूत बना सकते हैं। उच्च शिक्षा तक पहुँचने के अनेक रास्ते बना सकते हैं। छात्रों का मूल्यांकन केवल अंकों से नहीं, बल्कि उनके कौशल और क्षमता से कर सकते हैं। दुनिया के कई ऐसे देश, जो भारत से भी कम संसाधनों वाले हैं, यह कर चुके हैं। या फिर हम उसी व्यवस्था का बचाव करते रहें जो हमारे बच्चों को मानसिक और शारीरिक रूप से तोड़ रही है, केवल इसलिए कि कोचिंग उद्योग का मुनाफा बना रहे। चुनाव हमारे सामने है। अब समय आ गया है कि हम स्वयं से पूछें-हम वास्तव में हासिल क्या करना चाहते हैं? यदि उद्देश्य सबसे योग्य छात्रों को अच्छे विश्वविद्यालयों तक पहुँचाना है, तो उसके बेहतर रास्ते मौजूद हैं। यदि उद्देश्य शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाना है, तो कोचिंग उसका समाधान नहीं, बल्कि सबसे बड़ी बाधा है। वास्तविक सुधार का अर्थ है नीट और जी जैसे एकमात्र परीक्षा-आधारित दबाव को समाप्त करना। बाकी सब तो बस डूबते जहाज़ पर कुर्सियाँ इधर-उधर करने जैसा है।

(लेखक प्रसिद्ध शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अधिकार
सुशील देव



# फुटपाथ पर दादागिरी दिखाता अतिक्रमण !

बढ़ती आबादी के कारण सड़कों पर वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है और सड़कें छोटी पड़ती जा रही हैं। ऐसे में अवैध पार्किंग जहां एक नासूर बनती जा रही है, वहीं सड़कों के किनारे पैदल चलने वालों के लिए भी पर्याप्त जगह नहीं बची है। इससे राहगीरों को न केवल चलने-फिरने में परेशानी होती है, बल्कि फुटपाथों पर अवैध कब्जों और अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। स्थिति यह है कि अतिक्रमण ने एक तरह से फुटपाथों को निगल लिया है। कई शहरों में तो फुटपाथ दिखाई तक नहीं देते। कहीं उन पर अवैध पार्किंग का कब्जा है, कहीं दुकानों, रेहड़ी-पटरी और ठेलों ने रास्ता रोक रखा है, तो कहीं कूड़े-कचरे और अव्यवस्थित रखरखाव के कारण वे पूरी तरह बाधित हैं। नतीजतन, पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित रास्ते लगातार कम होते जा रहे हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि फुटपाथों पर पहला अधिकार पैदल चलने वालों का है। अदालत ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर वाहनों की निर्बाध आवाजाही से भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि पैदल यात्री फुटपाथों पर बिना किसी बाधा के सुरक्षित रूप से चल सकें। यह निर्णय स्वागत योग्य और सराहनीय है, जिसने सरकारों को उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराया है तथा नागरिकों को उनके मौलिक अधिकार की याद दिलाई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ केवल सड़क दुर्घटनाओं से बचने की जगह नहीं हैं, बल्कि लोगों के चलने के अधिकार का प्रतीक हैं। सुरक्षित और सुविधाजनक फुटपाथ हर नागरिक का बुनियादी अधिकार हैं। उनका उद्देश्य लोगों को स्वतंत्र और सुरक्षित रूप से पैदल चलने की सुविधा देना है, जो स्वस्थ जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा है। फुटपाथ केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अभिव्यक्ति, शांतिपूर्ण प्रदर्शन और सामाजिक जुड़ाव के लिए भी महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थान हैं। सड़क निर्माण के दौरान केवल वाहनों की सुविधा का ही नहीं, बल्कि पैदल यात्रियों की जरूरतों का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। दुर्भाग्यवश, देश के अधिकांश हिस्सों में अतिक्रमण के कारण फुटपाथ लगभग गायब हो चुके हैं। कई विकासशील देशों की तुलना में भारत में फुटपाथ बड़े पैमाने पर अतिक्रमण के शिकार हैं। कहीं रेहड़ी-पटरी वालों ने कब्जा जमा रखा है, तो कहीं दुकानदारों के साइन बोर्ड और सामान ने रास्ता घेर लिया है। ऐसे में पैदल चलने वाले आखिर करें तो क्या करें? आमतौर पर उन्हें सड़क के किनारे चलने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे वे दुर्घटनाओं की चपेट में आ जाते हैं। हर वर्ष हजारों लोग ऐसी दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा देते हैं। दूसरी ओर, अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के कारण यातायात जाम की समस्या भी गंभीर होती जा रही है, जिससे आम लोगों को घंटों परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



सबसे चिंता की बात यह है कि इस गंभीर समस्या की ओर ट्रैफिक पुलिस, प्रशासन और सरकारें अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखातीं। परिणामस्वरूप सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप कर यह याद दिलाना पड़ता है कि फुटपाथ पर सुरक्षित और बाधारहित रूप से चलना जनता का मौलिक अधिकार है। फुटपाथों का उपयोग पूरी तरह बाधारहित और सुविधाजनक होना चाहिए। इनके रखरखाव और संरक्षण की जिम्मेदारी जिन विभागों पर है, उन्हें ईमानदारी और जवाबदेही के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। नगर निगम, नगर पालिकाएं, शहरी विकास प्राधिकरण तथा पंचायतों को इस दिशा में सक्रिय कदम उठाने होंगे। जिस प्रकार यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान और जुर्माने का प्रावधान है, उसी प्रकार फुटपाथों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। यदि किसी अतिक्रमण के कारण सड़क दुर्घटना होती है, तो जिम्मेदार लोगों को कठोर कानूनी दायरे में लाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि सुरक्षित, चौड़े और अतिक्रमण-मुक्त फुटपाथ हर नागरिक का अधिकार हैं और इन्हें उपलब्ध कराना सरकारों की जिम्मेदारी है। इसके लिए आवश्यक हो तो अलग कानून बनाया जाए तथा पैदल यात्रियों की शिकायतों के निवारण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक स्वतंत्र नियामक (रेगुलेटर) की स्थापना की जाए। तभी फुटपाथों को अतिक्रमण की दादागिरी से मुक्त कर पैदल यात्रियों को उनका वास्तविक अधिकार दिलाया जा सकेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं



संकलित
दर्शन

सामान्यतया सर्प अपनी भयंकरता के लिए जाने जाते हैं। पर दो बड़े देवता उन्हें अंगीकार किए हुए हैं। एक तो संसार के पालक विष्णु जी, जो उन्हें अपनी शय्या बनाए हुए हैं और दूसरे देवों के देव भगवान शंकर, जो उन्हें हारतुल्य कंठ में डाले हुए हैं। फिर वे पूज्य क्यों न माने जाएं? सर्प पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। कृषि के शत्रु और मानवता के क्षतिकारक चूहों व कीट आदि का भक्षण करते रहते हैं और विष को आत्मसात करते हैं। दंश वे तभी देते हैं, जब दब-कुचल जाएं या उन्हें ऐसा कोई भ्रम हो जाए। वे अनेक औषधियों के निर्माण में भी सहायक होते हैं। सर्पों की अनेक प्रजातियां विषहीन भी होती हैं। शास्त्रों के अनुसार, वे शेषनाग के रूप में पृथ्वी को धारण करते हैं और वासुकि के रूप में कष्ट उठाकर समुद्र मंथन में रज्जु का काम करते हैं। रावण जैसे राक्षसों के संहार में शेषावतार लक्ष्मण रूप से श्रीराम की सहायता करते हैं। वराह पुराण के अध्याय 24 में एक कथा आई है। सर्पगण कश्यप ऋषि व उनकी पत्नी कद्रू की संतान हैं। उनसे अनंत, वासुकि, कंबल, कर्कोटक, पद्म, महापद्म, शंख, कुलिक, पापराजिल आदि सर्प हुए। ये गरुड़ के सौतेले भाई हैं, जो ऋषि की अन्य पत्नी विनता से जन्मे। जब ये मानवता को कष्ट देने लगे, तो ब्रह्मा जी ने वासुकि आदि को बुलवा कर डांटा और अभिशप्त किया। सर्पों द्वारा अनुनय-विनय करने पर उन्हें रहने के स्थान सीमित किए और काटने की भी सीमा रेखाएं खींची। यह सारा वृत्तांत पंचमी तिथि को हुआ। मान्यता है कि इस दिन उनकी पूजा-अर्चना से मानव को सर्प भय से मुक्ति मिल जाती है।

## किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित
प्रेरणा

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### टीबी अब लाइलाज बीमारी नहीं

एक समय था जब टीबी यानी क्षय रोग का नाम सुनते ही मरीज और उसके परिवार में डर का माहौल बन जाता था। लोगों को लगता था कि यह बीमारी जीवन भर पीछा नहीं छोड़ेगी और इसका इलाज संभव नहीं है। जानकारी की कमी और स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के कारण अनेक मरीज समय पर उपचार नहीं ले पाते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा विज्ञान ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। आज टीबी का प्रभावी इलाज उपलब्ध है और लाखों मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी रहे हैं। यही कारण है कि अब टीबी को लाइलाज बीमारी नहीं माना जाता, बल्कि समय पर पहचान और नियमित उपचार से इसे पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।

- **परेश उपाध्याय**, सरगुजा

## ट्रेंड

### नार्को-कार्टेल्स

भारत ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग की वैश्विक चुनौती के ख़िलाफ़ सबसे मज़बूत लड़ाई लड़ी है; इसके तहत नार्को-कार्टेल्स को सख़्ती से ख़त्म किया गया है और प्रभावित लोगों का उचित देखभाल और सहानुभूति के साथ इलाज किया गया है।

- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री



### मारवाड़ी समाज का योगदान

आधुनिक असम की नींव कई समुदायों की दशकों की कड़ी मेहनत पर टिकी है, जिसमें मारवाड़ी समाज भी शामिल है। अस्पतालों से लेकर समाज-सेवा करने वाली संस्थाओं तक, हर संस्थान उनके अहम योगदान की गवाही देता है।

- **हिमंत बिस्वा सरमा**, सीएम, असम



### आत्मनिर्भर भारत

भारत की रक्षा शक्ति को मिली एक और बड़ी मजबूती। स्वदेशी 'नेत्र' एईडब्ल्यू और सी सिस्टम को अंतिम परिचालन मंज़ूरी मिलने से भारतीय वायुसेना की निगरानी, समय रहते खतरे की पहचान और रणनीतिक क्षमता को नई ताकत मिलेगी। आत्मनिर्भर भारत का संकल्प निरंतर साकार हो रहा है।

- **सम्राट चौधरी**, सीएम, बिहार



### बंकिम चंद्र को नमन

बंकिम चंद्र के दोनों हाथों में समान शक्ति थी, वे दोनों हाथों का समान रूप से उपयोग करने वाले) थे... एक हाथ से उन्होंने साहित्यिक ज्ञान का प्रकाश फैलाया और दूसरे हाथ से अज्ञानता और गलत धारणाओं के धुएं और राख को दूर किया।

- **मल्लिकार्जुन खड़गे**, अध्यक्ष, कांग्रेस



## करंट अफेयर

# बकिंघम पैलेस में नहीं रहेंगे महाराज चार्ल्स तृतीय

ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय बकिंघम पैलेस के 10 वर्षों तक 36 .9 करोड़ पाउंड (लगभग 48 .7 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के व्यापक नवीनीकरण कार्यक्रम के पूरा होने के बाद भी वहां स्थायी रूप से नहीं रहेंगे। राजशाही का मानना है कि इस ऐतिहासिक भवन को आम जनता के लिए अधिक सुलभ बनाया जाना चाहिए। हालांकि, शाही अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महाराजा चार्ल्स और महारानी कैमिला बकिंघम पैलेस से अपने आधिकारिक कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह महल आगे भी राजशाही का ''औपचारिक और प्रशासनिक केंद्र'' बना रहेगा, लेकिन चार्ल्स के पूरे शासनकाल के दौरान महाराजा और महारानी (बकिंघम पैलेस के) निकट स्थित क्लेरेंस हाउस में निवास करेंगे। महाराजा के वित्तीय मामलों की देखरेख करने वाले वरिष्ठ शाही अधिकारी जेम्स चाल्मर्स ने कहा, ''बकिंघम पैलेस राजशाही का मुख्यालय है और आगे भी बना रहेगा। यह हमारे राष्ट्रीय भवनों का सबसे अनमोल रत्न है।'' इस निर्णय की घोषणा बृहस्पतिवार को शाही वित्तीय मामलों पर आयोजित एक ब्रीफिंग के दौरान की गई। इसी अवसर पर किंग चार्ल्स देश के पहले ऐसे सम्राट भी बने, जिन्होंने सार्वजनिक रूप से यह जानकारी दी कि उन्होंने सरकार को कितना कर अदा किया।



## ऑफ बीट

# तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करती है विटामिन बी6

ऑस्ट्रेलिया के औषधि नियामक ने दावा किया है कि विटामिन बी6 की अत्यधिक मात्रा तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने सहित ऐसे कई घातक दुष्प्रभाव उत्पन्न कर सकती है जो हमारी सोच से कहीं अधिक होंगे। ऑस्ट्रेलिया की दवा नियामक संस्था 'थेरेप्यूटिक गुड्स एडमिनिस्ट्रेशन' (टीजीए) ने यह दावा किया है। इस सप्ताह के शुरु में एबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि टीजीए के एक प्रवक्ता के मुताबिक, विटामिन बी6 के दुष्प्रभावों की गंभीरता का अब तक शायद कमतर ही आकलन किया गया था। बहरहाल, सुरक्षा संबंधी चिंताओं के मद्देनजर, विटामिन बी6 की उच्च मात्रा वाले सप्लीमेंट की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। देशभर में लोगों के रक्त के नमूनों में विटामिन बी6 की जांच करने वाले एक पैथोलॉजिस्ट ने बताया कि मई में की गई जांच में लगभग 4 .5 प्रतिशत नमूनों में ऐसे संकेत मिले जो तंत्रिकाओं को नुकसान की संभावना की ओर इशारा करते हैं। विटामिन बी6 को पायरीडॉक्सीन भी कहा जाता है। यह शरीर में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा के चयापचय में अहम भूमिका निभाता है। यह मस्तिष्क में न्यूरोट्रांस्मीटर के उत्पादन, प्रतिरक्षा प्रणाली के समर्थन और हीमोग्लोबिन उत्पादन में भी सहायक होता है। मस्तिष्क के कामकाज और व्यक्ति के मिजाज के नियमन में न्यूरोट्रांस्मीटर की अहम भूमिका होती है।




## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन की सीट रही बांकीपुर से ताल ठोंकने की तैयारी में जुटे प्रशांत किशोर

## बांकीपुर उपचुनाव को बिहार में अपनी राजनीतिक अहमियत साबित करने के तौर पर देख रहे जन सुराज के मुखिया प्रशांत

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के इस्तीफे के बाद खाली हुई बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। चर्चा है कि इस सीट पर जन सुराज के मुखिया प्रशांत किशोर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। किशोर ने कहा है कि बांकीपुर में 40-45 साल का भारतीय जनता पार्टी का किला तोड़ने के लिए जो करना पड़े, वो करेंगे।

उन्होंने कहा कि बांकीपुर की जनता सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने से नाराज हैं। उनका मानना है कि 2025 विधानसभा चुनाव में बांकीपुर की जनता ने वोट सम्राट चौधरी के लिए नहीं बल्कि नीतीश कुमार के नाम पर दिया था। उन्होंने कहा कि अगर मेरे चुनाव लड़ने से भाजपा बांकीपुर जैसी मजबूत सीट हारती है तो मैं चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरीके से तैयार हूं। प्रशांत किशोर कभी भारत के सबसे सफल चुनावी रणनीतिकारों में से एक माने जाते थे। उन्होंने नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाले अभियानों में अहम भूमिका निभाई थी।

> बांकीपुर की जनता ने वोट सम्राट चौधरी के लिए नहीं बल्कि नीतीश कुमार के नाम पर दिया था: प्रशांत किशोर

जन सुराज पार्टी के कोर टीम के सदस्य और पूर्व विधायक किशोर कुमार ने बताया कि पार्टी के संस्थापक और सूत्रधार प्रशांत किशोर और उनकी टीम ने बांकीपुर में जनसंपर्क अभियान चला रखा है। उन्होंने कहा कि जन सुराज की ओर से लगातार अलग-अलग वर्ग के लोगों के साथ बैठकें हो रही हैं। प्रशांत किशोर भी बुद्धिजीवियों, व्यापारियों और अन्य वर्ग के लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं। इस क्षेत्र की जनता और पार्टी के लोग भी प्रशांत किशोर को उम्मीदवार बनाने के पक्ष में हैं। प्रशांत किशोर ने बांकीपुर उपचुनाव के इस मुकाबले को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व पर जनमत संग्रह बता रहे हैं, जिसका उद्देश्य राज्य में अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता फिर से स्थापित करना है। उनकी 'जन सुराज' पार्टी के पिछले विधानसभा चुनावों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, यह उनके लिए एक बड़ी चुनौती है। पटना में होने वाला बांकीपुर उपचुनाव धीरे-धीरे बिहार के सबसे चर्चित राजनीतिक मुकाबलों में से एक बनता जा रहा है।

इसकी वजह सिर्फ़ इस सीट का महत्व ही नहीं है, बल्कि प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी 'जन सुराज' जिस आक्रामक तरीके से इस लड़ाई की तैयारी कर रहे हैं, वह भी है। बिहार विधानसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के बाद, प्रशांत किशोर अब बांकीपुर उपचुनाव को राज्य में अपनी राजनीतिक अहमियत को फिर से स्थापित करने के एक मौके के तौर पर देख रहे हैं। इसी बीच खबर यह भी आ रही है कि प्रशांत किशोर बांकीपुर से उपचुनाव लड़ने के लिए पूरी तरीके से तैयारी कर चुके हैं। इतना ही नहीं, बांकीपुर उपचुनाव को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के कार्यकाल का पहला जनमत संग्रह बताते हुए उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि यह चुनाव सिर्फ एक विधानसभा सीट का नहीं बल्कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व और सरकार के कामकाज पर जनता के फैसले का चुनाव होगा। इसका मतलब साफ है कि प्रशांत किशोर अब बाकी पोस्ट सीट से अपनी दावेदारी करने की तैयारी में है।

# दिल्ली और ज़ींद के बीच हुआ हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल सोनीपत खंड पर भी हुआ टेस्ट



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे ने स्वदेशी हाइड्रोजन ईंधन आधारित ट्रेन के परीक्षणों की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को दिल्ली और जींद के बीच हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल रन किया। इस परीक्षण के साथ ही पहली बार दिल्ली से सोनीपत रेलखंड पर भी हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन परीक्षण के रूप में किया गया। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इससे पहले हाइड्रोजन ट्रेन के अधिकांश परीक्षण सोनीपत-जींद सेक्शन पर किए गए थे। शुक्रवार के ट्रायल में परीक्षण का दायरा बढ़ाकर दिल्ली तक किया गया, जिससे राष्ट्रीय राजधानी और सोनीपत के बीच पहली बार हाइड्रोजन ट्रेन का सफल ट्रायल संभव हो सका।

इस ट्रायल का मुख्य उद्देश्य ट्रेन की इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस तथा ऑसिलेशन का परीक्षण करना था। इमरजेंसी ब्रेकिंग डिस्टेंस परीक्षण के तहत यह आकलन किया जाता है कि आपात स्थिति में ट्रेन निर्धारित गति से कितनी सुरक्षित दूरी में रुकती है। वहीं ऑसिलेशन परीक्षण के माध्यम से विभिन्न गति पर ट्रेन की स्थिरता, कंपन, संतुलन और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े तकनीकी मानकों का मूल्यांकन किया जाता है। ये दोनों परीक्षण किसी भी नई ट्रेन को व्यावसायिक परिचालन की अनुमति मिलने से पहले अनिवार्य सुरक्षा प्रक्रियाओं का हिस्सा हैं।

हाइड्रोजन ट्रेन के परीक्षणों की निगरानी रिसर्च डिज़ाइन्स एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइजेशन द्वारा की जा रही है। परीक्षण सफल रहने के बाद ट्रेन को आवश्यक तकनीकी मंजूरियां दी जाएंगी और इसके व्यावसायिक संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।

रेलवे द्वारा विकसित यह हाइड्रोजन ट्रेन देश की पहली स्वदेशी हाइड्रोजन फ्यूल-सेल आधारित यात्री ट्रेन है। इसमें हाइड्रोजन ईंधन से बिजली उत्पन्न होती है और संचालन के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन नहीं होता। इसके निकास से केवल जलवाष्प निकलती है, जिससे इसे पर्यावरण के अनुकूल परिवहन प्रणाली माना जा रहा है।रमंत्रालय का मानना है कि हाइड्रोजन तकनीक रेलवे को हरित और स्वच्छ ऊर्जा आधारित परिवहन की दिशा में नई पहचान देगी। इसके व्यावसायिक संचालन शुरू होने के बाद भारत जर्मनी, जापान, चीन और अन्य चुनिंदा देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा।

### नई दिल्ली में जुटेंगे सभी राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्री, योजनाओं की समीक्षा के साथ ही भविष्य की रणनीति तय होगी

# 28-29 जून को दिल्ली में होगा राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन 'विकसित ग्राम—विकसित भारत' पर होगा बड़ा मंथन

**विकसित भारत- जी राम जी, लखपति दीदी, सड़क, आवास और आजीविका पर राष्ट्रीय सम्मेलन में विस्तार से होगी चर्चा: शिवराज**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री



शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 28 और 29 जून को नई दिल्ली के पूसा स्थित भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय ग्रामीण विकास सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल होंगे, जहां गांवों के समग्र विकास, प्रमुख योजनाओं की समीक्षा और भविष्य की रणनीति पर व्यापक चर्चा की जाएगी।केंद्र सरकार ग्रामीण भारत के तेज, समावेशी और सतत विकास को नई दिशा देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा मंथन करने जा रही है। चौहान के नेतृत्व में पहली बार व्यापक रूप से आयोजित सम्मेलन-2026 में केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए गांवों के विकास के लिए साझा रणनीति तैयार की जाएगी। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य 'विकसित ग्राम, विकसित भारत' के विजन को जमीन पर उतारना है। इसके तहत विकसित भारत- जी राम जी अधिनियम-2025 के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं की बेहतर योजना-निर्माण प्रक्रिया पर ध्यान दिया जाएगा।सम्मेलन में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, ग्राम सड़क योजना, दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण कौशल विकास कार्यक्रम और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### सभी राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्री होंगे शामिल

इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें देश के सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्री भाग लेंगे। सम्मेलन में केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों, नीति-निर्माताओं और विभिन्न योजनाओं से जुड़े विशेषज्ञों की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी। इस राष्ट्रीय मंथन में राज्यों के अनुभव, नवाचार और जमीनी चुनौतियों पर खुलकर चर्चा होगी, जिससे नीतिगत स्तर पर मजबूत और व्यावहारिक समाधान सामने आ सकें।

### थीमैटिक सत्र और बेस्ट प्रैक्टिस पर फोकस

शिवराज सिंह ने कहा कि सम्मेलन के दौरान विभिन्न थीमैटिक और ब्रेकआउट सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें ग्रामीण आवास, सड़क कनेक्टिविटी, आजीविका, कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी। राज्यों द्वारा अपनाई गई सफल पहल और नवाचारों को साझा किया जाएगा, ताकि उन्हें अन्य राज्यों में भी लागू किया जा सके। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि 'लखपति दीदी' पहल के तहत स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, ग्रामीण उद्यमिता और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के उपायों पर विशेष चर्चा होगी। इसके साथ ही ग्रामीण युवाओं के कौशल विकास और बाजार से जुड़ाव पर भी फोकस रहेगा।

**तकनीक और एआई के उपयोग पर जोर**

चौहान ने बताया कि सम्मेलन में ग्रामीण विकास योजनाओं में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग को विशेष महत्व दिया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म, रियल टाइम मॉनिटरिंग, पारदर्शिता और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए विभिन्न तकनीकी समाधानों पर चर्चा की जाएगी, जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी और प्रभावशीलता लाई जा सके।

## इस्लाम अपना लिया तो नहीं मिलेगा पिछड़ी जाति का दर्जा, साथ ही आरक्षण का फायदा

एजेंसी ⏭ चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट ने हाल ही में धर्म परिवर्तन और आरक्षण को लेकर एक बेहद अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के उस आदेश को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है, जिसके तहत



हिंदू धर्म की पिछड़ी, अति-पिछड़ी या अनुसूचित जाति से इस्लाम अपनाने वाले लोगों को 'बैकवर्ड क्लास मुस्लिम' का दर्जा और आरक्षण देने की बात कही गई थी। जस्टिस जी आर स्वामीनाथन और जस्टिस पी बी बालाजी की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि कोई भी व्यक्ति इस्लाम अपनाने के बाद सिर्फ एक मुस्लिम होता है। कोई भी शख्स इस्लाम अपनाने के बाद सिर्फ 'एक मुसलमान' रह जाता है। बस बात यहीं खत्म। वह बैकवर्ड क्लास मुस्लिम के दर्जे या आरक्षण का दावा कतई नहीं कर सकता।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संगीता उर्फ रंजीता, पत्नी अशोक निवासी मकान नंबर 10/26, नेहरू नगर, लाजपत नगर, दिल्ली दूसरा पता मकान नंबर ए/749/13, गली नंबर 1, पश्चिमी रोहताश नगर, शाहदरा, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 49/2020 धारा 135 आई.ई एक्ट, थाना शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **संगीता उर्फ रंजीता** मिल नहीं रही है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **संगीता उर्फ रंजीता** फरार हो गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 49/2020 धारा 135 आई.ई एक्ट, थाना शाहदरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संगीता उर्फ रंजीता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **31.07.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री आशीष रस्तोगी
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-05, पूर्वी जिला, कोर्ट नं.21
प्रथम तल, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली
DP/8602/SHD/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) चरण सिंह उर्फ सोनू पुत्र दलबीर सिंह, (2) रश्मी शर्मा, निवासी म. नं. WZ-117/9, पहली मंजिल, किशन गर्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 412/2016, अन्तर्गत धारा 406 आईपीसी, थाना करोल बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) चरण सिंह उर्फ सोनू, (2) रश्मी शर्मा** मिल नहीं रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) चरण सिंह उर्फ सोनू, (2) रश्मी शर्मा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 412/2016, अन्तर्गत धारा 406 आईपीसी, थाना करोल बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) चरण सिंह उर्फ सोनू, (2) रश्मी शर्मा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.07.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
निशात बंगड़
न्यायिक न्यायधीश प्रथम श्रेणी—01
केन्द्रीय, कमरा नं. 180
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली
DP/8591/CD/2026
(Court Matter)

# शिक्षा विभाग की खरीद पर उठे सवालों की निष्पक्ष जांच कराए हरियाणा सरकार : कुमारी सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा के शिक्षा विभाग में सरकारी स्कूलों के लिए विज्ञान प्रयोगशाला (साइंस लैब) किट की खरीद को लेकर मीडिया में प्रकाशित खबरों पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यदि समाचार पत्रों में प्रकाशित तथ्यों में सच्चाई है, तो यह प्रदेश के बच्चों की शिक्षा और सरकारी धन दोनों के साथ गंभीर खिलवाड़ का मामला है।

उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार प्रदेश के 729 सरकारी स्कूलों के लिए खरीदी गई साइंस लैब किट में अनेक उपकरण बाजार और सरकारी खरीद पोर्टलों पर उपलब्ध कीमतों की तुलना में कई गुना अधिक दरों पर खरीदे गए। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि सबसे कम बोली लगाने वाली पात्र कंपनी को दरकिनार कर दूसरी कंपनी को लगभग 21 करोड़ रुपये का ठेका दिया गया। यदि ऐसा हुआ है, तो सरकार को पूरी प्रक्रिया सार्वजनिक करते हुए इसकी निष्पक्ष जांच करानी चाहिए।सांसद ने कहा कि सरकारी खरीद में पारदर्शिता, प्रतिस्पर्धा और वित्तीय अनुशासन सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत हैं। यदि उपलब्ध सरकारी पोर्टलों अथवा खुले बाजार में सामान कम कीमत पर उपलब्ध था, तो अधिक कीमत पर खरीद की अनुमति किन परिस्थितियों में दी गई, इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि टेंडर प्रक्रिया में सभी नियमों और वित्तीय मानकों का पालन हुआ या नहीं।

उन्होंने कहा कि समाचारों में यह भी दावा किया गया है कि संबंधित किट पिछले दो वर्षों से स्कूलों में उपयोग के बजाय पड़ी हुई हैं। यदि यह तथ्य सही है, तो इससे यह भी स्पष्ट होता है कि सरकारी धन खर्च करने के बावजूद विद्यार्थियों को उसका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाया। शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती।

कुमारी सैलजा ने राज्य सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं समयबद्ध जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और संबंधित पक्षों की जिम्मेदारी तय की जाए तथा जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों के भविष्य और जनता के धन से जुड़े मामलों में पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है।

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नियुक्ति की

# कांग्रेस ने हरियाणा, ओडिशा और उत्तरप्रदेश के प्रभारी बदले, संगठन में बड़ा फेरबदल

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संगठनात्मक फेरबदल करते हुए हरियाणा, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के लिए नए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। पार्टी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा हस्ताक्षरित नई नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। जारी आदेश के मुताबिक संजय दत्त को हरियाणा, लालजी देसाई को ओडिशा तथा राजेंद्र पाल गौतम को उत्तर प्रदेश का एआईसीसी प्रभारी नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व ने इन तीनों नेताओं को संबंधित राज्यों में संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों के समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी है। कांग्रेस ने साथ ही निवर्तमान प्रभारियों के योगदान की भी सराहना की है। वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी अविनाश पांडे, बी.के. हरिप्रसाद और अजय कुमार लल्लू द्वारा संगठन के लिए किए गए कार्यों की पार्टी सराहना करती है। राजनीतिक दृष्टि से इस फेरबदल को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि हरियाणा, ओडिशा और उत्तर प्रदेश तीनों ही राज्य कांग्रेस के लिए रणनीतिक रूप से अहम हैं। हरियाणा मुें नाव के बाद संगठन को पुनर्गठित करने, ओडिशा में पार्टी के जनाधार को मजबूत करने और उत्तर प्रदेश में संगठनात्मक ढांचे को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से इन नियुक्तियों को देखा जा रहा है। नवनियुक्त प्रभारी अब संबंधित राज्यों के प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व, जिला इकाइयों और विभिन्न मोर्चों के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान,चुनावी तैयारियों को गति देंगे। कांग्रेस नेतृत्व का मानना है प्रभारियों की नियुक्ति से राज्यों में संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। राजनीतिक रणनीति को मजबूती मिलेगी।



लालजी देसाई

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में सिसाय बोलान में राजकीय आईटीआई का निर्माण (बकाया कार्य) (जीएसटी के बिना)। | 25.06.2026 04.07.2026 | 84,28,528/- | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मंडल, चरखी दादरी के सम्बन्ध में हार्डवेयर मदों की आपूर्ति, एलडब्ल्यूएस यांत्रिकी मंडल, चरखी दादरी के सम्बन्ध में विद्युत मदों की आपूर्ति, वर्कशॉप डिवीजन, चरखी दादरी के सम्बन्ध में विद्युत मदों की आपूर्ति, महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, नारनौल के सम्बन्ध में हार्डवेयर मदों की आपूर्ति, महेन्द्रगढ़ जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, नारनौल के सम्बन्ध में विद्युत मदों की आपूर्ति। | 24.06.2026 08.07.2026 | 104 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडल हांसी | धरम खेड़ी :- गांव धरम खेड़ी, जिला हिसार में जलापूर्ति योजना का संवर्धन और वितरण प्रणाली बिछाना। "1 अदद आरसीसी एसएस टैंक का निर्माण, 0.50 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण, 2 अदद ब्रिक लाइनिंग एसएस टैंक का विखण्डन कच्चा एवं स्वच्छ जल हेतु आर.सी.सी. एस/डब्ल्यू का पुनर्निर्माण, नई चारदिवारी का निर्माण, इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक पथ का निर्माण, मौजूदा एसएस टैंक की मरम्मत, जल घर के अंदर खुला इनलेट चैनल का निर्माण, पम्प चेम्बर की मरम्मत, घरेलू कनेक्शन की बहाली, पम्पिंग मशीनरी, कच्चा जल व्यवस्था, 1 अदद आरसीसी रिटेंशन टैंक का निर्माण, प्रोप. 200 मिमी कच्चा जल आर/मेन, पम्पिंग मशीनरी, डीआई पाइप लाइन बिछाना एसवी हौदी और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य + 1 कार्य।" | 18.06.2026 01.07.2026 | 6,93,23,741/- | https://etenders.hry.nic.in | 1663256145 eehansi@gmail.com |
| 4 | वन पानीपत | पानीपत रेंज और समालखा रेंज में कैम्पा एनपीवी टीपी/रिज स्कीम का रखरखाव। | 24.06.2026 01.07.2026 | 32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8295112345 dfopanipat04@yahoo.co.in |
| 5 | लोनिवि भ व प शाखा फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में पीएसडी भुना के विभिन्न रोड (आईडी-5379, 5545, 5367) पर स्टॉर्म वाटर पाइप लाइन बिछाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए रोड कट का पुनरोद्धार। | 25.06.2026 02.07.2026 | 19,54,689/- | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 6 | भगत फूल सिंह राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | बीपीएस जीएमसी (डब्ल्यू) खानपुर कलां सोनीपत में कैंटीन सेवाओं + एक अन्य कार्यों के लिए निविदा। | 26.06.2026 06.07.2026 | ईएमडी 1,25,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |
| 7 | लोनिवि भ व प शाखा करनाल | घरौंडा जिला करनाल में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स के परिसर में 1 अदद 50 केवीए डी.जी. सैट का प्रावधान + 6 कार्य। | 23.06.2026 29.06.2026 | 1,11,75,900/- | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 8 | महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा (पंजीरी प्लांट घरौंडा) | वर्ष 2026-27 हेतु माइक्रोन्यूट्रियेंट्स प्रीमिक्स की खरीद के लिए दर अनुबंध (निविदा आईडी :- 2026_HRY_531999_1) | 26.06.2026 14.07.2026 | 6 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466703499 panjiriplantwcdgharaunda@yahoo.co.in |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | हरियाणा के राजकीय विद्यालयों में कक्षा-II-XII के लिए ड्यूअल डेस्क्स की अधिप्राप्ति के लिए वार्षिक दर अनुबंध की व्यवस्था करने हेतु निविदा। | 26.06.2026 27.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग चरखी दादरी | स्टोर में विभिन्न हार्डवेयर/विद्युत मदों की आपूर्ति के सम्बन्ध में। | बंद होने की तिथि 08.07.2026 | 16.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज पंचकूला | जसवंतगढ़ वार्ड नं. 19 : गांव जसवंतगढ़, जिला पंचकूला में रविदास मंदिर से शौखात के मकान तक फिरनी का निर्माण (वीएएनजीवाई 2025-26) + 4 कार्य। | 25.06.2026 02.07.2026 | 17,12,785/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 12 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग सिरसा | ओट्टू सेक्शन में आरडी 0 से 25288 टेल तक रानियां माइनर (लाइंड) की आंतरिक, बाहरी और गाद सफाई हेतु आकलन (खरीफ सीजन 2026 के लिए) + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 30.06.2026 | 6,64,081 | https://etenders.hry.nic.in | 1666235721 xenghaggar@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज पंचकूला | हथिया - ब्लॉक मोरनी, जिला पंचकूला में मेन रोड से गांव हथिया, जीपी उत्तरों तक गली का निर्माण (एसडीए 2025-26) + 3 कार्य। | 24.06.2026 02.07.2026 | 12,30,382/- | https://etenders.hry.nic.in | 7901797988 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 14 | वन सोनीपत | गोहाना रेंज में एमटीएस. के वानिकी कार्य, सोनीपत रेंज में एमटीएस. के वानिकी कार्य। | बंद होने की तिथि 30.06.2026 | 66,86,243/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302988833 dfosonipat@gmail.com |
| 15 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | (एलडीपीई/ब्लैक) 19946* अदद कंडम एलडीपीई ब्लैक कवर्स* एक एलडीपीई कवर का वजन : 56 कि.ग्रा. | 27.06.2026 27.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 16 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | (एमईसीएल/ब्ल्यू) 12314* अदद कंडम एमईसीएल ब्ल्यू कवर्स* एक एमईसीएल ब्ल्यू कवर का वजन : 37.500 कि.ग्रा. | 27.06.2026 27.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 17 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | (एमईसीएल टारपौलिंस) 34161* अदद कंडम एमईसीएल टारपौलिंस कवर्स* एक एमईसीएल टारपौलिंस का वजन : 18 कि.ग्रा.। | 27.06.2026 27.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 18 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | (एल्यूमीनियम फ्लास्क) 664841* अदद कंडम एल्यूमीनियम फ्लास्क* एक एल्यूमीनियम फ्लास्क का वजन : 120 ग्राम प्रति फ्लास्क। | 27.06.2026 27.07.2026 | एनए | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570123 supplies@hry.nic.in |
| 19 | सिंचाई विभाग, हिसार जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, हिसार | बीडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमंडल फतेहाबाद के आरडी 4750 लिफ्ट माइनर पर पीएच के 2 अदद वीटी पम्प्स 4 सीएस की मरम्मत। | 25.06.2026 01.07.2026 | 60,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com |
| 20 | कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा पंचकूला | आउटसोर्सिंग मैनपावर सेवाओं हेतु निविदा। | 25.06.2026 08.07.2026 | 2,00,000/- | www.agriharyana.gov.in | 7508169999 agriadmn11@gmail.com |
| 21 | भगत फूल सिंह राजकीय महिला चिकित्सा महाविद्यालय खानपुर कलां सोनीपत | लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन (एलएमओ) स्टोरेज वेसेल सिस्टम की आपूर्ति, प्रचालन, स्थापना और लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति + 10 अन्य कार्यों हेतु निविदा। | 26.06.2026 02.07.2026 | ईएमडी 1,66,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416803361 bpsgmc.purchase@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : **www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच-11/2027/420/46621/I/88/7 दि. 26.06.26

# फॉक्सवैगन में बड़ी छंटनी की तैयारी, 1 लाख नौकरियां खत्म करने की योजना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ऑडी और पोर्श जैसी लग्जरी कार बनाने वाली यूरोप की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी अब ग्लोबल स्तर पर लोगों को नौकरी से निकालने की तैयारी कर रही है। फॉक्सवैगन एजी को लग्जरी और स्पोर्ट्स कार बनाने के बारे में जाना जाता है। लैम्बोर्गिनी, स्कोडा और डुकाटी को भी इसी कंपनी ने बनाया है। यह कंपनी करीब 1 लाख लोगों को नौकरी से निकालने पर विचार कर रही है और कई कारखानों को भी बंद किया जा सकता है। मैनेजर मैगजिन की रिपोर्ट में कहा गया है कि यूरोप की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल कंपनी ज्यादा कम्प्टेटिव बनाने के लिए एक्स्ट्रा जॉब्स में कटौती की योजना बना रही है। छंटनी का ये प्लान कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओलिवर ब्लूम के प्रयासों का हिस्सा है।

### 657,000 लोग करते हैं काम

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस सप्ताह की शुरुआत में मैनेजिंग बोर्ड की बैठक के दौरान सीईओ ने एक प्रस्ताव पेश किया था, जिसके तहत कर्मचारियों की संख्या में दोगुनी कटौती करके 100,000 तक की छंटनी शामिल है। पोर्श और ऑडी की मालिक कंपनी फॉक्सवैगन ग्रुप में मौजूदा समय में लगभग 657,000 लोग काम करते हैं। सीईओ के इस नए प्रस्ताव को अगले महीने बोर्ड के सामने रखा जाएगा। ऐसे में फैसला अब सिर्फ बोर्ड के ऊपर है कि वह कितने लोगों की छंटनी पर मोहर लगाता है या फिर कोई अन्य रास्ता तलाश लेता है।

## यूरोप की सबसे बड़ी कंपनी अपने चार प्लांट भी बंद करेगी



### खर्चों में 11 अरब यूरो की कटौती करना है

रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी रणनीति में इस दशक के अंत तक सामान्य खर्चों में 11 अरब यूरो (12.5 अरब डॉलर) की कटौती करना है, जिस कारण इतने बड़े स्तर पर छंटनी की तैयारी चल रही है। वहीं मिड टर्म में जर्मनी में चार कारखाने बंद करना भी शामिल है। इनमें नेकरसुलम में ऑडी का एक कारखाना और हनोवर, ज़्विकाऊ और एम्डेन में वीडब्ल्यू के प्लांट शामिल हैं।

### कंपनी पर आया संकट

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फॉक्सवैगन समूह को और अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए कंपोनेंट प्लांटों और सबसे महत्वपूर्ण रूप से वीडब्ल्यू ब्रांड को अलग करने पर भी विचार कर रहे हैं। यह ब्रांड लंबे समय से कम मुनाफे से जूझ रहा है। कंपनी पर यह संकट तक आया है जब कंपनी अमेरिकी टैरिफ, चीन में लगातार कमजोर सेल और यूरोप में बीवाईडी और स्टेलेंटिस एनवी समेत कई कम्प्टेटिव प्लेयर आ गए हैं। जिस कारण कंपनी फाइनेंशियल दिक्कतों से जूझ रही है।

### आसान नहीं होगी छंटनी की राह

श्रमिक नेताओं ने नई योजनाओं का तुरंत विरोध किया है। कंपनी की श्रमिक परिषद और आईजी मेटल यूनियन के संयुक्त बयान के अनुसार, ये योजनाएं कर्मचारियों और उन क्षेत्रों में अशांति पैदा करती हैं जहां हम काम करते हैं। अगर ऐसी योजनाओं को आगे बढ़ाया जाता है, तो हम उनका पूरी ताकत से विरोध करेंगे। खैर रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि फॉक्सवैगन में छंटनी करना मुश्किल है। कार निर्माता कंपनी के बोर्ड में आधी सीटें श्रमिक प्रतिनिधियों के पास हैं और जर्मनी के लोअर सैक्सोनी राज्य (जो आमतौर पर श्रमिक संघों का पक्ष लेता है) के पास दो और सीटें हैं।

**PUBLIC NOTICE**

We, Mrs. Richa Goel W/o Mr. Manish Goel and Mr. manish Goel S/o Shri Surender Kumar both R/o D - 166, Second Floor, Anand Vihar, Delhi - 110092 have do hereby solemnly affirm and inform that we have dis - owned my son Mr. Shivansh Goel ( Aadhar : 6499-3528-5221) from my all moveable and Immoveable properties due to their mis - behave and non co-operative behaviour towards me and other family members. We will not be responsible for any liability of my son Mr. Shivansh Goel.

Richa Goel, Manish Goel

**NOTICE**
Pro. No. 2127/26
FAMILY COURT, NAGPUR
IN THE COURT OF Ninad Ranade
JUDGE, FAMILY COURT NO. 5, NAGPUR.
Nagpur (Urban), Nagpur
SUMMONS TO APPEAR IN PERSON (O.5, R.3)
PETITION A/955/2025
Saurabh Shriram Bagde Vs
Sujata Saurabh Bagde
NEXT DATE : 10-07-2026

To,
Sujata Saurabh Bagde,
R/o Flat No. 1181, 11th Floor,
Jasmine Tower, Gaur Saundaryam,
GH-5C, Techzone-04, Surajpur,
Gautam Buddhanagar,
(U.P.)-201009, UTTAR PRADESH.

Whereas Saurabh Shriram Bagde has instituted a suit against you for you are hereby summoned to appear in this Court in person on the 10-07-2026 at 11:00 o'clock in the forenoon, to answer the claim; and you are directed to produce on that day all the documents upon which you intend to rely in support of your defence.

Take notice that, in default of your appearance of the day before mentioned, the suit will be heard and determined in your absence.

Given under my hand and the seal of the Court, this 12-05-2026

Seal
Sd/- Dy. Registrar
FAMILY COURT NAGPUR
JUDGE FAMILY COURT NO. 5, NAGPUR
Vision4media 9767867322

## खबर संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 672.58 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 जून को समाप्त सप्ताह में 96.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 672.58 अरब डॉलर पर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.98 अरब डॉलर घटकर 671.62 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां (एफसीए) 3.07 अरब डॉलर घटकर 541.217 अरब डॉलर रह गईं।

### मुहर्रम के कारण भारतीय शेयर बाजार रहा बंद



**मुंबई।** भारतीय शेयर, मुद्रा और जिंस बाजार मुहर्रम के कारण शुक्रवार को बंद रहा। बंद के कारण व्यापारिक गतिविधियां देखने नहीं मिली। शनिवार और रविवार को शेयर बाजार बंद रहेगा। रोज की तरह शेयर बाजार में सोमवार को कामकाज होगा।

## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने जारी रिपोर्ट में कहा

# युद्धविराम कायम रहने से भारतीय कंपनियों पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर होगा आधा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान के बीच युद्धविराम कायम रहने और ऊर्जा आपूर्ति सामान्य बनी रहने से पश्चिम एशिया संघर्ष का भारतीय कंपनियों के लाभ पर पड़ने वाला असर शुरुआती आशंका की तुलना में लगभग आधा रह जाएगा। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने यह जानकारी दी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि उसे उम्मीद है कि यह संघर्ष वित्त वर्ष 2026-27 में भारतीय कंपनियों के परिचालन मुनाफे में लगभग एक प्रतिशत की कमी लाएगा। पहले लंबे समय तक संघर्ष जारी रहने और होर्मुज जलडमरूमध्य से आवाजाही बाधित होने की स्थिति में दो प्रतिशत की गिरावट का अनुमान लगाया गया था।

> वित्त वर्ष 2026-27 में कंपनियों के मुनाफे में एक फीसदी की कमी आएगी

## होर्मुज दोबारा खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई

### भू-राजनीतिक जोखिम अब भी बने हुए

'संशोधित अनुमान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका-ईरान के बीच हुए नाजुक समझौते के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा खुलने से कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई है। हालांकि, क्रिसिल ने आगाह किया कि भू-राजनीतिक जोखिम अब भी बने हुए हैं और गैस आपूर्ति को पूरी तरह सामान्य होने में अधिक समय लग सकता है।




### पहले छमाही की भरपाई दूसरी छमाही में

क्रिसिल रेटिंग्स के प्रबंध निदेशक सुबोध राय ने कहा, '' यदि युद्धविराम कायम रहता है, तो हमारे आकलन वाले 34 क्षेत्रों में से दो-तिहाई का न्यूनतम असर पड़ेगा। पहली छमाही के दबाव की भरपाई दूसरी छमाही में मुनाफे में सुधार से काफी हद तक हो जाएगी। हालांकि, संघर्ष बढ़ने का जोखिम बना हुआ है। इसलिए हमारा मानना है कि भारतीय कंपनियां सतर्क रहेंगी और आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने पर ध्यान देती रहेंगी।''

### क्रिसिल ने 34 क्षेत्रों का किया आकलन

क्रिसिल के 34 क्षेत्रों पर आधारित इस आकलन में यह पाया गया कि चालू वित्त वर्ष में ब्रेंट कच्चे तेल का औसत भाव 80-85 डॉलर प्रति बैरल रहेगा और गैस आपूर्ति में व्यवधान करीब चार महीने तक बना रहेगा। संशोधित परिदृश्य में अब केवल 10 क्षेत्रों की लाभप्रदता में उल्लेखनीय गिरावट आने की आशंका है, जबकि एजेंसी के पहले के तनावपूर्ण परिदृश्य में 22 क्षेत्रों पर असर का अनुमान था।

### गैस की उपलब्धता में धीरे-धीरे सुधार

एजेंसी ने कहा कि कच्चे तेल की कम कीमतें और गैस की उपलब्धता में धीरे-धीरे सुधार से अधिकतर उद्योगों को राहत मिलेगी। वहीं, सरकार का बुनियादी ढांचा खर्च और घरेलू मांग में स्थिरता राजस्व वृद्धि को समर्थन देते रहेंगे। तेल विपणन कंपनियां और उर्वरक विनिर्माता ऊर्जा कीमतों में नरमी के सबसे बड़े लाभार्थियों में शामिल हो सकते हैं।

### 45,000 करोड़ की शुद्ध कम वसूली

क्रिसिल का अनुमान है कि मार्च और मई के बीच सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं को 40,000-45,000 करोड़ रुपये की शुद्ध कम वसूली का सामना करना पड़ा। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के साथ चालू वित्त वर्ष में उनके फिर से परिचालन लाभ में लौटने की उम्मीद है। बेहतर परिदृश्य के बावजूद, क्रिसिल ने दो प्रमुख जोखिमों की ओर इशारा किया है।

### एनटीपीसी ने मॉरीशस में किया कंपनी का गठन

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने मॉरीशस में अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी 'एनटीपीसी एनर्जी लिमिटेड' का गठन किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनटीपीसी एनर्जी लिमिटेड प्रस्तावित फ्लोटिंग सौर फोटोवोल्टिक परियोजना को बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के साथ विकसित करेगी। इसके अलावा कंपनी मॉरीशस में बिजली परियोजनाओं और बिजली क्षेत्र से जुड़े अन्य कारोबार भी करेगी। एनटीपीसी (मॉरीशस) एनर्जी लिमिटेड' का गठन 26 जून, 2026 को किया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष गुप्ता पुत्रः नन्द किशोर पताः मकान नं. 56ए, गडेरिया मोहल्ला, सराय पिपल थला, आजादपुर, उत्तर पश्चिम, दिल्ली** ने case **FIR No. 31/2019 & Cr. Case No. 3376/2021 U/s 279/323/341/325/34 IPC, थानाः वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष गुप्ता** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 31/2019 & Cr. Case No. 3376/2021 U/s 279/323/341/325/34 IPC, थानाः वजीराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनीष गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद / मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 29.07.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री आकाश मोहन सिंह
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी–12
केन्द्रीय, रूम नं. 264, दूसरी मंजिल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8616/N/2026 (Court Matter)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **रविंदर, पुत्रः** भरत, **पताः** 220, शाहबाद, दौलतपुर शाहबाद डेरी, आउटर नॉर्थ दिल्ली, ने **FIR No. 648/2020 U/s 379/411 IPC थानाः शाहबाद डेरी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रविंदर** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रविंदर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 648/2020 U/s 379/411 IPC थानाः शाहबाद डेरी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **रविंदर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.08.2026** को या इसरो पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
जेएमएफसी–05, कमरा नंबर 114, पहली मंजिल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8523/ON/2026 (Court Matter)

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## एप्पल ने मैकबुक और आईपैड की कीमतें 20-42% तक बढ़ाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल ने मेमोरी चिप की बढ़ती लागत के कारण भारत सहित वैश्विक स्तर पर मैकबुक और आईपैड के सभी मॉडल की कीमतों में 20 से 42 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। एप्पल इंडिया की वेबसाइट पर जारी नई मूल्य सूची के अनुसार, कंपनी ने एम5 सीरीज चिप वाले मैकबुक प्रो की कीमत में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। एम5 प्रो चिप वाले 14 इंच के मैकबुक प्रो की कीमत 2,49,900 रुपये से बढ़ाकर 2,99,900 रुपये प्रति इकाई कर दी गई है। वहीं 13 इंच के आईपैड एयर के बेसिक मॉडल की कीमत में भी भारी बढ़ोतरी की गई है। इसकी कीमत 84,900 रुपये से 41.22 प्रतिशत बढ़ाकर 1,19,900 रुपये प्रति इकाई कर दी गई है। मेमोरी से लेकर प्रोसेसर तक चिप की कीमतें प्रभावित : इस पर मेमोरी से लेकर प्रोसेसर तक सेमीकंडक्टर चिप की बढ़ती कीमतों का प्रभाव पड़ा है। एप्पल ने बयान में कहा कि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहा है।

## के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी को टाइम्स हायर एजुकेशन में मिली वैश्विक पहचान

**नई दिल्ली ।** गुरुग्राम। के.आर. मंगलम यूनिवर्सिटी ने टाइम्स हायर एजुकेशन सस्टेनेबिलिटी इम्पैक्ट रेटिंग्स 2026 में उल्लेखनीय वैश्विक उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय ने दुनिया भर के 1,603 संस्थानों के बीच 601-800 के ओवरऑल ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी इम्पैक्ट बैंड में स्थान हासिल कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। यह उपलब्धि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता, जिम्मेदारीपूर्ण संस्थागत संस्कृति और सततता-आधारित शिक्षा की दिशा में उठाए गए कदमों को दर्शाती है। टाइम्स हायर एजुकेशन सस्टेनेबिलिटी इम्पैक्ट रेटिंग्स विश्व स्तर पर उच्च शिक्षण संस्थानों का मूल्यांकन करती हैं। इसमें शिक्षा, शोध, सुशासन, सामुदायिक सहभागिता, साझेदारी तथा परिसर में अपनाई गई सतत विकास संबंधी पहलों के आधार पर संस्थानों का आकलन किया जाता है। यह सम्मान इस बात का प्रमाण है कि के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने सतत विकास को अपनी नीतियों और कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनाया है।

## बजाज ऑटो में साइबर घटना के बाद कामकाज संचालित

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि 23 जून 2026 को सामने आई साइबर घटना के बावजूद उसकी सभी प्रमुख व्यावसायिक गतिविधियां सामान्य रूप से संचालित हो रही हैं। बजाज ऑटो ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि जांच जारी रहने के बावजूद वह कारोबार की निरंतरता और ग्राहकों, डीलर, विक्रेताओं तथा अन्य साझेदारों को निरंतर सेवाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान केंद्रित किए हुए है।

## राशिफल

**मेष** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।

**वृष** — कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।

**मिथुन** — कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**सिंह** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।

**कन्या** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।

**तुला** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।

**वृश्चिक** — कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

**धनु** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।

**मकर** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन** — परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शास्त्रा यूनिवर्सिटी का ओसाका यूनिवर्सिटी के साथ समझौता

**तंजावुर।** तंजावुर स्थित शास्त्रा यूनिवर्सिटी ने ओसाका स्थित ओसाका मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी के साथ दोनों यूनिवर्सिटी के बीच आपसी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते साइन किया। इस समझौते के दायरे में स्टूडेंट और फैकल्टी एक्सचेंज के साथ-साथ कई पहलों के ज़रिए भारत-जापान संबंधों को बढ़ावा देना भी शामिल है। इस समझौते पर शास्त्रा के उप-कुलपति एस. वैद्यसुब्रमण्यम और ओएमयू के प्रेसिडेंट प्रो. हिरोयुकी साकुरागी ने साइन किए। वैद्यसुब्रमण्यम ने कहा, ''यह एमओयू भारत-जापान संबंधों को मज़बूत करने की दिशा में एक अहम कदम है और यह सही समय पर हुआ है, क्योंकि अगले हफ़्ते द्विपक्षीय बातचीत के लिए प्रधानमंत्री सनाए तकाइची भारत आ रही हैं।'' ओएमयू के प्रेसिडेंट ने भी भारत और खासकर शास्त्रा के साथ मिलकर काम



करने के लिए अपनी गहरी प्रतिबद्धता ज़ाहिर की। इस एमओयू के साथ, शास्त्रा अब पाँच अन्य जापानी यूनिवर्सिटी - यूनिवर्सिटी ऑफ़ टोक्यो, हिरोशिमा यूनिवर्सिटी, टोक्यो सिटी यूनिवर्सिटी, शिमाने यूनिवर्सिटी और त्सुकुबा यूनिवर्सिटी - के साथ जुड़ गई है।

## रियल एस्टेट में निजी इक्विटी निवेश में 23 प्रतिशत गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश के रियल एस्टेट क्षेत्र में निजी इक्विटी (पीई) निवेश जनवरी-जून अवधि के दौरान 23 प्रतिशत घटकर 1.13 अरब डॉलर रह गया। नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। पिछले वर्ष की समान अवधि में निजी इक्विटी (पीई) निवेश 1.47 अरब डॉलर था। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, इस वर्ष की पहली छमाही में कुल पीई निवेश में कार्यालय परिसंपत्तियों की हिस्सेदारी 89 प्रतिशत रही जबकि शेष निवेश आवासीय क्षेत्र में हुआ।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत के जोन/एरिया में सड़कों की यांत्रिकृत और मैनुअल स्वीपिंग हेतु एजेंसी का चयन। | बंद होने की तिथि 15.07.2026 | 1,17,87,00,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 xenhortmcs@gmail.com |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46599/I/88/7 दि. 26.06.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्षीय दर अनुबंध पर ऑटोअकॉस्टिक एमिशन (ओएई) एनालाइजर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 26.06.2026 02.07.2026 | 88,00,000/- | www.hmscl.org.in | 8929299829 equipmentdgm[illegible]@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/46613/I/88/7 दि. 26.06.26


## शब्द पहेली - 6269



**बाएँ से दाए-**
1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**
2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

### शब्द पहेली -6268 का हल







# इक्वाडोर ने किया बड़ा उलटफेर
## 4 बार की चैंपियन जर्मनी को हराया

गोंजालो प्लाटा के 77वें मिनट में दागे गोल की बदौलत इक्वाडोर ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जर्मनी को 2-1 से हराकर 2006 के बाद पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाई।

- गोंजालो प्लाटा ने 77वें मिनट में दागा निर्णायक गोल
- जर्मनी को 2-1 से हराकर 2006 के बाद पहली बार नॉकआउट में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

अब मंगलवार को नॉकआउट चरण में मैक्सिको सिटी में उसका मुकाबला मैक्सिको से हो सकता है। अपने शुरुआती दो मैच जीतकर पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर चुकी चार बार की चैंपियन जर्मनी की टीम सोमवार को फॉक्सबोरो में अपना राउंड ऑफ 32 का मैच खेलेगी। टीम का मुकाबला पैराग्वे, ऑस्ट्रेलिया या स्वीडन में से किसी एक से होने की संभावना है। जर्मनी की लगातार जीत का सिलसिला इस हार के साथ 11 मैच पर रुक गया, जो 1979-80 में बने टीम रिकॉर्ड से बस एक मैच कम था।

## ऑस्ट्रेलिया ने खेला ड्रॉ, नॉकआउट में बनाई जगह

पैराग्वे के आगे बढ़ने की उम्मीद



सांता क्लारा। ऑस्ट्रेलिया ने पैराग्वे के साथ गोल रहित ड्रॉ खेलकर फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट में जगह पक्की की। पैराग्वे के लिए भी आगे बढ़ने की उम्मीद बढ़ गई है। टूर्नामेंट में अब 48 टीमें हैं और ग्रुप चरण में तीसरे स्थान पर रहने वाली 12 में से आठ टीम भी नॉकआउट राउंड में जगह बनाएंगी। इसी वजह से ग्रुप डी के अपने आखिरी मैच में दोनों टीमों ने सावधानी दिखाई क्योंकि तुर्की पर जीत के बाद दोनों के पास तीन-तीन अंक थे। इस मैच के विजेता को ग्रुप में अमेरिका के बाद दूसरा स्थान मिलना तय था। ऑस्ट्रेलिया ने ड्रॉ के साथ यह स्थान हासिल कर लिया क्योंकि उसका गोल अंतर पैराग्वे से बेहतर था लेकिन इस ड्रॉ से पैराग्वे को ग्रुप में चार अंक मिले, जो शायद नॉकआउट चरण में प्रवेश के लिए काफी होंगे। यह तीसरी बार है जब ऑस्ट्रेलिया नॉकआउट दौर में पहुंचा है। इससे पहले 2006 और 2022 में वे प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीन जुलाई को अर्लिंगटन में राउंड ऑफ 32 का मैच खेलेगी। उनका मुकाबला ग्रुप जी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा।



## पहली बार नॉकआउट में आइवरी कोस्ट

**फिलाडेल्फिया।** निकोलस पेपे के दो गोल की बदौलत आइवरी कोस्ट ने क्यूरासाओ को 2-0 से हराकर पहली बार फुटबॉल विश्व कप के नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। मैच के बाद आइवरी कोस्ट के खिलाड़ी खुशी से झूम उठे। वे टीम फोटो के लिए पिच पर घुटनों के बल बैठ गए और सभी ने एक अंगुली आसमान की ओर उठाई। यह इस पश्चिम अफ्रीकी टीम के विश्व कप नॉकआउट दौर में पहली बार पहुंचने की खुशी थी। स्टार फारवर्ड पेपे ने कहा, 'हम अपने लिए कोई सीमा तय नहीं कर रहे हैं। मुझे लगता है कि हमारे अंदर बहुत क्षमता है।' आइवरी कोस्ट की टीम अब नॉकआउट में 30 जून को ग्रुप आई में उप विजेता रहने वाली फ्रांस या नॉर्वे की टीम से भिड़ेगी।

**पेपे ने सातवें मिनट में दिलाई बढ़त**

पेपे ने मैच के सातवें मिनट में ही आइवरी कोस्ट को बढ़त दिला दी, जिसके बाद टीम ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा। आइवरी कोस्ट को आगे बढ़ने के लिए सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी लेकिन उन्होंने पूरे जोश के साथ खेला और क्यूरासाओ को बराबरी करने का कोई मौका नहीं दिया। आइवरी कोस्ट को स्टेडियम में दर्शकों का भरपूर समर्थन मिल रहा था और जब पेपे ने 64वें मिनट में बाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट मारकर जीत पक्की की तो नारंगी जर्सी पहने टीम के प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

## नीदरलैंड ग्रुप एफ में शीर्ष पर



**कन्सास सिटी।** ब्रायन ब्रॉबी ने विश्व कप में अपना तीसरा गोल किया जबकि ट्यूनीशिया के खिलाड़ियों ने दो आत्मघाती गोल दागे, जिससे नीदरलैंड ने बारिश के बीच 3-1 की जीत के साथ ग्रुप एफ के विजेता के तौर पर नॉकआउट चरण में जगह बनाई। विश्व कप के शुरुआती मैच में हार के बाद अपने कोच को हटाने वाला ट्यूनीशिया पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका था। शुरुआती कुछ मिनटों में ही तय हो गया कि चीजें ट्यूनीशिया के पक्ष में नहीं हो रहीं। डेन्जेल डमफ्रीज ने गोल के सामने से गेंद भेजी और ट्यूनीशियाई कप्तान एलिस स्खिरी ने उसे क्लियर करने की कोशिश में पैर से मारा लेकिन गेंद उनके ही गोल में चली गई। सातवें मिनट में ब्रॉबी ने स्कोर 2-0 कर दिया जब डच टीम को लगभग 25 गज की दूरी से फ्री किक मिली। वैन डाइक ने शानदार ढंग से हेडर से गेंद को बॉक्स के पार भेजा और ब्रॉबी ने गोलकीपर आयमेन डाहमेन के ऊपर से चिप करके गेंद को नेट में डाल दिया।

## जापान और स्वीडन ने खेला ड्रॉ, नॉकआउट में एंट्री

**अर्लिंगटन।** डाइजेन माएदा ने जापान को बढ़त दिलाई लेकिन 6 मिनट बाद एंथनी एलंगा ने बराबरी का गोल कर स्वीडन को 1-1 से ड्रॉ दिलाया, जिससे दोनों ही टीमें विश्व कप के नॉकआउट दौर में पहुंच गईं।

एलंगा ने 62वें मिनट में बॉक्स के दाहिने कोने के ठीक बाहर से बाएं पैर से दनदनाता हुआ शॉट लगाकर इस टूर्नामेंट में अपना दूसरा गोल किया और स्वीडन को नॉकआउट में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई। एलंगा ने



न्यूकासल के लिए 49 मैच में केवल तीन गोल किए हैं जबकि पिछले 32 प्रीमियर लीग मैच में कोई गोल नहीं किया है। इससे छह मिनट पहले माएदा ने पेनल्टी एरिया में रित्सु दोआन के बेहतरीन पास को बाएं पैर से रोका और आसानी से जैकब विडेल जेटरस्ट्रॉम को छकाते हुए दाहिने पैर से गोल दाग दिया। यह टूर्नामेंट में जापान का सातवां गोल था, जो किसी एक विश्व कप में देश का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## तुर्की की पहली जीत

**इंगलवुड।** कान आयहान ने मैच की आखिरी किक पर गोल किया और तुर्की ने अमेरिका को 3-2 से हराकर विश्व कप में अपनी एकमात्र जीत दर्ज की। ऑस्टन ट्रस्टी ने तीसरे मिनट में गोल करके अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन तुर्की ने आर्डा गुलेर (10वें मिनट) और बारिस अल्पर यिलमाज (31वें मिनट) के गोल की बदौलत स्कोर 2-1 कर दिया। अमेरिका ने 49वें मिनट में सबेस्टियन बरहाल्टर के गोल से बराबरी हासिल की लेकिन आयहान ने अंतिम लम्हों में गोल दागकर तुर्की की जीत सुनिश्चित कर दी। अमेरिकी टीम पहले ही पैराग्वे और ऑस्ट्रेलिया को हराकर ग्रुप डी जीतकर नॉकआउट में जगह बना चुकी थी। तुर्की ने शानदार खेल दिखाते हुए पहले हाफ में दो गोल की बदौलत दबदबा बनाया और अंततः रोमांचक जीत दर्ज करने में सफल रहा। तुर्की अपने पहले दो मैच हारने के बाद पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुका था जबकि आंकड़ों के लिहाज से उसने दोनों मैचों में काफी हद तक दबदबा बनाए रखा था।



## खबर संक्षेप

### रॉटरडैम डॉकर्स के सह-मालिक बने जॉन अब्राहम

**रॉटरडैम।** बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम रॉटरडैम डॉकर्स के सह-



मालिक बन गए हैं। यह उन छह फ्रेंचाइजी टीमों में से एक है, जो 26 अगस्त से 20 सितंबर तक होने वाली पहली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में भाग लेंगी। अब्राहम उस नेतृत्व समूह का हिस्सा बन गए हैं, जिसमें क्रिकेट जगत के दिग्गज खिलाड़ी जॉन्टी रोड्स, फाफ डु प्लेसी और हेनरिक क्लासेन के अलावा मैनेजिंग पार्टनर मधुकर शामिल हैं।

### 'ऑनलाइन ट्रोलिंग' बचाव से जुड़ी महिला क्रिकेटर

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सोशल मीडिया मंचों पर 'ट्रोलिंग' के बचाव से जुड़े 'प्लेयर प्रोटेक्शन प्रोग्राम' में 100 से अधिक महिला क्रिकेटरों ने पंजीकरण कराया है। आईसीसी ने इसके लिए एआई से संचालित 'मॉडरेटर' फ्रीडम2हियर के साथ साझेदारी की है, जिसने मौजूदा महिला टी20 विश्व कप के दौरान लगभग 60,000 'हानिकारक सामग्री' को हटाया है। आईसीसी ने कहा कि टूर्नामेंट की शुरुआत से अब तक 50 से अधिक नए खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है।

## टी-20: आयरलैंड ने पहली बार वर्ल्ड चैंपियन भारत को हराया

### पहला मुकाबला 34 रन से जीता, अभिषेक की फिफ्टी काम नहीं आई

भाषा ▶▶| बेलफास्ट

आयरलैंड ने आक्रामक बल्लेबाजी के बाद मैट हॉलार्ड (28 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में अनुशासित गेंदबाजी के दम पर दो मैचों की श्रृंखला में पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में शुक्रवार को यहां भारत को 34 रन से हराकर इतिहास रच दिया। मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारत के खिलाफ किसी भी प्रारूप में आयरलैंड की यह पहली जीत है। इसके साथ ही दो मैचों की श्रृंखला में उसने 1-0 की बढ़त बना ली। आयरलैंड के कप्तान लोर्कान टकर ने 36 गेंदों में 50 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्हें गेराथ डेलानी (32 गेंदों में 49 रन) का अच्छा साथ मिला। पहले बल्लेबाजी करते हुए आयरलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए नौ विकेट पर 182 रन बनाए। जवाब में



भारतीय बल्लेबाज क्रीज पर टिककर बल्लेबाजी नहीं कर सके और टीम 18.5 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा (50) ने 20 गेंदों में शानदार अर्धशतक लगाया, लेकिन दूसरे छोर से उन्हें कोई खास साथ नहीं मिला। आयरलैंड के लिए पदार्पण कर रहे तेज गेंदबाज जय मूंद्रा (26 रन पर दो विकेट) ने भारत को पहला झटका दिया। उन्होंने अपने मूल देश के खिलाफ संजू सैमसन (04) को बोल्ड कर पहली सफलता हासिल की। इसके बाद आयरलैंड के गेंदबाजों ने लगातार सटीक लेंथ पर गेंदबाजी की और भारतीय बल्लेबाज एक के बाद एक विकेट गंवाते रहे।


### इंडिया ए की मजबूत पकड़, 452 रन पर घोषित की पहली पारी

**गॉल।** इंडिया ए की टीम ने श्रीलंका ए के दौरे पर खेले जा रहे पहले चार दिवसीय मैच की पहली पारी में धमाल मचा दिया। इंडिया ए के लिए पहले दिन साई सुदर्शन (132) ने शतक जड़ा। इसके बाद दूसरे दिन इंडिया ए के कप्तान ध्रुव जुरेल (141) ने भी शतक जड़ दिया। जुरेल के अलावा शेख रशीद ने 63 रन बनाए, जिससे इंडिया ए ने छह विकेट पर 452 रन का विशाल स्कोर बनाने के बाद पहली पारी घोषित कर दी। गॉल के मैदान में इंडिया ए के कप्तान ध्रुव जुरेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इसके जवाब में साई सुदर्शन ओपनिंग करने आए और उन्होंने पहले दिन ही 175 गेंदों में 132 रन की शानदार पारी खेली। उनकी पारी की बदौलत इंडिया ए ने पहले दिन चार विकेट पर 333 रन बना लिए थे। दूसरे दिन जुरेल ने 68 रन और शेख रशीद ने 53 रन से आगे खेलना शुरू किया। रशीद ने दूसरे दिन 10 रन और जोड़कर 63 रन बनाए।

## 20 वर्षीय माया से भिड़ेंगी 44 साल की सेरेना

एजेंसी ▶▶| लंदन

सात बार की विम्बलडन एकल चैंपियन सेरेना विलियम्स सोमवार से शुरू हो रहे इस ग्रैंड स्लैम के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया की 20 वर्षीय माया जॉइंट से भिड़ेंगी। यह लगभग चार वर्षों के अंतराल के बाद इस टूर्नामेंट में उनका पहला एकल मुकाबला होगा। इस 44 वर्षीय दिग्गज को घसियाले कोर्ट पर खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए लिए वाइल्ड कार्ड मिला है। वह एकल के अलावा अपनी बड़ी बहन वीनस विलियम्स (46) के साथ युगल स्पर्धा में भी हिस्सा लेंगी। सेरेना की टेनिस में वापसी की शुरुआत दो युगल अभ्यास मुकाबलों से हुई थी, लेकिन रविवार को ऑल इंग्लैंड क्लब ने उनके एकल खेलने की घोषणा के साथ उनकी वापसी को नई गति मिली।



**29 जून से विम्बलडन का आगाज**

**वीनस के साथ युगल स्पर्धा में हिस्सा लेंगी सेरेना**

**2022 में खेला था पिछला एकल मुकाबला:** सेरेना ने अपना पिछला एकल मुकाबला 2022 के यूएस ओपन में खेला था, जहां उन्हें तीसरे दौर में अजला टोमल्यानोविच के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उस समय उन्होंने 'संन्यास' शब्द का इस्तेमाल करने से इनकार करते हुए कहा था कि वह टेनिस से दूर होकर अपने जीवन के नए चरण की ओर बढ़ रही हैं।

### एफआईएच प्रो लीग
## इंग्लैंड से पेनल्टी में हारा भारत

**लंदन।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को इंग्लैंड के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग मैच के नियमित समय में 2-2 से बराबर रहने के बाद पेनल्टी में 1-4 से हार झेलनी पड़ी। ली वैली हॉकी एवं टेनिस सेंटर में भारत के लिए दिलप्रीत सिंह (10वें और 58वें मिनट) ने दोनों गोल दागे जबकि इंग्लैंड के लिए डेविड गुडफील्ड (29वें मिनट) और निकोलस बांडुरक (56वें मिनट) ने गोल किए। बाद में शूटआउट में मेजबान टीम के लिए थॉमस सोर्सबी, जेम्स अल्बेरी और कप्तान जैकरी वालेस ने अपने मौकों को गोल में बदला। इसके अलावा एक मौके पर पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे भी वालेस ने गोल में बदला। शूटआउट में भारत के लिए एकमात्र गोल कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किया।

**पहला हाफ रहा रोमांचक :** इससे पहले नियमित खेल के दौरान पहला हाफ रोमांचक रहा क्योंकि दोनों टीमों ने गोल किए और कुछ मौके भी बनाए। भारत ने पहले क्वार्टर में अच्छी शुरुआत की और जल्द ही एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालांकि कप्तान हरमनप्रीत की ड्रैग फ्लिक को इंग्लैंड के गोलकीपर जेम्स माजारेलो ने रोक दिया।

## राइफल-पिस्टल स्पर्धाओं में शीर्ष पर भारत

**सुहल।** भारतीय निशानेबाजों ने आईएसएसएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप में 7 स्वर्ण पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर अपने अभियान का शानदार समापन किया, लेकिन शॉटगन स्पर्धा में उसे कोई पदक नहीं मिला। भारत ने 24 पदकों (सात स्वर्ण, आठ रजत और नौ कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर रहा। व्यक्तिगत तटस्थ खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण सहित 14 पदक जीते जबकि इटली ने छह स्वर्ण सहित 10 पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। भारत ने अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। सेजल कांबले ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हिमांशी ने कांस्य पदक हासिल किया।



## वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को 308 रन पर समेटा

**डिसिल्वा ने जड़ा 13वां टेस्ट शतक**

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंथ

कप्तान धनंजय डिसिल्वा के 13वें टेस्ट शतक के बावजूद वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन श्रीलंका को 308 रन पर समेट दिया। डिसिल्वा ने 168 गेंद में 17 चौकों से 120 रन की पारी खेली। उन्होंने उस समय दिनेश चांदीमल (54) के साथ चौथे विकेट के लिए 68 और सोनल दिनुशा (43) के साथ छठे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की जब टीम 42 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद संकट में थी।

मिलन रत्नायके (27) के साथ सातवें विकेट के लिए 64 रन और जोड़ने के बाद मेहमान टीम के कप्तान आखिरी सत्र में 120 रन पर आउट हो गए। जब 65वें ओवर में डिसिल्वा आउट हुए तब श्रीलंका का स्कोर सात विकेट पर 272 रन था और सात ओवर बाद उनकी पारी खत्म हो गई जब जेडन सील्स और जस्टिन ग्रीव्स ने निचले क्रम को समेटा।



### अमेरिकी ओपन: दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी को सीधे गेम में हराया

## रौनक ने किया उलटफेर, टिएन को हराया, क्वार्टर फाइनल में प्रवेश

एजेंसी ▶▶| फुलर्टन

युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रौनक चौहान ने अमेरिकी ओपन में बड़ा उलटफेर करते हुए चीनी ताइपे के दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी और शीर्ष वरीय चाउ टिएन चेन को सीधे गेम में हरा दिया। दुनिया के 80वें नंबर के खिलाड़ी रौनक ने टिएन को 21-17, 26-24 से हराया और इजराइल के मिशा जिल्बरमैन के साथ क्वार्टर फाइनल मुकाबला तय किया। भारत के 18 साल के रौनक ने शुरू से ही अपने अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी पर दबाव बनाए रखा। हालांकि टिएन 17-15 तक आगे रहे लेकिन इसके बाद रौनक ने लगातार छह अंक जीतकर पहला गेम अपने नाम कर लिया।



**दूसरे गेम में रौनक ने की वापसी**

दूसरे गेम में अधिकतर समय टिएन का दबदबा रहा और वह 17-11 से आगे थे लेकिन फिर रौनक ने लगातार छह अंक जीतकर जोरदार वापसी करते हुए स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें रौनक ने चार गेम प्वाइंट बचाए और फिर अपने दूसरे मैच प्वाइंट को भुनाते हुए 49 मिनट में जीत हासिल की।

### अंतिम आठ में तन्वी रक्षिता और देविका

महिला एकल में विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा, रक्षिता श्री और देविका सिहाग भी अंतिम आठ में पहुंच गईं। पांचवीं वरीय तन्वी ने चीनी ताइपे की तुंग सिउ तोंग को 21-12, 21-19 से हराया जबकि रक्षिता ने भी चीनी ताइपे की ही चेन सु यू को 21-4, 21-19 से शिकस्त दी। छठी वरीय देविका ने थाईलैंड की टोनरुग साएहेंग को 21-17, 21-19 से हराया। अनुभवी किदांबी श्रीकांत ने पुरुष एकल में मलेशिया के ली जी जिया को 21-14, 21-13 से हराकर भारत के लिए एक शानदार दिन का समापन किया।

## मनप्रीत-पूजा ने एशियन गेम्स टीम में पक्का किया टिकट

- भिवानी के कृष्णा कुमार ने रजत पदक पर कब्जा जमाया
- अंबाला की मनप्रीत ने गोल्ड और फतेहाबाद की पूजा ने रजत जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में आयोजित की जा रही 65वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का गौरव बढ़ाया है। 5 दिवसीय (24 जून से 28 जून) इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में हरियाणा के करीब 70 खिलाड़ियों का दल भाग ले रहा है। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने बताया कि अंबाला की होनहार खिलाड़ी मनप्रीत कौर ने शॉट पुट इवेंट में 17 मीटर 75 सेंटीमीटर की शानदार थ्रो कर स्वर्ण





पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही उन्होंने एशियन गेम्स क्वालीफाइंग स्टैंडर्ड को हासिल कर भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है, और अब वे जापान में भारतीय ध्वज फहराएंगी। महिला वर्ग की 800 मीटर दौड़ में फतेहाबाद की पूजा ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 2 मिनट 04 सेकेंड और 37 माइक्रोन का समय निकालकर रजत पदक जीता। इसके साथ ही उन्होंने भी एशियन गेम्स टीम में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया। इस रेस का स्वर्ण पदक तमिलनाडु की गौतमी जयारमन (2:04.17) और कांस्य पदक उत्तराखंड की लिली दास (2:04.59) ने जीता। इन तीनों ही धावकों ने एशियन गेम्स क्वालीफाइंग स्टैंडर्ड को अचीव किया है। वहीं, पुरुष वर्ग की 800 मीटर दौड़ में भिवानी (हरियाणा) के कृष्णा कुमार ने 1 मिनट 48 सेकेंड और 82 माइक्रोन के समय के साथ रजत पदक पर कब्जा जमाया। हरियाणा के खिलाड़ियों का जलवा डिस्कस थ्रो (चक्का फेंक) में भी देखने को मिला। भिवानी के निर्भय सिंह ने 55 मीटर 26 सेंटीमीटर की थ्रो के साथ रजत पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। 57 मीटर 37 सेंटीमीटर की थ्रो के साथ और कांस्य पदक दिल्ली के अर्जुन ने 54 मीटर 90 सेंटीमीटर की थ्रो के साथ जीता। इस शानदार सफलता पर ग्रीवेंस कमेटी एएफआई के सदस्य राजकुमार मिटान, एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह, और टीम कोच व मैनेजर जसवंत सिवाच एवं अजय कुमार ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## गोयल की लंदन में व्यापार मंत्री काइल से भेंट

# भारत और यूके के बीच जुलाई मध्य से लागू होगा 'सीईटीए'

एजेंसी ▸▸ लंदन

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत और यूके एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दोनों देशों के लिए इनोवेशन, निवेश और व्यापक विकास को बढ़ावा दे। बिजनेस और ट्रेड सेक्रेटरी पीटर काइल के साथ बातचीत के बाद गोयल ने कहा कि इस बातचीत में वह आत्मीयता, भरोसा और भविष्य की सोच दिखी, जो हमारी द्विपक्षीय साझेदारी की पहचान बनी हुई है। 15 जुलाई, 2026 से भारत-यूके कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट (सीईटीए) और डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन (डीसीसी) के लागू होने के साथ, हम एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो दोनों देशों के लिए इनोवेशन, इन्वेस्टमेंट और व्यापक विकास को बढ़ावा दे। उन्होंने कहा कि सीईटीए दोनों देशों में विकास और समृद्धि के लिए बड़े अवसर पैदा करेगा।

**दोनों देशों में विकास और समृद्धि के लिए बड़े अवसर पैदा करेगा**

**दोनों देश टेक्नोलॉजी, निवेश, रक्षा और जरूरी खनिजों में सहयोग करेंगे**



### अहम समझौते का फायदा उठाएं

इससे पहले, पीयूष गोयल ने एक व्यापार जगत से जुड़े कार्यक्रम को संबोधित किया जिसमें भारत और यूके, दोनों देशों के बिजनेस लीडर्स और इन्वेस्टर्स ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। गोयल ने कहा सीईटीए व्यापार, निवेश, टेक्नोलॉजी और रणनीतिक सेक्टर में दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करके वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक 'फोर्स मल्टीप्लायर' साबित होगा। उन्होंने निवेशकों और व्यापार प्रमुख से इस अहम समझौते का पूरा फायदा उठाने का आग्रह किया ताकि सहयोग को गहरा किया जा सके, व्यापार और निवेश को बढ़ाया जा सके और अलग-अलग सेक्टर में इनोवेशन को बढ़ावा दिया जा सके। इससे पहले, लंदन में इंडिया ग्लोबल फोरम के यूके-इंडिया वीक 2026 में बोलते हुए, गोयल ने कहा कि भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच साझेदारी पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ी है और अब यह कई सेक्टर को शामिल करते हुए एक बहुत ही रणनीतिक रिश्ते में बदल गई है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध अब पारंपरिक व्यापारिक रिश्तों से आगे बढ़कर टेक्नोलॉजी, निवेश, रक्षा और जरूरी खनिजों में सहयोग तक फैल गए हैं। दोनों देशों के बीच बढ़ता जुड़ाव भारत-यूके साझेदारी की बढ़ती गहराई और विस्तार को दिखाता है।

### गोयल को लंदन में ब्रिटेन-भारत पुरस्कार से नवाजा गया

पीयूष गोयल को 'ब्रिटेन-भारत संबंधों के उन्नयन में असाधारण नेतृत्व दिखाने' के लिए यहां एक समारोह में सम्मानित किया गया। इस समारोह में दोनों देशों की मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत करने वाली टीमों को भी सम्मानित किया गया। इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के 'यूके-इंडिया अवार्ड्स 2026' की गुरुवार को दसवीं वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर 'भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते' (सीईटीए) के लिए खुशी मनाई गई, जो 15 जुलाई से लागू होने वाला है। विशेष पुरस्कार लेते समय गोयल के साथ मंच पर ब्रिटेन के उनके समकक्ष मंत्री पीटर काइल और आईजीएफ के संस्थापक मनोज लाड़वा भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### शंखमित्रा का सालाना 7500 करोड़ का पैकेज



**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के शंख मित्रा दुनिया के दूसरे सबसे महंगे सीईओ हैं। कोलकाता से अपनी पढ़ाई शुरू करने वाले शंख मित्रा अमेरिका की प्रमुख रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट कंपनी वेलटावर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं। यह कंपनी वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवास, हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर और देखभाल से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराती है। मित्रा का कुल वार्षिक वेतन पैकेज लगभग 821 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 7,750 करोड़ रुपए आंका गया है। अगर इस पैकेज को औसत के आधार पर देखा जाए तो उनकी मासिक कमाई करीब 645 करोड़ रुपए से अधिक और प्रतिदिन औसतन 21 करोड़ रुपए से ज्यादा बैठती है।

### केइको पेरू की पहली महिला राष्ट्रपति बनेंगी



**लीमा।** केइको फुजीमोरी पेरू की पहली महिला राष्ट्रपति बनने जा रही हैं। केइको वो शख्स हैं, जो 19 वर्ष की आयु में पेरू की फर्स्ट लेडी की जिम्मेदारी भी निभा चुकी हैं। वे वे 28 जुलाई को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रपति बनने जा रही हैं। वे पेरू के पूर्व राष्ट्रपति अल्बर्टो फुजीमोरी की बेटी हैं। 2018 में चुनावी फंडिंग मामले में केइको फुजीमोरी को जेल हो गई। वे जेल से ही अपनी दोनों बेटियों को चिट्ठी लिखती थीं। अपने पिता की तरह वे भी बेटियों से कहती थीं कि वो पढ़ाई पर ध्यान दें। करीब 13 महीने बाद वे रिहा हुईं और राजनीति में सक्रिय हुईं।

## यूएनएससी में बोले पी. हरीश, शिक्षा का अधिकार संघर्ष के समय पर भी बरकरार रहना चाहिए

# स्कूलों और बच्चों को बेधड़क निशाना बनाने वालों की जवाबदेही तय होनी चाहिए: भारत

- **बिना किसी जवाबदेही के बच्चों की सुरक्षा के कोई मायने नहीं, वह अधूरी है**

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



पश्चिम-एशिया और खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध के शुरुआती दिन, 28 फरवरी 2026 को अमेरिका द्वारा ईरान के मिनाब शहर के एक प्राथमिक गर्ल्स स्कूल पर किए गए मिसाइल हमले में कुल 175 मासूम बच्चों (शिक्षकों सहित) की बेहद दर्दनाक मौत हो गई थी यह घटना इतनी हृदयविदारक थी कि इसने हर किसी को अंदर तक झकझोर कर रख दिया था। अब इसके ठीक साढ़े तीन महीने से अधिक समय बीतने के बाद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत ने दो टूक अंदाज में मांग की है कि बच्चों और स्कूलों को बिना किसी डर या घबराहट के निशाना बनाने वालों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। क्योंकि इसके बिना बच्चों की सुरक्षा अधूरी है। बीते बुधवार को परिषद में एक खुली बहस हुई और उसका विषय सशस्त्र संघर्ष से प्रभावित बच्चों की शिक्षा के रोकथाम, सुरक्षा को मजबूत करना: आर्दशवादी प्रतिबद्धताओं से प्रभावी कार्यान्वयन रखा गया था। नई दिल्ली की तरफ से इसमें संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि और वरिष्ठ राजनयिक पर्वतनेनी हरीश ने भाग लिया। उन्होंने अपने बयान में हालांकि कहीं पर भी अमेरिका का नाम नहीं लिया। लेकिन परिषद के माध्यम से पूरी दुनिया को यह जरूर बता दिया कि भारत ने बच्चों के लिए शिक्षा को मूलभूत अधिकार के रूप में संवैधानिक रूप से लागू कर अमलीजामा पहनाया है।

### संघर्ष में कायम रहे शिक्षा का अधिकार

*हरीश ने यह भी कहा कि शिक्षा का अधिकार संघर्ष के समय पर भी बरकरार रहना चाहिए। हमारा देश संघर्ष में बच्चों की सुरक्षा, उनके सीखने, आगे बढ़ने के अलावा पूर्ण क्षमता प्राप्त करने के अधिकार को बनाए रखने को लेकर प्रतिबद्ध है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव की एक हालिया समय में आई रिपोर्ट (चिल्ड्रन एंड आर्म्ड कनफ्लिक्ट) में भी ऐसे मामलों को लेकर बेहद चौंकाने वाले खुलासे किए गए हैं। जिसमें उन्होंने खासतौर पर बीते वर्ष 2025 का जिक्र करते हुए कहा है कि पिछले साल सशस्त्र संघर्ष में बच्चों के अधिकारों का बड़े पैमाने पर उल्लंघन हुआ है।*

### यह है यूएन का चौंकाने वाला डेटा

*2025 में संघर्ष के दौरान बच्चों के अधिकारों से जुड़े 38 हजार 558 गंभीर उल्लंघन के मामले सामने आए हैं। यह सभी पुष्ट मामले हैं, जिनसे 24 हजार 174 बच्चे प्रभावित हुए हैं। यह आंकड़ा 2024 में 3137 की तुलना में 2025 में 3176 के साथ तेजी से आगे बढ़ा है। इसके अलावा कुल 24 हजार 174 मामलों में 15 हजार 493 लड़के, 7 हजार 990 लड़कियां और 691 अज्ञात लिंग वाले लोग शामिल हैं। भारतीय राजनयिक ने यह भी कहा कि 473 मिलियन बच्चों में विश्व में छह में से एक संघर्ष वाले क्षेत्रों में ही रहते हैं या इनकी वजह से वहां से चले गए हैं। साथ ही 85 मिलियन से अधिक ऐसे हैं, जिनकी शिक्षा तक कोई पहुंच नहीं है। बच्चों की शिक्षा के संरक्षण से राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित रह सकता है।*

### ट्रंप ने पहले मांगी माफी, फिर मांगा सबूत

*मिनाब के गर्ल्स स्कूल पर हमले को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति ने दुनिया के सामने दो ऐसे विरोधाभासी बयान दिए हैं। जिन्होंने सभी को पूरी तरह से असमंजस में डाल दिया है। पहले में उन्होंने इस हमले को लेकर माफी मांगी थी। लेकिन बाद में उन्होंने कहा कि जिस वक्त यह हमला हुआ था। उस दौरान कई मिसाइलें चल रही थी। ऐसे में यह जरूरी नहीं कि हमला अमेरिकी मिसाइल से ही हुआ हो। हो सकता है कि यह किसी और की मिसाइल से हुआ हो। फिलहाल अमेरिकी मिसाइल से ही यह हमला हुआ है, इस बात के अभी तक कोई सबूत नहीं मिले हैं।*

## विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा, दिल्ली में होगा वार्षिक शिखर सम्मेलन

# अगले सप्ताह से भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर जापान की पीएम ताकाइची

**बातचीत में व्यापार-निवेश और रक्षा जैसे विषय मुख्य रूप से शामिल होंगे**



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची की अगले सप्ताह 1 से 3 जुलाई तक होने वाली भारत की यात्रा के बारे में जानकारी दी है। जिसमें यह भी बताया कि पीएम ताकाइची का यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण पर किया जा रहा है। जिसके तहत नई दिल्ली में 16वां भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जापानी प्रधानमंत्री की यह यात्रा एक प्रकार से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने के उपायों की तलाश करने को लेकर भी मददगार साबित होगी। जिसमें व्यापार-निवेश और रक्षा जैसे विषय मुख्य रूप से शामिल हैं। पीएम मोदी और जापान की पीएम ताकाइची शिखर सम्मेलन में अपने-अपने देशों का नेतृत्व करेंगे। साथ ही वार्ता में दोनों दिग्गज नेताओं के बीच आपसी संबंधों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के अलावा साझा हितों से संबंधित क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। ज्ञात हो कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र (आईपीआर) में चीन की बढ़ती दादागिरी के बीच जापान की प्रधानमंत्री का भारत का यह महत्वपूर्ण दौरा होने जा रहा है। इलाके में उसका जापान के साथ क्षेत्राधिकार को लेकर तनाव जारी है। वहीं, भारत के भी चीन के साथ समय-समय पर पश्चिमी से लेकर पूर्वी सीमा तक के क्षेत्र में सैन्य संघर्ष के मामले देखने को मिलते रहते हैं। जिन्हें हालांकि बातचीत और कूटनीति के माध्यम से हल किया जाता है।

### प्रगाढ़ होगी रणनीतिक साझेदारी


*मंत्रालय ने बताया कि यह पहला मौका होगा कि जब जापान की प्रधानमंत्री भारत की यात्रा करेंगी। उनकी यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वर्ष 2025 में की गई टोक्यो की यात्रा के तुरंत बाद हो रही है। जिसमें उन्होंने 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भागीदारी की थी। यह आयोजन एक प्रकार से दोनों देशों की विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को और अधिक आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को भी साफ तौर पर प्रदर्शित करता है।*

# भारत समेत 35 देशों ने एआई अवसर संबंधी संयुक्त घोषणा-पत्र पर किए साइन

- **अमेरिका में दूसरे पैक्स सिलिका शिखर सम्मेलन का आयोजन**

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

भारत सहित 35 देशों ने कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकियों को गति देने के लिए विश्वसनीय और मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करने की अमेरिकी पहल का समर्थन करते हुए 'एआई अवसर संबंधी संयुक्त घोषणा-पत्र' पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका के आर्थिक मामलों के अवर



विदेश मंत्री जैकब हेलबर्ग ने बताया कि गुरुवार को आयोजित द्वितीय पैक्स सिलिका शिखर सम्मेलन में 35 देशों ने आपसी प्रतिबद्धता जताई।

### एआई क्रांति को मिलेगी शक्ति

*हेलबर्ग ने कहा कि यह एमओयू आने वाली सदी की एआई क्रांति को शक्ति प्रदान करेगा। हम सब मिलकर ऐसे एआई भविष्य का निर्माण करना चाहते हैं, जो हमारे नागरिकों की सेवा करे, हमारी अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत बनाए तथा उद्यमिता, नवाचार और कानून के शासन को सशक्त करे। शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन, विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (अमेरिका) नागराज नायडू तथा भारतीय उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने किया।*

### क्वात्रा ने की व्यापारिक संबंधों पर चर्चा

*अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की 'वेज एंड मीन्स कमेटी' के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को और मजबूत बनाने के रास्तों पर चर्चा की। 'वेज एंड मीन्स कमेटी' अमेरिकी कांग्रेस की सबसे पुरानी समिति है और प्रतिनिधि सभा में कर संबंधी कानून का मसौदा तैयार करने वाली प्रमुख समिति मानी जाती है। उन्होंने कहा कि हमने विचारों का आदान-प्रदान किया और व्यापारिक साझेदारी को और अधिक विस्तारित तथा गहरा बनाने के लिए आगे की दिशा पर चर्चा की।*

## जेजू फोरम 2026 में बोले जयशंकर

# वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय 'सहयोग' अब अनिवार्य

एजेंसी ▸▸ सियोल



रिपब्लिक ऑफ कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के निमंत्रण पर दक्षिण कोरिया के आधिकारिक दौरे पर गए भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को जेजू में शांति और समृद्धि के लिए जेजू फोरम फॉर पीस एंड प्रॉस्पेरिटी 2026 के उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण दिया। इस अवसर पर जयशंकर ने कहा कि विडंबना यह है कि जिन चुनौतियों का हम सामना कर रहे हैं, उन्होंने एकजुटता की आवश्यकता को और अधिक मजबूत किया है। चाहे कोविड जैसी महामारी हो, आतंकवाद की घटनाएं हों या फिर चरम जलवायु घटनाओं का प्रभाव, इन समस्याओं को राजनीतिक सीमाओं के भीतर सीमित नहीं किया जा सकता। अंतरराष्ट्रीय सहयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि क्योंकि हमारी मुख्य पहचान और फैसले लेने की आदत असल में देश से जुड़ी है, इसलिए यह अपने आप नहीं होता।

## अप्रवासन मंत्री बोडस्कोव का ऐलान

# अजान पर रोक लगाएगा डेनमार्क 'इस्लामीकरण' बढ़ने पर चिंता जताई

एजेंसी ▸▸ कोपेनहेगन



यूरोपीय देश डेनमार्क अजान को लेकर एक बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत सरकार ने देशभर में लाउडस्पीकर पर अजान देने पर रोक लगाने की योजना है। डेनमार्क के अप्रवासन मंत्री मॉर्टन बोडस्कोव ने इस योजना का ऐलान किया है। बोडस्कोव ने ने कहा कि देश के कुछ हिस्से अब ऐसे लगने लगे हैं जैसे वे पाकिस्तान की इस्लामाबाद के मोहल्ले हों। देश में धीरे-धीरे बढ़ रहा 'इस्लामीकरण' सार्वजनिक जगहों पर बहुत ज्यादा जगह घेर रहा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109